3 राजधानी
शाम को बढ़ी ठिठुरन सर्दी ने लिया यूटर्न

6 अभिमत
तकनीक से न्याय व्यवस्था में तेजी

10 विदेश
कर हेराफेरी विवाद में सुनक ने पार्टी अध्यक्ष को बर्खास्त किया

11 राष्ट्रीय
मिराज का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 86
नई दिल्ली, सोमवार, 30 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर


www.dailypioneer.com



जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता
स्पोर्ट्स-12

# ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री की गोली मारकर हत्या

- एएसआई गिरफ्तार, गंभीर गंभीर हालत में एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर ले जाया गया था, लेकिन नहीं बची जान
- आरोपी पिछले सातआठ साल से है मानसिक रूप से बीमार
- प्रधानमंत्री और ओडिशा के मुख्यमंत्री ने निधन पर जताया शोक




नब किशोर दास (इनसेट) के परिजन को सांत्वना देते ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक

**पायनियर समाचार सेवा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा** के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नब किशोर दास की रविवार को गोली लगने से मौत हो गई। इससे पहले दिन में एक पुलिस अधिकारी ने झारसुगड़ा जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दास को कथित तौर पर गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

दास को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि पुलिस अधिकारी को हिरासत में ले लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी पुलिस अधिकारी पिछले सात-आठ सालों से मानसिक बीमारी से जूझ रहा है। मंत्री को एयर एम्बुलेंस द्वारा भुवनेश्वर ले जाया गया और वहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की एक टीम ने उनका ऑपरेशन किया। अस्पताल ने एक बयान में कहा, ऑपरेशन के बाद पता चला कि एक गोली उनके शरीर में घुसकर बाहर निकल गई थी, जिसके कारण उनका दिल और बायां फेफड़ा क्षतिग्रस्त हो गया तथा बड़ी मात्रा में अंदरुनी रक्तस्राव हुआ। बयान के अनुसार, जख्मों का उपचार किया गया और हृदय की गति में सुधार के लिए कदम उठाए गए।

गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका उपचार किया गया। लेकिन, तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने दम तोड़ दिया। रिपोर्ट के मुताबिक दास को बाएं तरफ सीने में गोली लगी, जबकि उनकी सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी भी फायरिंग के दौरान जख्मी हो गया। ब्रजराजनगर के एसडीपीओ गुप्तेश्वर भोई ने पत्रकारों को बताया ' सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) गोपाल दास ने मंत्री पर फायर कर दिया, जिसमें मत्री जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।' यह पता लगाने के लिए एएसआई ने किन वजहों से फायरिंग की, एक जांच शुरू की गई है। घटना से संबंधित एक वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि दास के सीने से रक्तस्राव हो रहा है। कुछ लोग घायल मंत्री को उठाएं हुए है तथा ऐसा लग रहा है कि बेहोशी की हालत में हैं। उन्हें कार की अगली सीट पर बैठाया जाता है (शेष पेज 8)

# श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहरा कर राहुल ने किया यात्रा का समापन

## आज आयोजित कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक विपक्षी पार्टियां लेंगी भाग, टीएमसी, सपा और टीडीपी नहीं होंगी शामिल

- कहा-चीन से सख्ती से निपटने जरूरत, शाह को जम्मू से श्रीनगर तक पदयात्रा की दी चुनौती
- कांग्रेस नेता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली को बताया मौलिक अधिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/श्रीनगर



श्रीनगर में लालचौक पर झंडा फहराते कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहरा कर 3,500 किमी चलने वाले भारत जोड़ो यात्रा का समापन किया। लाल चौक पर संक्षिप्त समारोह में भाग लेने के बाद राहुल ने अपनी टाइम लाइन पर ट्विट किया 'लाल चौक पर तिरंगा फहराकर भारत से किया गया वादा पूरा किया।

नफरत हारेगी और प्यार हमेशा जीतेगा। भारत में उम्मीदों के एक नए सूरज का उदय होगा।' करीब 75 साल पहले उनके परनाना जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। पहले योजना थी कि राहुल श्रीनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर तिरंगा फहराएंगे। पिछले हफ्ते कांग्रेस ने कहा था कि लाल चौक पर झंडा फहराना 'आरएसएस के एजेंडे का हिस्सा' है। लेकिन जब उसके नेताओं को लाल चौक के ऐतिहासिक महत्व का एहसास हुआ तो अंतिम मिनट पर योजना बदल दी गई। यात्रा के समापन के मौके पर कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है जो यह बताएगी कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर राहुल गांधी ने किस हद तक विपक्ष को एकजुट किया है। ध्वजारोहण के दौरान राहुल के साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा जम्मू-कश्मीर के पाटी नेताओं ने भाग लिया। 10 मिनट के इस कार्यक्रम के लिए जबरदस्त सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। शनिवार से ही पूरे लाल चौक सील कर दिया गया था तथा वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई थी।

सोमवार को समापन कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक विपक्षी पार्टियां भाग लेंगी। द्रमुक, एनसीपी, राजद, शिवसेना, माकपा, भाकपा, वीसीके, केरल कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी तथा जेएमएम ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है, जबकि तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा टीडीपी कार्यक्रम में भाग नही लेंगी। कांग्रेस ने आप, बीआरएस, बीजद और अकाली दल को आमंत्रित नहीं किया है, ये सभी पार्टियां अपने अपने राज्यों में कांग्रेस की कट्टर प्रतिद्वंदी है। वहीं संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चीन के साथ सख्ती से निपटने और स्पष्ट करने की जरूरत है कि हम यह बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं कि वह हमारी जमीन पर बैठा हुआ है। सरकार लगातार इससे इनकार करती रही है कि चीन ने हमारी जमीन नहीं ली है और उसका (शेष पेज 8)

# तीनों सेनाओं के बैंड की धुनों पर झूमा विजय चौक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बारिश और खराब मौसम के बीच बीटिंग द रिट्रीट समारोह का आयोजन, प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री ने की राष्ट्रपति की अगवानी

**बारिश** और खराब मौसम के बीच रविवार को विजय चौक पर शानदार बीटिंग द रिट्रीट समारोह का आयोजन किया गया। इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह की औपचारिक समाप्ति हो गई।

राष्ट्रपति भवन के पास विजय चौक पर सशस्त्र बलों के जवानों द्वारा ढोल और मार्शल संगीत की तेज धुनों ने वातावरण में गर्मजोशी भर दी और दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समारोह में शिरकत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के साथ फुट-टैपिंग संगीत से समारोह की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बारिश होती रही। इसके बावजूद कलाकार एक से बढ़कर एक धुन बजाते रहे। हालांकि, खराब मौसम के कारण ड्रोन शो रद्द कर दिया गया। समारोह समाप्त होने के बाद जब बाहर निकले तो प्रधानमंत्री बारिश में भीग गए।

पहली बार नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक के अग्रभाग पर 3-डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन किया गया। सेना, नौसेना, वायु सेना, राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के संगीत बैंडों द्वारा 29 भारतीय धुनें बजाई गईं। पूरी सड़क बारिश के पानी से गीली होने के बावजूद जवानों के कदम नहीं डिगे और उनके बैंड ने अग्नीवीर धुन (शेष पेज 8)

# रजनीकांत की नकल उतारी तो जाना पड़ सकता है जेल

- दक्षिण के सुपर स्टार ने सार्वजनिक नोटिस कर मिमिक्री आर्टिस्ट, कॉमेडी कलाकारों और कंपनियों को दी चेतावनी

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**दक्षिण** भारत के सुपरस्टार रजनीकांत ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर कहा है कि अब मिमिक्री कलाकार उनकी नकल नहीं कर पाएंगे। यदि ऐसा किया गया तो कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

स्टाइलिश हीरो के इस कदम से देशभर के सैकड़ों कॉमेडी और मिमिक्री कलाकारों को धक्का लगा है। रजनीकांत द्वारा शनिवार को अपने वकील सुब्बैया इलामभारती के माध्यम से जारी किए गए सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, रजनीकांत की नकल करके जीवन यापन करने वाले कलाकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्टाइल मन्नान (स्टाइल किंग), थलाइवर (नेता), और बादशाह (सम्राट) जैसे नामों से लोकप्रिय सुपरस्टार रजनीकांत देश में मिमिक्री कलाकारों द्वारा चित्रित प्रमुख भारतीय किरदारों में से एक रहे हैं। बहुत से ऐसे कलाकार हैं, जिनका शो रजनीकांत की नकल किए बिना पूरा ही नहीं होता और वे हूबहू सुपरस्टार की नकल कर सकते हैं।

कई आर्टिस्ट उनकी शक्ल के हूबहू कैरिकेचर बनाने में माहिर हैं। नोटिस में कहा गया है कि रजनीकांत दशकों से विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में अभिनय करने वाले बहुत ही लोकप्रिय अभिनेता हैं। दुनिया भर में फैले उनके लाखों प्रशंसकों ने ही उन्हें सुपरस्टार की उपाधि से नवाजा है। फिल्म उद्योग में उनका सम्मान और प्रशंसकों की संख्या बेजोड़ और निर्विवाद है। नोटिस में कहा गया है कि उनकी प्रतिष्ठा या व्यक्तित्व को किसी भी तरह की क्षति का कई क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। नोटिस में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि रजनीकांत एकमात्र व्यक्ति (शेष पेज 8)

# प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से मध्यम वर्ग तक पहुंच बनाने को कहा

- केंद्रीय बजट से पहले प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्रियों से कहा कि वे उन योजनाओं के विवरण के साथ मध्यम वर्ग तक पहुंच बनाएं, जिनसे उन्हें लाभ हुआ है।

सूत्रों ने कहा कि संसद में एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने से पहले यहां केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने कहा कि जहां सरकारी योजनाओं से गरीबों और वंचितों को लाभ हुआ है, वहीं मध्यम वर्ग के लिए भी कई पहल शुरू की गई हैं जिन्होंने उनका जीवन सुगम बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री उन पहलों के विवरण के साथ मध्यम वर्ग तक पहुंच बनाएं, जिनसे उन्हें विभिन्न तरीकों से मदद मिली है। बैठक के दौरान दी गई प्रस्तुतियों की हार्ड कॉपी मंत्रियों को संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए दी गई। यह 2023 में हुई केंद्रीय मंत्रिपरिषद की पहली बैठक थी।

सूत्रों ने कहा कि ऐसे में जब भारत ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए हैं, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि जो चीजें और कानून ब्रिटिश राज की याद दिलाते हैं, उन्हें समाप्त कर दिया जाए। इस दौरान तीन प्रस्तुतियां दी गईं जिसमें मोदी सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों सहित समग्र कार्यों को लेकर कैबिनेट सचिव राजीव गौबा द्वारा दी गई एक प्रस्तुति भी शामिल है। गौबा की विस्तृत प्रस्तुति में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर जोर दिया गया। कैबिनेट सचिव ने कहा कि भारत के दूर-दराज के इलाकों में कई आईआईटी, आईआईएम और आईआईएस खोले गए हैं।

उनकी प्रस्तुति के अनुसार, शिक्षा के सभी स्तरों - प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में छात्रों के नामांकन और उनके पढ़ाई जारी रखने में वृद्धि हुई है। उन्होंने बैठक में बताया कि मानव और अन्य संसाधनों के मामले में सरकारी स्कूल के बुनियादी ढांचे में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ी है, जिससे छात्रों को लाभ हुआ है। उद्योग संवर्धन विभाग और आंतरिक व्यापार सचिव अनुराग जैन ने सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर एक प्रस्तुति दी। सूत्रों ने कहा कि उन्होंने पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या और शेष की स्थिति का विवरण भी दिया। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,330 | |
| निफ्टी | 17,604 | |
| सोना | 56,842 | /10g |
| चांदी | 68,874 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस के लिए कुछ और सीटें छोड़ेगा वाम मोर्चा

**अगरतला, कोलकाता।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को अगरतला में कहा कि सीटों के बंटवारे संबंधी एक फार्मूले पर यहां काम किया जा रहा है जिसके तहत माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा पहले बनी सहमति की तुलना में अपनी सहयोगी कांग्रेस के लिए कुछ और सीटें छोड़ेगा। माकपा महासचिव सीताराम एचुरी ने भी कोलकाता में संकेत दिया था कि पार्टी को उम्मीद है कि सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ आम सहमति बन जाएगी। 25 जनवरी को, वाम मोर्चे ने दिल्ली में पार्टी के आलाकमान के फैसले के तहत कांग्रेस के लिए 13 सीटें छोड़कर, एक निर्दलीय सहित 47 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। हालांकि, कांग्रेस अपनी संभावित क्षमता के मद्देनजर कम सीटें आवंटित किए जाने को लेकर असंतुष्ट

# सपा ने शिवपाल यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य को महासचिव बनाया

- पार्टी ने 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी ने रविवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें अखिलेश यादव को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रोफेसर राम गोपाल यादव को प्रमुख महासचिव बनाने के साथ ही मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य को महासचिव बनाया गया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य को महासचिव बनाए जाने पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी समेत राजनीतिक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पार्टी के 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची साझा की गई है। सूची के अनुसार, अखिलेश यादव को फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष, किरणमय नंदा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राम गोपाल यादव को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव बनाया गया है।

इसके अलावा मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, रवि प्रकाश वर्मा, बलराम यादव सहित 14 राष्ट्रीय महासचिव होंगे। सुदीप रंजन सेन पार्टी के कोषाध्यक्ष होंगे, जबकि सदस्यों के अलावा 19 राष्ट्रीय सचिव होंगे। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद शिवपाल सिंह यादव ने पिछले साल के आखिरी महीने में मैनपुरी में (शेष पेज 8)

# केंद्र सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद का बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा बुलाई गई रस्मी बैठक 30 जनवरी को दोपहर में संसद भवन की एनेक्सी बिल्डिंग में होनी है। ऐसी उम्मीद है कि बैठक के दौरान सरकार संसद के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग मांगेगी। विपक्षी दलों के बैठक के दौरान अपनी चिंताओं को और सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों को सामने रखने की उम्मीद है। दोपहर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदन में नेताओं की बैठक भी होगी। बजट सत्र दो भागों में होगा। सत्र की शुरुआत संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। केंद्रीय बजट 2023-24 (शेष पेज 8)

# इंग्लैंड को सात विकेट से हरा भारत ने रचा इतिहास

- महिला क्रिकेट में पहली बार जीती आईसीसी ट्रॉफी

**भाषा।** पोटचेफ्स्ट्रूम

अंडर-19 महिला विश्व कप




**तेज** गेंदबाज टिटास साधु के साथ स्पिनर अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने पहले आईसीसी अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां इंग्लैंड को 36 गेंद बाकी रहते सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत के साथ ही महिला टीम ने किसी भी स्तर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वैश्विक खिताब के सूखे को खत्म किया। सीनियर टीम सभी प्रारूपों में तीन मौकों पर विश्व कप के फाइनल में पहुंची है लेकिन हर बार खिताब से दूर रह गई थी। भारत ने इंग्लैंड की पारी को 17.1 ओवर में महज 68 रन पर समेटने के बाद 14 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर शनिवार को अपना 19वां जन्मदिन मनाने वाली कप्तान शेफाली वर्मा को शानदार तोहफा दिया।

भारत के लिए सौम्या तिवारी और जी तृषा ने 24-24 रन की पारी खेली दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। टिटास भारत की सफल गेंदबाज रही। उन्होंने चार ओवर में छह रन देकर दो विकेट चटकाए। अर्चना देवी (तीन ओवर में 17 रन) और पार्श्वी चोपड़ा (चार ओवर में 13 रन) ने भी दो-दो विकेट लिए। मन्नत कश्यप (13 रन पर एक विकेट), कप्तान शेफाली वर्मा (16 रन पर एक विकेट) और सोनम यादव (तीन रन पर एक विकेट) भी विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों में शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली ने पहली ही गेंद पर हैना बेकर के खिलाफ चौका लगाने के बाद दूसरे ओवर में सोफिया स्मेल के खिलाफ छक्का जड़ा। वह हालांकि एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही और तीसरे ओवर की पहली गेंद पर बेकर का शिकार बना गई। उन्होने 11 गेंद में 15 रन बनाए।

अगले ओवर में ग्रेस स्क्रिवेंस ने शानदार लय में चल रही सलामी बल्लेबाज श्वेता सहरावत (पांच रन) को बेकर के हाथों कैच कराया। दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवाने के बाद सौम्या तिवारी और जी तृषा ने संभल कर बल्लेबाजी की और बीच-बीच में चौके लगाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने हालांकि उन्हें तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। 10 ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 48 रन था। अब तक संभल कर खेल रही तृषा ने 12वें ओवर में एली एंडरसन के खिलाफ दो चौके जड़ दबाव को खत्म कर दिया। उन्होंने 13वें ओवर में स्टोनहाउज के खिलाफ चौका लगाया लेकिन जब टीम को जीत के (शेष पेज 8)

# गाजियाबाद से फरीदाबाद आधे घंटे में पहुंचेंगे

## एफएनजी एक्सप्रेसवे पर नया यमुना पुल बनाने को मंजूरी, नोएडा-हरियाणा करेंगे आर्थिक मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



- 600 मीटर के पुल निर्माण में करीब 300 करोड़ का आएगा खर्चा

फरीदाबाद- नोएडा -गाजियाबाद (एफएनजी) एक्सप्रेसवे पर नया यमुना पुल बनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए आधा पैसा हरियाणा और आधा नोएडा देगा। एनसीआर के लाखों लोगों को इस एक्सप्रेसवे के बनने पर फायदा होगा। करीब 600 मीटर के पुल निर्माण में करीब 300 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यमुना पुल के लिए अलाइनमेंट फाइनल होना अभी बाकी है। नोएडा अपनी तरफ से एप्रोच रोड बनवाएगा। फ रीदाबाद की तरफ हरियाणा काम करवाएगा।

यह एक्सप्रेस.वे बन जाने से गाजियाबाद से फ रीदाबाद के बीच नोएडा होते हुए सफ र 30 मिनट का हो जाएगा। अब हिंडन पर बिसरख पुल रोड भी एफएनजी से जोड़ते हुए बनकर तैयार हो गई है। इस तरह ग्रेनो वेस्ट और फ रीदाबाद की भी कोई खास दूरी नहीं बचेगी। एनसीआर की अहम कनेक्टिविटी वाले इस एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट में इस पुल को लेकर पेंच फ ंसा हुआ था। हरियाणा या नोएडा कोई पुल की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं थे। अब एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की तरफ से करवाई बैठक में यमुना पुल निर्माण का यह समाधान निकला।

हरियाणा को काम करवाने के लिए अपनी लिखित स्वीकृति भी नोएडा अथॉरिटी ने दे दी है। पुल की डीपीआर पीडब्ल्यूडी तैयार कराएगी, यह जानकारी नोएडा अथॉरिटी की तरफ से मुख्य सचिव की अगुवाई वाली स्टीयरिंग कमिटी की बैठक में दी गई। यह कमिटी यूपी की दूसरे राज्यों से कनेक्टिविटी से जुड़े प्रॉजेक्ट का सीधे रिव्यू और निगरानी कर रही है। अथॉरिटी अधिकारियों के मुताबिक अब हरियाणा की तरफ से पीडब्ल्यूडी पुल की डीपीआर तैयार करवाकर लागत बताएगा।

नोएडा की तरफ एफएनजी का अलाइनमेंट लगभग एक्सप्रेसवे तक तय है। एक्सप्रेसवे पर नया अंडरपास बनाया जाना है। इसके बाद यमुना पर मंगरौली के आसपास पुल बनना है। पुल के लिए हरियाणा की तरफ से अलाइनमेंट प्लान दिया जाएगा, जो पीडब्ल्यूडी बना रहा है। नोएडा भी अपनी रिपोर्ट रखेगा। इसके बाद तय हो जाएगा कि पुल कौन से सेक्टर के सामने कहां पर बनना है।

फरीदाबाद नोएडा गाजियाबाद की सीधी कनेक्टिविटी को एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ने भी जरूरी माना है। इसे नोएडा के साथ हरियाणा के मास्टर प्लान में भी शामिल किया जा चुका है।

कई सरकारें आई और गई, लेकिन इस प्रोजेक्ट का निर्माण पूरा नहीं हो पाया। 2015 के बाद से इस प्रोजेक्ट को एनएच को सौंपने का इंतजार हो रहा है।

# टॉफी का लालच देकर किया बच्ची से रेप

- तीन दिन पहले नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आया था आरोपी, वारदात के बाद परिजनों ने पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में तीन दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आए 36 वर्षीय व्यक्ति ने चार साल की बच्ची से रेप किया। वो घर के बाहर खेल रही बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने अपने घर ले गया और दरिंदगी की। परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी दूर के रिश्ते में इस बच्ची का दादा लगता है।

घटना लिंक रोड थाना क्षेत्र में कड़कड़ मॉडल का है। चार वर्षीय बच्ची शनिवार सुबह करीब 10 बजे घर के बाहर खेल रही थी। तभी कुछ दूरी पर रहने वाला सोमी नामक शख्स वहां आया और टॉफ ी का लालच देकर उसको अपने साथ ले गया। इधर, घर पर मौजूद मां को जब बेटी नहीं मिली तो खोजबीन शुरू कर दी। कुछ देर बाद सोमी इस बच्ची को अपने साथ लाता हुआ दिखा। मां.बाप को देखते ही बच्ची रोने लगी। ये देख आरोपी वहां से भाग निकला। बच्ची ने इशारे में मां.बाप को पूरी घटना बताई। परिजनों ने आखिरकार आरोपी सोमी को दबोच लिया। सड़क पर ही उसकी पिटाई की। इस दौरान वो जमीन पर गिरकर चोटिल हो गया। डॉक्टरी कराने के बाद पीड़ित परिजनों ने आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, सोमी नशा करने का आदी है। 25 जनवरी को ही वो नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आया था। उसकी इन हरकतों की वजह से करीब 12 साल पहले ही पत्नी उसे छोड़कर दूसरी शादी कर चुकी है। आरोपी के खिलाफ साल.2017 में लिंक रोड थाने में ही मोबाइल लूट का मुकदमा दर्ज हुआ थाए इसमें वो जेल भी गया था।

# सलाहकार कंपनी बताएगी नोएडा कैसे बनेगा सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- 80 करोड़ रुपये में 450 जगहों पर लगेंगे कैमरे, मार्च में होगी शुरुआत

नोएडा का सुरक्षित बनाने के लिए सलाहकार कंपनियों लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए है। फरवरी के पहले सप्ताह में इसकी तकनीकी बिड खोली जाएगी। प्रोजेक्ट का बजट करीब 80 करोड़ रखा गया है। मार्च में प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। नोएडा पुलिस ने शहर में 450 से ज्यादा स्थानों को चिह्नित किया है। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी एंड ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम आइएसटीएमएस की ओर से लगाए गए कैमरों से अलग होंगे।

इनकी मॉनिटरिंग के लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। प्राधिकरण की टेक्निकल टीम इन स्थानों का सर्वे कर रही है। वो ये देख रहे है कि इन स्थानों पर कैमरा किसी ओर लगाए जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा स्पेस कवर किया जा सके।

जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग की ओर से दी गई है उसमे बाजार, सरकारी व निजी स्कूलों व ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल्स के बाहर स्थान शामिल है। प्राधिकरण के डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि सलाहकार कंपनी आने के बाद डीपीआर तैयार की जाएगी। इसके बाद ही फ इनल एस्टिमेट तैयार किया जाएगा। फिलहाल अभी 80 करोड़ रुपए के आसपास खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। ये कैमरे आईएसटीएमएस की बजाय सेफ सिटी के तहत लगाए जाएंगे। इनका वाहनों के चालान से कोई संबंध नहीं होगा। हालांकि सुरक्षा के तहत वाहनों की नंबर प्लेट व उसमें बैठे लोग भी साफतौर पर कैमरे की नजर से देखा जा सकेगा। साथ ही फेस डिडक्शन कैमरे भी होंगे।

बदमाशों का डाटा पुलिस के पास पहले से रहेगा। ऐसे में कोई भी बदमाश यदि इन कैमरों के पास निकलता है तो उसकी लाइव लोकेशन और पूरा डाटा कंट्रोल रूम में दिखाई देगा। सेफसिटी के कंट्रोल रूम सीधे पुलिस मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे।

जिससे कोई भी जानकारी या सूचना मिलने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौकी और पीआरवी और डायल-112 को जानकारी दी जा सकेगी। इसी प्रोजेक्ट के तहत शहर भर में एसओएस भी लगाए गए है। जिसमें आपात काल के समय आप तुरंत पुलिस विभाग को किसी भी घटना की जानकारी दे सकते है।

## ग्रेटर नोएडा का कुख्यात बदमाश हापुड़ में ढेर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा का कुख्यात बदमाश मनोज भाटी को हापुड़ में पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया है। ग्रेटर नोएडा में दादरी क्षेत्र के नगला गांव का निवासी था। उस पर हत्या , डकैती , लूट और अपहरण जैसे तमाम मुकदमें चल रहे थे।

हापुड़ पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें पुलिस एक लाख के इनामी बदमाश मनोज भाटी को राजस्थान के रेवाड़ी से पकड़ कर लाई थी । उसने पिछले साल अपने गैंग के साथ हापुड़ शहर में कोर्ट परिसर में अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या करने के मामले में पुलिस वांछित था।

# बेटी से अभद्रता का विरोध करने पर पिता से मारपीट, परिवार ने किया पलायन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- घर के बाहर खड़ी गाड़ी तोड़ने का आरोप, आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

दादरी कोतवाली क्षेत्र के नगर जीटी रोड स्थित कालोनी में स्कूटी पर पिता के साथ जा रही सात वर्षीय बेटी के साथ दबंगों ने अभद्रता की। पिता ने विरोध किया तो आरोपितों ने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट की। घर के बाहर खड़ी गाड़ी भी तोड़ दी।

डर के चलते पीड़ित परिवार ने दादरी से पलायन कर सुरक्षित स्थान पर शरण ली है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है।

जीटी रोड स्थित बालाजी विहार कालोनी में जूता व्यापारी शुभम गोयल परिवार के साथ रहते है। शुक्रवार शाम वह सात वर्षीय बेटी व छोटे बच्चे के साथ स्कूटी पर सवार होकर बाजार से अपने घर आ रहे थे। जब वह स्कूटी से बालाजी कालोनी में घुसे तो आदित्य कुमार अपने साथी के साथ कुत्ता लेकर खड़ा था। पास आते ही उसने कुत्ते को उनके ऊपर फेंक दिया। जब इस घटना का शुभम गोयल ने विरोध किया तो आरोपितों उनकी सात वर्षीय बेटी को खींचने लगा। यह सब कुछ होने पर शुभम दहशत में आ गया। वह बेटी को लेकर किसी तरह जान बचाकर भागे। घर में घुसकर गेट बंद कर अपनी जान बचाई। आरोप हे कि आरोपित साथी के साथ घर के बाहर पहुंचा। गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

# आरबीआई के पास आर्थिक अपराधों के बढ़ी शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

देश भर में आर्थिक अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और इससे जुडी शिकायतों का अम्बार आरबीआई के पास बढ़ता जा रहा है, जिसका निस्तारण भी उन्हें मुश्किल हो रहा है, ऐसे में सरकार को कोई न कोई उपाय ढूंढने पड़ेंगे जिनसे जनता को राहत मिले, समाजसेवी और अधिवक्ता रंजन तोमर की एक आरटीआई द्वारा कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गौरतलब है की तोमर ने आरबीआई से पूछा था की पिछले पांच वर्षों में बैंकिंग ओम्बड्समैन स्कीम के तहत आरबीआई को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और उनमें से कितने का निस्तारण हो पाया। इसके जवाब में आरबीआई ने अप्रैल 2021 से मार्च 2022 वित्तीय वर्ष के बीच की जानकारी साझा की जिसके अनुसार इस एक वर्ष में 183887 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 69245 का निस्तारण ही आवश्यक धाराओं के अनुसार हो पाया, जो की कुल शिकायतों का मात्र 38 लगभग प्रतिशत ही है, इसके बाद एक चौंकाने वाला आंकड़ा अप्रैल 2022 से नवंबर 2022 तक का ही है। जिसे मात्र 8 माह की अवधि में लगभग पिछले वित्त वर्ष जितनी शिकायतें आरबीआई को प्राप्त हुई जिसकी कुल संख्या 170480 है। इसमें से अबतक निस्तारित शिकायतों की संख्या 27405 ही है जो कुल शिकायतों का कुल 16 प्रतिशत ही है। यह जानकारी विचलित करने वाली हैं, नवंबर 2022 से मार्च 2023 तक अभी कुल शिकायतों का नंबर बढ़ेगा, और निस्तारित शिकायतों का प्रतिशत बढ़ना बेहद मुश्किल लग रहा है।

### अपराधों-शिकायतों के लिए बैंक मैनेजर भी जिम्मेदार

रंजन तोमर का कहना है कि शिकायतों के लिए बैंक मैनेजर भी उतने ही दोषी है जितने की आर्थिक अपराधी जो समस्याओं का निस्तारण अपने स्तर पर नहीं कर पाते। कई बार मैनेजर ही भ्रष्ट होते हैं और पैसे देकर बिना पूरे कागजों के लोन दे देते हैं। आर्थिक अपराध भी लगातार बढ़ रहा है इसके लिए सरकार और आरबीआई को नीति बनानी होगी।

### आरबीआई में करें शिकायत निस्तारण की अपील

आरबीआई अपने जवाब में यह भी कहता है कि यदि शिकायतकर्ता आरबीआई द्वारा शिकायत के निस्तारण के बाद भी संतुष्ट नहीं है अथवा शिकायत रिजेक्ट हो जाती है तो वह इसकी अपील आरबीआई में दाखिल कर सकता है जिसके लिए 30 दिन में अपील ऑनलाइन अथवा आरबीआई के मुंबई ऑफिस में पत्राचार से भी कर सकते हैं।

# वैशाली में एसयूवी को ईंट पर खड़ी कार के टायर चोरी

- घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चोरी करते दिखाई दिए चार बदमाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गाजियाबाद के कौशांबी थाना के वैशाली में चोरों ने एक मिनी एसयूवी गाड़ी के चारों टायर चुरा लिए। इसके बाद वे गाड़ी को ईंटों के सहारे खड़ी करके फरार हो गए। मामले में थाना कौशांबी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-2 में जगपाल सिंह रहते हैं। उनकी मिनी एसयूवी गाड़ी शनिवार रात घर के बाहर खड़ी थी। रविवार सुबह सफाईकर्मी की नजर गाड़ी पर पड़ी। चारों टायर गायब थे। सफाईकर्मी ने इसकी सूचना जगपाल सिंह को दी तो वे घर से बाहर निकलकर आए। जगपाल सिंह के मुताबिक, दिसंबर-2022 में उन्होंने नई कार खरीदी थी। चारों टायरों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। बताया जा रहा है कि घर के पास ही एक कैमरा लगा था। जब इसकी फुटेज देखी गई तो चोर कैद हो गए। फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोरों ने बेहद आराम से टारों टायर खोल कर ले गए। पीड़ित ने मामले में थाना कौशांबी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गाजियाबाद में इससे पहले भी गाड़ियों के टायर, साइलेंसर व अन्य सामान चुराने की घटनाएं हो चुकी हैं, जो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थीं। लेकिन, इस चोर पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। यह गिरोह लगातार इस वाहनों के टायर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

### सोसाइटी में गाड़ी का शीशा चोरी

गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रांड सोसाइटी में शनिवार रात को असामाजिक तत्वों ने रेजिडेंट्स सुधाकर यादव की एसयूवी कार का एक शीशा चुरा लिया और दूसरा शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे एक दिन पहले एके सिंह की बाइक का लॉक तोड़कर उसे चुराने की कोशिश हुई। दो दिन पहले अज्ञात इनोवा गाड़ी सोसाइटी का बूम बैरियर तोड़कर भाग गई। इस गाड़ी मालिक का भी कुछ पता नहीं चला है। इससे पहले एक गाड़ी का एंटीना और दूसरी गाड़ी का वाइपर चोरी हुआ।

# कबूलनामा : ईंट बांध नहर में फेंकी थी लाश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- हत्यारोपियों की योजना थी कि शव कभी न मिले, पिता ने तीन युवकों पर जताया था शक

गाजियाबाद में 25 वर्षीय कृष्ण त्यागी की हत्या 22 जनवरी को की गई थी। शव को बोरी में डालकर नहर में फेंक दिया था। हत्यारोपियों की प्लानिंग थी कि लाश कभी मिले ही नहीं और कृष्ण की गुमशुदगी एक रहस्य बनकर रह जाए। इसके लिए उन्होंने बोरे के अंदर 4 ईंटें भी रखी थी, जिससे ये पानी के ऊपर न आ सके।

कृष्ण के पिता ने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पिता ने गांव के तीन युवकों पर शक जताया। पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़कर पूछताछ की तब मामले की सच्चाई सामने आई। तीनों आरोपियों की निशानदेही पर 28 जनवरी को गंगनहर से कृष्ण की लाश बरामद की गई। आज तीनों को जेल भेजा जाएगा। मुरादनगर थाना क्षेत्र में डिडौली गांव निवासी कृष्ण त्यागी 22 जनवरी की रात करीब 11 बजे एक मांगलिक कार्यक्रम में गया था, लेकिन फिर घर नहीं लौटा। परिजनों ने 24 जनवरी को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस दौरान नहर किनारे एक कमरे में जूते मिले, जो कृष्ण के थे। कमरे से नहर तक कुछ दूरी पर खून के निशान मिले।

आशंका जताई गई कि हत्या करके शव को नहर में फेंका गया है। इधर, गांव में जब चर्चाएं शुरू हुई तो ये बात सामने आई कि 22 जनवरी की रात कृष्ण को आखिरी बार कुछ लड़कों के साथ देखा गया था। इस आधार पर कृष्ण के पिता मुनेश त्यागी ने मोनू और सुमित के खिलाफ हत्या की एफआईआर 27 जनवरी को दर्ज करा दी।

# हिंडन पर नया पुल बनने से कई सेक्टरों की बढ़ेगी रौनक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा अथॉरिटी की सीईओ रितु महेश्वरी ने परियोजना को दी मंजूरी

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच संपर्क और बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए दोनों अथॉरिटी के मुख्मुय कार्य पालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क और नोएडा के एक्सप्रेसवे से लगते इलाकों के बीच एक लिंक रोड बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी ।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा की इस परियोजना पर एक बार फिर काम तेज किया गया है। यह लिंक मार्ग बन जाने से ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, सूरजपुर-कासना रोड और दादरी - सूरजपुर-छलेरा मा र्ग पर या ता या त का दबा व कम हो गा । इस परि यो जना का पूरा खर्च नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण वहन कर रहे हैं।

# इंतजार कर रहे भाइयों को ट्रक ने मारी टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- एनएच-9 पर हुए हादसे में एक की मौत, दो की हालत गंभीर

राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के तिगरी कट के पास कार रोककर खड़े दिल्ली के तिहाड़ गांव में रहने वाले तीन चचेरे भाइयों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा 26 जनवरी की आधी रात के बाद हुआ, जब तीनों एक शादी से दिल्ली लौट रहे थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस आरोपित चालक को तलाश रही है, जो हादसे के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया था।

दिल्ली में पार्षद का चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता महावीर सिंह ने थाना क्रासिंग रिपब्लिक में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके भतीजे पवन पोसवाल, हनी व जय 26 जनवरी को लालकुआं के पास एक बैंक्वेट हाल में हुई शादी में शामिल होने गए थे। स्विफ्ट सवार तीनों भाई आधी रात के बाद शादी से घर लौटते समय पीछे छूटी दोस्तों की फोर्ड ईको कार के लिए तिगरी कट के पास रुक गए थे। दोस्तों ने इनसे आगे अपनी कार रोकी। तीनों बाहर खड़े थे, इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक आया और दोनों कार में टक्कर मार दी। कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। ईको में बैठे दोस्तों ने देखा कि तीनों लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़े हैं। उन्हें उठाकर तुरंत पुलिस को सूचना दी।

अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। एनएच.नौ और डीएमई पर 100 किमी की रफ्तार से वाहन दौड़ते हैं। इस पर वाहन रोकना यातायात नियम का उल्लंघन है और नो.पार्किंग के तहत चालान किया जाता है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर चलेंगी रोडवेज बसें, परिवहन निगम देगा मंजूरी

## ग्रेटर नोएडा-आगरा के बीच 165 किलोमीटर लंबे मार्ग पर जनता को मिलेगी सहूलियत, सोमवार को होगी बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




- सड़क प्राधिकरण की 30 जनवरी को बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा

ग्रेटर नोएडा और आगरा के बीच 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर कार सवार तो फर्राटा भरते हैं, लेकिन 5 जिलों से होकर गुजरने वाले इस महामार्ग पर आम आदमी के लिए आवागमन की सुविधाएं अब तक नहीं की बराबर हैं। अब इस समस्या का समाधान होने जा रहा है। दरअसल, यमुना एक्सप्रेसवे पर जल्दी ही यूपी रोडवेज की बसें आम यात्री के लिए उपलब्ध हो जाएंगी। सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की बैठक में इस प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी

यूपी रोडवेज के पास बसों की कमी है। दूसरी तरफ राज्य के एक्सप्रेसवे अभी तक परिवहन निगम के अधिकार क्षेत्र में शामिल नहीं थे। अब राज्य सरकार में इन दोनों समस्याओं का समाधान कर लिया है। परिवहन विभाग अब प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर निजी बसों के संचालन की अनुमति देने जा रहा है।

नोएडा से आगरा के बीच यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे पहले निजी बसों का संचालन शुरू होगा। राज्य सड़क प्राधिकरण की 30 जनवरी को बैठक होगी। जिसमें इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर निजी बसों के संचालन की राह में दूसरा सबसे बड़ा रोड़ा एक्सप्रेसवे का अभी तक राज्य सड़क प्राधिकरण के अधीन नहीं होना था। दरअसल, यह एक्सप्रेसवे जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड में बनाया है। जिस पर निजी स्वामित्व है। अब 11 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक शासनादेश जारी किया है। जिसके जरिए आगरा.नोएडा के बीच यमुना एक्सप्रेसवे को राज्य सड़क प्राधिकरण के दायरे में लाया गया है। इस शासनादेश के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर निजी बसों के संचलन का रास्ता साफहो गया।

आपको बता दें कि वर्ष 2012 में यमुना एक्सप्रेसवे का संचालन शुरू हुआ था। अब तक इस महत्वपूर्ण महामार्ग पर यूपी रोडवेज की सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। यह एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा और हाथरस के बीच शानदार कनेक्टिविटी मुहैया करवाता है। दिल्ली.एनसीआर से लखनऊ तक सफ र करने के लिए भी यह रास्ता महत्वपूर्ण है। नोएडा से आगरा के बीच निजी बसों के संचलन के लिए राज्य सड़क प्राधिकरण की 30 जनवरी की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। अभी तक यमुना एक्सप्रेसवे पर अस्थायी अनुमति से निजी बसों का संचलन होता रहा है।

इस महीने एसटीए की बैठक के बाद निजी बसों के संचलन की राह आसान हो जाएगी। राज्य सड़क प्राधिकरण एसटीए की की बैठक में आगरा-नोएडा-पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रूट पर बसों के संचालन का प्रस्ताव आएगा। रोडवेज ने आगरा.नोएडा एक्सप्रेस.वे पर 20 और पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे पर 30 बसों के संचालन का प्रस्ताव दिया है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का जनसंपर्क अभियान तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- आगामी 7 फरवरी को प्राधिकरण के दफ्तर पर ताला जड़ने का ऐलान

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के खिलाफ किसान लामबंद हो रहे हैं। जन सुनवाई के दौरान जबरन प्राधिकरण मुख्यालय में घुसने के आरोप में रुपेश वर्मा समेत 30 किसानों के खिलाफ एक एफ आईआर दर्ज करवाई गई। जिसके बाद से किसानों ने प्राधिकरण के खिलाफहल्ला बोल किया है।

आगामी 7 फ रवरी को प्राधिकरण के दफ्तर पर ताला जड़ने का ऐलान किया गया है। किसानों ने साफ तौर पर कहा है कि अगर प्राधिकरण ने एफआईआर वापस नहीं लेने पर 7 फरवरी को पंचायत के बाद घेराव किया जाएगा और मुख्य गेट पर ताला लगाया जाएगा। इसी सिलसिले में किसान पंचायत कर रहे हैं।

इसके लिए किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। 7 फरवरी के आंदोलन में आने का आह्वान किया है। किसान बेरोजगार सभा ने 7 फ रवरी के आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया है। किसानों की आबादी, प्लॉट, रोजगार और अन्य मुद्दों को लेकर किसान लामबंद हो रहे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# गुरुग्राम-मानेसर जमीन घोटाला समेत 23 मामलों में वांछित महिला गिरफ्तार

## सीबीआई, ईडी, दिल्ली व हरियाणा पुलिस को थी आरोपी सोना बंसल की तलाश, मुंबई में घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गुरुग्राम-मानेसर औद्योगिक मॉडल टाउनशिप की करोड़ो रुपये के जमीन घोटाले सहित धोखाधड़ी के 23 हाई प्रोफाइल मामलों में वांछित महिला सोना बंसल को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। वह अपने पति अतुल बंसल के साथ मुंबई के पॉश इलाके में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाम बदलकर रह रही थी।

फरारी के दौरान विभिन्न जांच एजेंसियों के चंगुल से बचने के लिए वह लगातार देश और विदेश में अपना ठिकाना बदल रही थी। करीब 1500 करोड़ रुपये के गुरुग्राम-मानेसर भूमि घोटाले में महिला और उसका पति समेत अन्य लोग आरोपी हैं। सीबीआई और प्रर्वतन निदेशालय इसकी जांच कर रही है। सोना बंसल पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा था।

अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक, सोना बंसल और अतुल बंसल दोनों दिल्ली के मूल निवासी है। इन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम सुलोचना और अरुण गुप्ता रख लिया था। इसी पहचान से दोनों मुंबई में रहे थे। दोनों पति-पत्नी 1500 करोड़ रुपये के गुरुग्राम-मानेसर औद्योगिक माडल टाउनशिप भूमि हड़पने का घोटाला सहित कई हाईप्रोफाइल सफेदपोश आर्थिक अपराधों में वांछित थे। दोनों अपने बेटे आदित्य बिल्ड वेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड नाम पर बनी बिल्डर फर्म के निदेशक थे। प्रर्वतन निदेशालय ने मानेसर पुलिस स्टेशन, गुरुग्राम में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन के तहत जांच की थी और उसके बाद सीबीआइ की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भी हरियाणा सरकार के सेवक और अन्य व्यक्ति के खिलाफ जांच शुरू की थी। मुखबिर से मिल जानकारी पर एसीपी अरविंद कुमार, इंस्पेक्टर अरुण सिंधु, केके शर्मा के नेतृत्व में एसआई राहुल गर्ग, एएसआई रविंदर सिंह, शशिकांत, हवलदार गौरव त्यागी, अवधेश शर्मा व सीमा की टीम ने मुंबई की एक हाई एंड सोसाइटी में छापेमारी कर सोना बंसल को गिरफ्तार किया। उसका पति अतुल बंसल वहां नहीं मिला।

### किसानों और भूमि धारको को डर दिखा मामूली दरों की जमीनें हड़पी

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक अतुल बंसल और सोना बंसल सहित कई अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ईडी ने जांच में पाया कि बिल्डरों व निजी संस्थाओं ने किसानों और भूमि धारकों को उनकी जमीन के अधिग्रहण का भय दिखाकर मामूली दरों पर जमीन हड़प ली थी। आरोपियों पर विश्वास करने और अधिग्रहण के लिए अपनी भूमि खोने के डर से किसानों और भू-धारकों ने अपनी जमीन निजी संस्थाओं को बेच दी थी। उन्होंने उसे विभिन्न बिल्डरों को बेच दिया था। जिन्होंने लाइसेंस प्राप्त किया और धोखाधड़ी से भारी मुनाफा कमाया। अधिकांश भूमि पार्सल एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड समूह द्वारा खरीदे गए थे, जिन्हें अतुल बंसल, सोना बंसल व अन्य द्वारा नियंत्रित किया गया था।



लाइसेंस प्राप्त करने के बाद एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने कुछ निजी व्यक्तियों व डेवलपर्स को लाइसेंस व बिना लाइसेंस वाली जमीनें और बिल्डिंग लाइसेंस बेच दिया और इस तरह अप्रत्याशित मुनाफा कमाया। सीबीआई ने सितंबर 2015 में आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला भी दर्ज कराया था।

### लोक सेवकों की मिलीभगत से 1600 करोड़ की जमीन 100 करोड़ में खरीदी

आरोप लगाया गया था कि निजी बिल्डरों ने हरियाणा सरकार के कुछ लोक सेवकों की मिलीभगत से किसानों और भू-स्वामियों से गुरुग्राम जिलें के विभिन्न गावों के औने-पौने दामों पर लगभग 400 एकड़ जमीन खरीदी थी। उस समय जमीन की कीमत करीब 1600 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन उसे बिल्डरों ने करीब 100 करोड़ रुपए में ही खरीद लिया था। वर्ष 2018 में सीबीआई पंचकुला कोर्ट द्वारा उक्त मामले में दंपती को भगोड़ा घोषित किया था।

पूछताछ में सोना बंसल ने बताया है कि उसके पति अतुल बंसल की हाल ही में मृत्यु हो गई है, जिसकी पुष्टि की जा रही है क्योंकि न तो इसका कोई सबूत है और न ही वह उसकी मृत्यु के संबंध में कोई दस्तावेज पेश की। भूमि घोटाले के अलावा इसकी फर्म ने अपनी किसी भी परियोजना को दिल्ली-एनसीआर में खरीदारों को नहीं दिया। इस संबंध में एबीडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा कई मामलों की जांच कर रही है।

# आसिफ की जमानत याचिका खारिज, पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार के आरोपी कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान की जमानत याचिका खारिज कर दी और शाहीन बाग थाने के जांच अधिकारी तथा थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया।

अदालत ने कारण बताओ नोटिस में पूछा कि खान की पिछली संलिप्तता रिपोर्ट के संबंध में अदालत को गलत जानकारी देने के चलते दोनों पुलिस अधिकारियों को दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए। खान को पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# बारिश में बीटिंग रिट्रीट समारोह का उत्साह









# केंद्र 1300 एमजीडी पानी दे तो 24 घंटे आपूर्ति : केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पटपड़गंज में 110 लाख लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय एवं बूस्टर पम्पिंग स्टेशन का सीएम ने किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से दिल्ली को 13 सौ मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) पानी मुहैया कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पानी की मांग करते हुए कहा कि इससे शहर में लोगों को 24 घंटे जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

केजरीवाल ने रविवार को पटपड़गंज के आनंद लोक सोसायटी के पास 110 लाख लीटर क्षमता के नवनिर्मित भूमिगत जलाशय एवं बूस्टर पम्पिंग स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली की आबादी करीब 80 लाख थी, तब उसे 800-850 एमजीडी पानी मिलता था। अब जब आबादी तीन गुना बढ़कर 2.5 करोड़ हो गई है, तब भी उतना ही पानी मिल रहा है।

पटपड़गंज के नए यूजीआर से पांडव नगर, मयूर कुंज, प्रताप विहार, पटपड़गंज गांव व चिल्ली गांव समेत आठ कालोनियों और मयूर विहार फेज-1 की 31 सोसायटियों में रहने वाले लोगों को अब पानी की दिक्कत नहीं होगी। वर्ष 2015 में 861 एमजीडी पानी का था और आज 990 एमजीडी हो रहा है। आप की सरकार ने पिछले 7 साल में 129 एमजीडी पानी बढ़ाया है। यह बढ़ा पानी यूपी-हरियाणा ने नहीं दिया, बल्कि उन्होंने ट्यूबवेल्स और रैनीवेल्स के जरिए जमीन से निकाल कर बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों से पानी लेने के प्रयास के साथ क्षमता बढ़ाने के लिए भू-जल रिचार्ज व अन्य प्रयास जारी रहेंगे।

## सीएम जनता को सपने दिखाना बंद करें : भाजपा

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाना बंद करें। दिल्ली की सड़कों को सुधारने के लिए अब वह जमीनी स्तर पर कुछ काम करें और सिर्फ कागजी योजनाएं बनाकर जनता को भ्रम में डालना बंद करें।

बिधूड़ी के मुताबिक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कभी दिल्ली को पेरिस की सड़कों जैसे बनाने का वादा करते हैं, कभी लंदन और सिंगापुर की सड़कों के सपने दिखाते हैं जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है।

# मेंटल मैथ्स क्विज से बढ़ेगा आत्मविश्वास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उपमुख्यमंत्री ने स्टेट लेवल मेंटल मैथ कम्पटीशन की विजेता टीम को किया पुरस्कृत

सरकारी स्कूलों में छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक रूप से बेहतर बनाने के लिए मेंटल मैथ्स क्विज की जा रही हैं। सरकार और विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी स्कूल में गणित सीखने का सकारात्मक वातावरण पहले अकल्पनीय था लेकिन छात्रों और शिक्षकों ने इसे हकीकत बना दिया है।

उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने रोहिणी सेक्टर 11 स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में स्टेट लेवल मेंटल मैथ कम्पटीशन में रविवार को शामिल होकर विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मेंटल मैथ प्रतियोगिता के साथ-साथ विद्यालय में टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें दिल्ली सरकार के स्कूल के शिक्षकों द्वारा बनाए गए गणित के विभिन्न शैक्षिक मॉडल प्रदर्शित किए गए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा वह दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों के गणितीय और तार्किक कौशल को देखकर चकित है।

शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित मेंटल मैथ प्रतियोगिता बिना किसी कैलकुलेटर के मन में ही गणना करने की आदत डालने की दिशा में एक बहुत ही अभिनव कदम है। इससे छात्र अधिक तत्पर, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से चुस्त बनेंगे। मेंटल मैथ प्रतियोगिता में छात्रों के प्रदर्शन से पता चलता है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्र अब किसी से कम नहीं हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अमृत उत्सव का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अमृत उद्यान समेत राष्ट्रपति भवन के उद्यानों को आम लोगों के लिए खोलने को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उद्यान उत्सव-2023 का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम बदलकर शनिवार को अमृत उद्यान किया गया। यह उद्यान साल में एक बार जनता के लिए खुलता है और लोग इस बार 31 जनवरी से इस उद्यान को देखने जा सकते हैं।

राष्ट्रपति भवन द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि अमृत उद्यान 31 जनवरी से 26 मार्च तक पूर्वाह्न 10 बजे से शाम चार बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा।



बयान के मुताबिक 28 मार्च से 31 मार्च तक उद्यान विशेष वर्ग के लिए खुला रहेगा। लोग अपने स्लॉट पहले से ही ऑनलाइन बुक कर सकते हैं।

ऑनलाइन स्लॉट बुक नहीं कराने की स्थिति में भी आगंतुकों को उद्यानों में प्रवेश मिल सकता है। हालांकि, उन्हें सुविधा काउंटर के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 12 के पास कियोस्क पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

राष्ट्रपति भवन ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भीड़ से बचने और समय बचाने के लिए पहले से स्लॉट ऑनलाइन बुक करने की सलाह दी जाती है। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति संपदा के गेट नंबर 35 से होगा।

अमृत उद्यान 15 एकड़ में फैला हुआ है और इसमें 150 से अधिक किस्मों के गुलाब, और ट्यूलिप, एशियाई लिली, डैफोडील्स और अन्य सजावटी फूल हैं।

राष्ट्रपति भवन के प्रसिद्ध उद्यानों का इतिहास फूलों के सुगंधित भंडार जितना समृद्ध है, और राष्ट्रपति भवन (मूल रूप से वायसराय हाउस के रूप में निर्मित) के निर्माण के साथ जुड़ा हुआ है, जिसे वास्तुकार सर एडविन लुटियंस द्वारा डिजाइन किया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

### 64 लाख की विदेशी मुद्रा के साथ यात्री गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर रविवार को सीआईएसएफ कर्मियों ने 64 लाख रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा के साथ एक भारतीय यात्री को पकड़ा। यात्री कथित तौर पर अपने ट्राली बैग के हैंडल में विदेशी मुद्रा छिपाकर बैंकॉक जा रहा था। सुरक्षा जांच के दौरान टर्मिनल-3 पर सुरक्षाकर्मियों ने जब एक्स-रे स्कैनर पर करेंसी नोटों की तस्वीर देखी, तब यात्री को रोका गया। यात्री को थाई एयरलाइंस की फ्लाइट से बैंकॉक जाना था। सीआईएसएफ कर्मियों ने छिपे हुए नोटों को निकालने के लिए पेचकस का इस्तेमाल कर 64 लाख रुपए मूल्य के 68,400 यूरो और 5,000 न्यूजीलैंड डॉलर बरामद किए।

### अभिनेता अन्नू कपूर को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** सर गंगा राम अस्पताल में चार दिन पहले सीने में दर्द की शिकायत के बाद भर्ती फिल्म अभिनेता अन्नू कपूर को रविवार को छुट्टी दे दी गई। कपूर को 26 जनवरी की तड़के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर गंगा राम अस्पताल के प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अजय स्वरूप के अनुसार, कपूर ने सीने में तकलीफ की शिकायत की थी। सर गंगा राम अस्पताल के अनुसार डॉ. जे. पी. एस. साहनी, डॉ. रजनीश जैन, डॉ. राजीव पासी, डॉ. बी. एस. विवेक और डॉ. सुशांत वट्टल की हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम उनका इलाज कर रही थी।

### दमकल विभाग ने सात हजार पशु-पक्षियों को बचाया

**नई दिल्ली।** पतंग की डोर में उलझे उल्लू को बचाने से लेकर गड्ढे में गिरी गाय को बचाने तक दिल्ली दमकल विभाग ने पिछले साल चार हजार से अधिक पक्षियों एवं तीन हजार से अधिक पशुओं को बचाया। अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में दमकलकर्मियों ने पिछले साल जनवरी से दिसंबर के बीच 28,449 आपदा कॉलों पर कार्वाई करते हुए 3354 पशुओं तथा 4182 पक्षियों को बचाया। आंकड़ों के मुताबिक इनमें से 16500 से अधिक आपदा कॉल आग से संबंधित थी। पिछले साल आग से संबंधित घटनाओं में 82 लोगों की मौत हो गई जबकि 700 से अधिक लोग झुलस गए थे।

### पीएम से जेएनयू के बाहर सीसीटीवी लगवाने की मांग

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में विरोध प्रदर्शनों से दिल्ली के मुनिरका विहार में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक परेशान हैं। वे न केवल शोरशराबे या यातायात जाम से परेशान हैं, बल्कि शौचालयों का इस्तेमाल करने के लिए अजनबी लोगों द्वारा उनके दरवाजों पर दस्तक दिए जाने से भी उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इलाके में सार्वजनिक शौचालयों की कमी के कारण भी लोग खुले में पेशाब कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध आ रही है।

### बीबीसी भारत छोड़ो, दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर

**नई दिल्ली।** हिंदू सेना के सदस्यों ने वर्ष 2002 के गुजरात दंगों पर बीबीसी के वृत्तचित्र को लेकर रविवार को यहां स्थित उसके कार्यालय के बाहर कथित तौर पर बीबीसी विरोधी तख्तियां लगाईं। विवादास्पद वृत्तचित्र को लेकर जारी विवाद के बीच बीबीसी कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर बीबीसी भारत की एकता के लिए खतरा है और इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिऐ और बीबीसी भारत की छवि को धूमिल करना बंद करो लिखी तख्तियां लगाई गईं। पुलिस ने तख्तियों को हटा दिया। हिंदू सेना के सदस्यों ने मीडिया संगठन पर भारत और प्रधानमंत्री मोदी दोनों की छवि खराब करने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया।

### दो हजार रुपये लेकर लिखे थे खालिस्तानी नारे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गणतंत्र दिवस से पहले 19 जनवरी को पश्चिमी दिल्ली के इलाकों में दीवारों पर खालिस्तान संबंधी नारे लिखने के मामले में रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने विकासपुरी, जनकपुरी, पश्चिम विहार, पीरागढ़ी, मीरा बाग तथा पश्चिमी दिल्ली के निकटवर्ती हिस्सों में दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे थे। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि यूएस में बैठे एसएफजेके सदस्य गगन दीप के कहने पर उन्होंने मात्र दो हजार रुपये लेकर खालिस्तानी नारे लिखे थे। आरोपियों की पहचान तिलक नगर निवासी विक्रम सिंह और राजस्थान के भरतपुर निवासी बलराम सिंह के रूप में हुई है।

# सर्दी का यू टर्न : दिनभर की बूंदाबांदी के बाद शाम को बढ़ी ठिठुरन

## हल्की बारिश से बदला मौसम, आज भी बादल छाए रहने की संभावना, न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में रविवार को हुई हल्की बारिश से मौसम बदल गया। दिनभर बूंदाबांदी से शाम को ठिठुरन बढ़ गई तथा न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 फीसदी दर्ज की गई।

आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन कम 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों ने सोमवार को भी आसमान में बादल छाए रहने और कहीं-कहीं गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है।



गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक अंत के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला बीटिंग रिट्रीट समारोह रविवार को विजय चौक पर आयोजित होगा। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को दिन और रात का तापमान बढ़ सकता है।

# वायु प्रदूषण के कारणों का पता लगाना अब होगा आसान

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण के कारणों का पता लगाना अब आसान होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को राउज एवेन्यू स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी की सुपरसाइट और मोबाइल (एक्यूएम ) वैन का उद्घाटन करेंगे।

रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी से दिल्ली में किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी। यह परियोजना दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली और टेरी के सहयोग से शुरू की गई है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इससे पहले मुख्यमंत्री ने विंटर एक्शन प्लान के हिस्से के रूप में इसकी घोषणा की थी कि सुपरसाइट की शुरुआत प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली की लड़ाई के प्रमुख घटकों में से एक है।

# अच्छे व्यापार के लिए अच्छी सड़कों का होना भी जरूरी: सुधीर सिंगला

## सेक्टर-45 क्षेत्र में सड़क निर्माण के उद्घाटन अवसर पर कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-45 में सड़क निर्माण कार्य शुरू कराते विधायक सुधीर सिंगला।

**विधायक** सुधीर सिंगला ने रविवार को सेक्टर-45 क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क पर 11 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि बेहतर परिवहन सुविधा के लिए सड़कों की जरूरत होती है।

अगर सड़कें दुरुस्त नहीं होंगी तो हर तरह से हमारे काम प्रभावित होंगे। व्यापार प्रभावित होगा। इसलिए सड़कों का सुधारीकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने बाकी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने के साथ सड़कों का भी काफी सुधार किया है। देश-प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया है। केंद्र सरकार के बड़े प्रोजेक्ट में गुरुग्राम की हमेशा ही भागीदारी रही है। यहां से दूसरे राज्यों के लिए एक्सप्रेस-वे की शुरुआत होना यहां की कीमत को बढ़ाता है। गुरुग्राम के राजीव चौक से शुरू होकर वडोदरा तक बनाया जा रहा एक्सप्रेस-वे भी यहां के विकास को नये आयाम देता है। जैसे-जैसे इस पर काम पूरा होता जाता है, वैसे ही इसका परिचालन किया जा रहा है। सोहना तक यह पूरी तरह से तैयार हो चुका है। अब गुरुग्राम से सोहना के बीच की दूरी मात्र 20 मिनट के सफर की रह गई है, यह बड़ा बदलाव है। विधायक ने कहा कि यह सब डबल इंजन की सरकार से संभव हो पाया है। पहले की सरकारों में सड़कों को रामभरोसे छोड़ दिया जाता था। इसका उदाहरण केएमपी एक्सप्रेस-वे है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसका काम पूरा कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उद्घाटन करवाया। इसी तरह से और भी बहुत सी सड़कों, हाइवे, एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य जोरों पर है। सड़क परिवहन को सुलभ बनाने की दिशा में लगातार काम चल रहा है। इस अवसर पर पार्षद पति अनिल आरती यादव, सुभाष सिंगला, मनीष वजीराबाद, सुनील मेंबर, दलबीर सिह, विनोद दहिया, मनदीप सिंह, गगनदीप किल्हौड़, रमनदीप, विजय कुमार, सतीश व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# गेंहू और सरसों की फसल पर सोना बनकर हुई बारिश

**सोहना।** रविवार को रुक रुक कर हुई बारिश ने किसानों के चहरे पर मुस्कान ला दी है। किसानो ने बारिश को गेहूं और सरसों की फसल के लिए सोने पे सुहागा बताया। रविवार की सुबह 9 बजे शुरू हुई हल्की बारिश पूरे दिन होती रही। किसान गेहूं और सरसों की फसल के अच्छे पकाव के लिए इस प्राकृतिक पानी को अच्छा बता रहे है। गांव सरमथला निवासी किसान नरेश का कहना है कि रुक रुक कर होने वाली बारिश फसल की जड़ में बैठती है। ऐसी बारिश का पानी फसल की कौत में बैठता है। जिससे फसल तेजी से बढ़ती है। गेहूं की फसल का पौधा तेजी से बढ़ता है और उसमें आने वाली बाली मोटी होती है। जिसका दाना सही पकता और वजनदार होता है।

**पानी और खाद की बचत** : बारिश होने से गेहूं की फसल में किसान को पानी कम लगाना होता है। किसान देवेन्द्र का कहना है कि सरसों की फसल में चैपा, कीड़ा नहीं लगता है।



रविवार को हुई बारिश में लहराती गेहूं को फसल।

> इस प्रकार की बारिश रबी की फसलों के लिए सोने पे सुहागा होती है। किसान इस बारिश का इंतजार कर रहा था। अभी मौसम मंगलवार तो ऐसा ही रहने की संभावना है।
>
> **अरुण सोलंकी खंड अधिकारी कृषि विभाग**

इस बार किसान खाद न मिलने से अपनी फसल को लेकर चिंतित था लेकिन यह बारिश फसल को खाद से भी ज्यादा फायदा पहुंचाएगी। उन्होंने बताया कि एक दो दिन बारिश होने से फसल को काफी लाभ होगा। जिससे सर्दी की ठिठुरन बढ़ेगी तो गेहूं की फसल के लिए तापमान अच्छा रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## संस्कार विहीन समाज नहीं बना सकता अच्छा राष्ट्र



भारत विकास परिषद की नई एकलव्य शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद की लाल बहादुर शाखा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी ने कहा कि संस्कार विहीन समाज अच्छा राष्ट्र नहीं बना सकता। इसके लिए उसे संस्कारवान बनना पड़ेगा। अपनी पीढ़ियों को भी अच्छे संस्कार देने होंगे। वे रविवार को भारत विकास परिषद की नई एकलव्य शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। श्रीशक्ति मंदिर प्रांगण में आयोजित इस समारोह में उन्होंने कहा कि सेवा तो बहुत सारी सस्थाएं करती हैं, लेकिन भारत विकास परिषद् के द्वारा जो सेवा के कार्य चलाए जा रहे हैं वे समाज के लिए उदाहरण बने हैं। उन्होंने बताया कि भारत विकास परिषद् गुरुग्राम ने विस्तार में एक और कदम बढ़ाते हुए पालम विहार में एक नई शाखा का गठन किया। इस शाखा के अध्यक्ष अमित गुजराल सचिव आदित्य पांडे, कोषाध्यक्ष विकास रस्तोगी को शपथ दिलाई गई। साथ ही 51 अन्य सदस्यों ने शपथ ली। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष विनीत गर्ग ने परिषद् की देश भर में चल रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जेटेक्ट इंडिया के निदेशक सुधीर चोपड़ा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत विकास परिषद् उनके जीवन एवं विचारों को समाज तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरण चंद लोहचब, विनोद शर्मा, राजकुमार अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने सास्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। कार्यक्रम संयोजक विवेकानंद तिवारी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, प्रांतीय महासचिव डा. आरबी यादव, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, संगठन सचिव अरुण अग्रवाल, जिला समन्वयक ऋषि अग्रवाल, सह-समन्वक देवी प्रसन्न गोयल, प्रदीप जैन, विजय अग्रवाल, आरडी गर्ग, प्रदीप शर्मा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## जनसम्पर्क में सरपंच सुंदर लाल को मिल रहा समर्थन



**गुरुग्राम।** आपका बेटा-आपका भाई आपके द्वार जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से मानेसर नगर निगम क्षेत्र के गांवों में पहुंच रहे सरपंच सुंदर लाल यादव को भरपूर आशीर्वाद और जनसमर्थन मिल रहा है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उससे पांव छूकर आशीर्वाद लेना और युवाओं के साथ घुल-मिलकर रहना उनकी लोकप्रियता को बढ़ा रहा है। मानेसर नगर निगम के चुनावों को लेकर सरपंच सुंदर लाल यादव ने आपका बेटा-आपका भाई आपके द्वार जनसम्पर्क अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत वे गांव खोह में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ लक्ष्मण सरपंच नखडोला, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, हरजस सरपंच रामपुरा आदि का गांव के बुजर्गों, युवाओं ने स्वागत किया। गांव की तरफ से तेजू नंबरदार, ब्रह्मप्रकाश, कृष्ण यादव, दिनेश यादव, प्रदीप यादव, संदीप, प्रवीन, विरेंद्र, सतीश आदि ने उनका स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से मिले मान-सम्मान का धन्यवाद करते हुए सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि इस सम्मान को वे सदा बरकरार रखेंगे। मानेसर नगर निगम क्षेत्र में आने वाले हर एक गांव का समुचित विकास, सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके एजेंडे में है। इससे पहले बतौर सरपंच उन्होंने एक गांव के विकास पर पूरा जोर लगाया। आगे वे मानेसर नगर निगम के सभी गांवों के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता क्षेत्र के विकास को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। बतौर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि उनका मार्गदर्शन उन्हें भी मिल रहा है। हम सबकी प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। इसी उम्मीद से वे आमजन के बीच जा रहे हैं कि भविष्य में होने वाले नगर निगम चुनावों में उन्हें अपना पूर्ण समर्थन दें।

## यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए रविवार को लेजरवैली पार्क क्षेत्र में यमराज बने कलाकार के साथ लोगों को जागरूक किया। सुबह 7 बजे से 9 बजे तक जागरुकता का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहरवासियों को हेल्थ चेकअप और योगा के साथ सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए अनुरोध किया गया, ताकि यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाया जा सके। इस दौरान रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। आमजन का फ्री हेल्थ चेकअप, योगा, जिम्नास्टिक, डांस व कल्चरल प्रोग्राम आदि मनोरंजक कार्यक्रमों द्वारा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में एसीपी यातायात ईस्ट अशोक कुमार, यातायात इंस्पेक्टर नीरज कुमार, एएसआई राजेश व ट्रैफिक पुलिस के अन्य कर्मचारियों सहित रोड सेफ्टी ऑफिसर जगदीप बवेजा, अरविंद सिंगला, वेदांत कौशल, तरुण, साहिल सैनी, कषिका दीवानी, मधु बेरी, अचल यादव, अनिल जेटली, प्रिंस बत्रा, सुनील सुखीजा व बिजेंदर आदि अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मजबूती से लड़ेंगे गुरुग्राम, मानेसर व फरीदाबाद के निगम चुनाव



गुरुग्राम में फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी गुरुग्राम और महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं की बैठक में मंचासीन आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य डा. सुशील गुप्ता राष्ट्रीय महा संगठन मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डा. संदीप पाठक व वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## देश को अच्छी राजनीति अरविंद केजरीवाल की देन

## आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासंगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक पहुंचे गुरुग्राम

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महा संगठन मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डा. संदीप पाठक ने कहा कि देश को अच्छी राजनीति अरविंद केजरीवाल की देन है। विकसित देशों में राजनीति अच्छी है, वहीं अविकसित देशों में राजनीति खराब है। किसी देश की राजनीतिक व्यवस्था ही उस देश की तरक्की तय करते हैं। वे रविवार को गुरुग्राम में फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी गुरुग्राम और महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हमें अरविंद केजरीवाल की अच्छी राजनीति को एक-एक घर और एक एक व्यक्ति तक पहुंचाना है। हमारी यात्रा आज से शुरू हो रही है और शपथ लेने के बाद खत्म होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन का पुनर्निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी भाई-भतीजावाद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए नहीं, बल्कि जीतने के लिए लड़ा जाएगा।

जितनी ताकत गुजरात ओर पंजाब में लड़ने के लिए लगाई थी, उससे 10 गुना शक्ति हरियाणा के चुनाव में लगाई जाएगी। आम आदमी पार्टी हरियाणा का हर चुनाव लड़ेगी, गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद के निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी अपने मजबूत उम्मीदवार उतारेगी।

**संगठन को बनाया जा रहा है मजबूत:** डा. सुशील गुप्ता प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सदस्य डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने की दिशा के काम जारी है। जल्द ही संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले हर चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। 2024 के विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कर आम आदमी पार्टी सरकार बनाएगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि अगर देश के लिए काम करना है तो निस्वार्थ भाव से काम करना पड़ेगा, स्वयं को देश के लिए न्यौछावर करना पड़ेगा। अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने मात्र 6 माह की मेहनत से गुजरात चुनावों में 41 लाख वोट हासिल किए और राष्ट्रीय पार्टी बनी।

# दोहन करने के साथ प्रकृति का हमें संरक्षण भी करना चाहिए : प्रताप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्था द्वारा लगाया गया जांच शिविर



मियांवाली कालोनी में सीनियर सिटीजन क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

**यहां** मियांवाली कालोनी में सीनियर सिटीजन क्लब की ओर से राजकुमार राव की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्था द्वारा आयोजित किया गया। इस कैंप में लोगों का प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया गया। संस्था की अध्यक्ष वीणा गोराई के सहयोग से यह शिविर संपन्न हुआ।

यहां मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत संघ चालक हरियाणा प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथियों में कैनविन फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. डीपी गोयल, समशुद्धि नेचुरोपैथी एवं योगा केंद्र से सीएमओ डा. शालू गुप्ता, एक्यूप्रेशर विशेषा डॉ. विवेक दत्त, शिवानंद योग केंद्र से निदेशक पूर्णचंद, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरण यादव लोहचब और सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने शिरकत की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रांत संघ चालक हरियाणा प्रताप सिंह ने जीवन जीने की शैली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम प्रकृति के साथ जितना ज्यादा मिलकर रहेंगे, उतने ही हम ज्यादा स्वस्थ रहेंगे।

प्रकृति का हम दोहन करते हैं तो हमें प्रकृति का संरक्षण भी करना चाहिए। वनों की संख्या हमें बढ़ानी चाहिए। खाली जगहों पर पेड़ लगाकर पर्यावरण सुधारना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डा. डीपी गोयल ने प्रकृति के साथ नेचुरल जीवन के आधार पर अपने विचार रखते हुए भविष्य में इस प्रकार के मेडिकल कैंप लगाने का विचार रखा। अपनी संस्था कैनविन के द्वारा भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने एवं अन्य लोगों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाज और प्रकृति को हम जितना अधिक समय दे सकें, उतना कम है। प्रकृति में सुधार करके हम समाज को बेहतर तोहफा दे सकते हैं।

डॉ. शालू गुप्ता ने नेचुरोपैथी पर समझाया कि हम कैसे प्रकृति के साथ अपना खान-पान का मेल मिलाएं, जिससे हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसी प्रकार डॉ. पूरण चंद योगाचार्य ने योग के टिप्स बताकर हास्य के द्वारा कैसे अपने आप को प्रसन्न रखने का ज्ञानवर्द्धन किया। डॉ. विवेक दत्त ने एक्यूप्रेशर के बारे में बताया। सभी मेहमानों को सीनियर सिटीजन कल्ब के सदस्यों द्वारा मोमेंटो और पटके देखकर सम्मानित किया गया। राजकुमार राव ने अध्यक्षता के साथ स्टेज संचालन का कार्य भी किया। कार्यक्रम में मंजू शर्मा गुरुग्राम अध्यक्ष पंतजलि योग संस्थान, पूनम गुप्ता, उत्तम चंद गुप्ता, बाबूलाल शर्मा, वीके पाल, सुभाष चंद गुप्ता, सतीश कुमार जैन, रामप्रसाद जांगड़ा, वीरेंद्र सिंह राठी, गगन गोयल, सुभाष खंडूजा, वीरेंद्र यादव, हीरालाल, बलजीत यादव लाज कक्कड़, रामकली, दीपा गुप्ता, रेखा, विनोद मित्तल, योगाचार्य घनश्याम, डा. रजनी तोमर, गुप्ता रामाजी, अजंता, नीलम और प्रीति आदि ने भाग लिया।

# विधायक के हाथों स्कूली बच्चों को मिला फर्नीचर

## गीता भवन एसडी मॉडर्न स्कूल में रोटरी क्लब ने दिया फर्नीचर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गीता भवन एसडी मॉडर्न स्कूल में रोटरी क्लब की ओर से फर्नीचर भेंट करने के कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते स्कूल व क्लब के सदस्य।

**रोटरी** क्लब की ओर से न्यू कालोनी स्थित गीता भवन एसडी मॉडर्न स्कूल में विधायक सुधीर सिंगला के हाथों फर्नीचर वितरण कार्य कराया गया। विधायक सुधीर सिंगला ने इसे नेक कार्य बताते हुए सामाजिक संस्थाओं से आग्रह किया कि वे ऐसे ही सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते रहें।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में हमारे बच्चों के भविष्य के रूप में देश का भविष्य तैयार होता है इसलिए जरूरी है कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ उचित इंफ्रास्ट्रक्चर भी शिक्षण संस्थानों में मिले। उन्होंने निजी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे इस नेक कार्य में आगे आकर बच्चों का भविष्य संवारने का काम करें। उन्होंने यह भी कहा गुरुग्राम में अनेक स्कूल ऐसे हैं, जो कि यहां की मेहनती संस्थाएं चला रही हैं। स्कूल में बच्चों को गुणवत्ता की शिक्षा देने में कोई समझौता ना करें। बेहतर शिक्षा से ही हम नए भारत का निर्माण कर सकते हैं। स्कूली स्तर पर दी गई शिक्षा और संस्कार ही बच्चे के जीवन को सुगम बनाते हैं। उन्होंने अध्यापकों से यह भी आग्रह किया कि शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिक शिक्षा का पाठ बच्चों को जरूर पढ़ाएं। इस परोपकार के कार्य के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने रोटरी क्लब के ब्रिगेडियर दिनेश चोपड़ा, एसके खुल्लर, मनीष खुल्लर, संजीव, यूबी ग्रोवर, डा. सविता चोपड़ा के अलावा रोटरी क्लब के अन्य सदस्य, सनातन सभा के सदस्य व स्कूल का स्टाफ, रोटरी के वरिष्ठ सदस्य पार्षद सुभाष सिंगला मौजूद रहे।

# पंप ऑपरेटर की लापरवाही के कारण नागरिक आपूर्ति में गंदा पानी पीने को मजबूर



सोहना के वार्ड 13 में हो रही पेयजल आपूर्ति लाइन पर लगा वाल्व गंदे पानी के गड्ढे में लगा है।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड 13 के निवासी पेयजल आपूर्ति में आ रहा गंदा पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। पाइप में गंदा और दूषित पानी आने के लिए वार्ड के निवासी जनस्वास्थ्य विभाग के पंप ऑपरेटर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं।

शहर के वार्ड 13 की पहाड़ कॉलोनी के करीब 100 से 150 घरों में करीब 20 दिन से गंदे पेयजल आपूर्ति हो रही है। स्थानीय नागरिक उक्त गंदे पानी को पीना तो दूर अपने कपड़े तक नहीं धो रहे हैं। उन्हे डर है कि कहीं पानी भरने के लिए लगाई गई बिजली की मोटर खराब न हो जाए। स्थानीय निवासी पप्पू का कहना है कि सप्लाई का गंदा काली मिट्टी युक्त होता है। बरतन में भरने के बाद मिट्टी तलहटी में जम जाती है। आशंका जताई कि सप्लाई के पानी में नालियों का पानी भी मिलकर आ रहा है। सुभाष का कहना है कि कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति की लाइन पर लगा वाल्व गड्ढे के अंदर है। उक्त गड्ढे में कूड़ा कचरा के साथ नालियों का पानी भी जमा रहता है। वाल्व गंदे पानी में डूबा है जिससे संभवता लीकेज के कारण गंदा पानी सप्लाई के दौरान घरों में पहुंच रहा है।

कॉलोनी के करण सिंह का कहना है कि पंप ऑपरेटर यह सब जानते हुए वाल्व को ऊपर नहीं उठा रहा है जिससे गंदा पानी उस तक नहीं पहुंच सके। वह सुबह शाम पानी की सप्लाई छोड़ने के दौरान वाल्व को खोलता व बंद करता है। ऑपरेटर पर कॉलोनी वासियों की जिन्दगी से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। सभी की मांग है कि यह वाल्व को सुरक्षित स्थान पर लगाया जाए।

> **यह** मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। जिसकी जांच के आदेश जारी कर दिए है। उक्त समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। पंप ऑपरेटर की लापरवाही साबित होने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **खुर्शीद अहमद जेई जनस्वास्थ्य विभाग**

# शहरी-ग्रामीण क्षेत्र को पेयजल व सीवर लाइन से जोड़ेगा जनस्वास्थ्य विभाग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 11 गांव समेत शहरी क्षेत्र की सभी कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ने की योजना पर कवायद शुरु कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि यह योजना अप्रैल से शुरू होने जाएगी। मास्टर प्लाइन 2031 के तहत शहरी क्षेत्र में बढ़ती कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों के साथ नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 13 में से 11 गांवों को जल्द ही पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा।

इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने वर्तमान के आबादी क्षेत्र के अनुसार 324 करोड़ रुपये का बजट खर्च होने की आशंका जताई है। योजना की कवायद शुरू करते हुए शहर की तमाम कॉलोनियों से लेकर शहर के पुराने और नये आवास क्षेत्र में सर्वे का कार्य को शुरु कर दिया है। पुरानी आबादी वाले क्षेत्र के मोहल्लों की एक-एक गली सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में एक से डेढ़ माह का समय लगेगा। जिस पर कार्य नये सत्र की शुरुआत में बजट पारित होने पर ही शुरू होगा।

> **राज्य** सरकार की योजना के अनुसार सभी आवासीय कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा ताकि एक भी घर पेयजल और सीवर लाइन सुविधा से छूट न जाए। योजना का सर्वे कराने के बाद राज्य सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।
>
> **ओमप्रकाश सिंह, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग**

**योजना में दो नये बूस्टर पंप बनेंगे** : उक्त योजना में केन्द्र सरकार की हर घर को जल तथा नल से योजना के आधार पर सर्वे किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में दो नये बूस्टर पंप बनाने की योजना है ताकि ऊंचाई वाले स्थानों पर भी पेयजल की आपूर्ति आसानी से हो सके। एक भी घर पेयजल आपूर्ति से अछूता न रहे।

**दो गांवों में कार्य पूरा** : जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के दावों के अनुसार परिषद के गांव रायपुर और जखोपुर में पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन बिछा दी गई है। जखोपुर में सीवर लाइन का कार्य एक या दो स्थानों पर अधूरा है। जल्द ही रुके हुए कार्य को पूरे कराए जाएंगे।

# भोजन के बहाने ओबीसी कार्यकर्ताओं को मजबूत बना रही बीजेपी

## गुरुग्राम में ओबीसी बाहुल्य बूथों को चिह्नित करने में जुटी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मानेसर मंडल में ओबीसी मोर्चा के हरियाणा प्रभारी गजेंद्र यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**ओबीसी** कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार को गुरुग्राम के 11 मंडलों में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का प्रवास रहा। इस दौरान उन्होंने गुरुग्राम में ओबीसी बाहुल्य बूथों को चिन्हित करने का काम किया। आगामी समय में होने वाले नगर निगम चुनावों की एक तरह से यह तैयारी है। हर मंडल में ओबीसी कार्यकर्ता के घर पर राष्ट्रीय नेताओं ने भोजन किया।

फरूखनगर में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदू लाल साहू, खेड़की दौला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेलभाई कांजीभाई मसानी, बादशाहपुर में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर रायका, नवीन मंडल में सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता का प्रवास रहा। इसके अलावा डूंडाहेड़ा मंडल में राष्ट्रीय महामंत्री निखिल आनंद, दयानंद मंडल में राष्ट्रीय मंत्री यशपाल सूवर्णा, सरस्वती मंडल में राष्ट्रीय मंत्री कृष्ण महतो, अर्जुन मंडल में राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय आईटी प्रमुख राहुल नागर व अजय सहरावत, शीतला मंडल में राष्ट्रीय मंत्री रशपाल वर्मा, मानेसर में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी गजेंद्र यादव, सोहना में प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र सैन का प्रवास रहा।

पूर्व मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कांबोज के मुताबिक प्रवास के दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। साथ ही पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने मंडल में ओबीसी बाहूल्य बूथों को चिहिन्त करने का काम करें। इसके साथ-साथ जो ओबीसी के की-वोटर हैं, उनकी एक सूची बनाई जाए तथा उनको भाजपा से जोड़ा जाए।

पूर्व मंत्री कांबोज ने कहा कि प्रवास के दौरान राष्ट्रीय नेताओं ने पदाधिकारियों को पन्ना समिति बनाने, पार्टी का सहयोग करने और हर पन्ना समिति में अपने कम से कम एक ओबीसी कार्यकर्ता को शामिल करने का काम करें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने मंडल में स्थित ओबीसी वोटरों की बैठक भी ली और उनका भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया।

# लापरवाही : सर्दी में भी बीके अस्पताल के मरीज पानी को तरसे

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आए दिन मरीजों को विभिन्न तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्यों के कारण मरीजों को अक्सर परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में दवाओं के अभाव से भी मरीज रोज परेशान होते है। लेकिन रविवार को यहां भर्ती मरीजों के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। मरीजों को न तो अस्पताल में पीने का पानी उपलब्ध हो सका न ही शौचालय में पानी मौजूद था। जिसके कारण उनका अस्पताल में रुकना भारी हो गया था। ऐसे में अस्पताल में मरीजों के तीमारदार या तो घरों से पानी लेकर पहुंचे या फिर उन्हें अपनी जेब ढीली करके मरीजों को पानी पिलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### अस्पताल में चल रहे मरम्मत के कारण मरीजों को रही है असुविधा




**शौचालय में गंदगी का आलम :** बीके अस्पताल में रविवार को बिन पानी सब सून वाली कहावत सही साबित होती नजर आई। वार्डों में जहां एक तरफ पेजयल उपलब्ध नहीं था। वाटर कूलर में एक बूंद पानी नहीं थी। दूसरी तरफ यहां भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों ने बताया कि सुबह से उन्हें शौचालय में भी पानी नहीं मिला। जिसके कारण शौचालय में चारों तरफ गंदगी फैली नजर आई। वहीं कुछ मरीज तो बिस्तर छोड़ कर बीके अस्पताल के बाहर बने शौचालयों में जाते हुए नजर आए।

**नहीं हुआ समाधान :** हालांकि अस्पताल में तैनात वार्ड बॉय और सफाई कर्मचारियों ने इंचार्ज को कई बार फोन करके सूचना दी। लेकिन दोपहर दो बजे तक भी अस्पताल में पानी का प्रबंध नहीं हो पाया। जिसके कारण मरीजों को परेशानी होती रही। शिकायत करने के बावजूद मरीजों और तीमारदारों की परेशानी की तरफ किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।

**उपलब्ध नहीं है पानी :** कर्मचारियों की माने तो आधे से ज्यादा अस्पताल भवन में पानी नहीं आ रहा है। वहीं अस्पताल में ऐसे स्थानों पर पानी मौजूद था, जो मरीजों की पहुंच से दूर था। अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में पानी उपलब्ध था। लेकिन वहां मरीजों और तीमारदारों के जाने पर प्रतिबंध है। वहीं प्रथम तल पर प्रसूति कक्ष के अंत में गैलरी की टैंकी में पानी आ रहा था। उसका इस्तेमाल भी मरीज व जच्चा नहीं कर सकती थी। ऐसे में उन्हें पेयजल के साथ शौचालय के पानी के लिए भी तरसना पड़ा।

# सिर पर चोट मारकर युवक की हत्या, पिता ने मृतक के दोस्तों पर जताया हत्या का शक

### सेक्टर 21 डी की ग्रीनबेल्ट पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था मृतक युवक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


शवगृह के पास खड़े मृतक के परिजन। इनसेट में इरफान का फाइल फोटो।

**सेक्टर 21** डी की ग्रीनबेल्ट पर शराब के ठेके से कुछ ही दूरी पर एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। इस बात का पता चलते ही उसका दोस्त घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों में युवक को मृत घोषित कर दिया।

पिता ने बेट के दोस्तों पर उसकी हत्या करने का संदेह जताया है। क्योंकि एक दोस्त मृतक को उसकी दुकान से बुलाकर अपने साथ ले गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस संदेह के आधार पर उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

थाना एनआईटी में दर्ज मामले के मुताबिक बड़खल गांव निवासी अब्दुल करीम ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि उनका 35 वर्षीय बेटा इरफान पिछले करीब दस साल से किराने की दुकान चला रहा था। इरफान के परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटियां और एक बेटा है। अब्दुल करीम का कहना है कि अन्य दिनों की तरह शनिवार की शाम को भी इरफान अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान इरफान का दोस्त शोएब वहां पहुंच गया। बातचीत के बाद इरफान ने परिजनों को कुछ देर में लौटने की बात कही और शोएब के साथ शाम करीब पांच बजे निकल गया। करीब दो घंटे बाद परिजनों को पता चला कि शोएब, साहिब और हसीन इरफान को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। मृतक के पिता अब्दुल करीम परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि इरफान को मृत घोषित कर दिया गया है। इरफान के दोस्तों ने परिजनों को बताया कि वह उन्हें घायल अवस्था में सेक्टर 21 डी की ग्रीनबेल्ट में पड़ा हुआ मिला था। इरफान के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। दोस्तों द्वारा बताई जा रही बात परिजनों के गले नहीं उतर रही। क्योंकि इनमें शामिल शोएब ही इरफान को बुलाकर अपने साथ ले गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना एनआईटी की प्रभारी निरीक्षक सुनीता रानी का कहना है कि मृतक इरफान के सिर पर दोनों तरफ किसी भारी चीज से चोट मारने के निशान पाए गए है। मामले में दोस्तों की भूमिका संदिग्ध है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बिना मौसम बरसात भी कम नहीं कर सकी प्रदूषण



बरसात के कारण सड़को पर स्वयं को छाते से बचाकर गुजरते हुए सुरक्षाकर्मी और बरसात में भीगकर जाती महिला।

**फरीदाबाद।** मौसम के करवट लेने से रविवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी जारी रही। कुछ इलाकों में तेज बरसात भी रही। ठंडक बढ़ने से सड़कें खाली नजर आई। इसके बावजूद भी जिले का प्रदूषण कम नहीं हुआ। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार रविवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग सात गुना अधिक है।

रविवार को जहां दिनभर रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। वहीं हवाएं भी चलती रहीं। इससे मौसम में ठंडक बनी रही। रविवार को अधिकतम तापमान में लगभग चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। सुबह लगभग 10 बजे शहर के कुछ क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। दोपहर 12 बजे फिर से बूंदाबांदी हुई जो शाम तक रुक-रुक कर जारी रही। दोपहर को करीब तीन बजे सूर्य निकला, लेकिन बरसात और बादलों ने कुछ देर बाद ही उसे छिपने को मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। सभांवना जताई गई है कि आने वाले दो से तीन दिनों तक तापमान इसी के आस-पास बना रह सकता है। बरसात के बावजूद जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग सात गुना अधिक है। सेक्टर 16 क्षेत्र में 350, सेक्टर 11 क्षेत्र में 301, सेक्टर 30 क्षेत्र में 389 व एनआईटी क्षेत्र में 343 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चौथी राज्य रेस वाक चैंपियनशिप पांच फरवरी को सोनीपत में



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के अनुसार चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप का आयोजन 5 फरवरी को आईएमटी खरखौदा (सोनीपत) में किया जाएगा और इस राज्य प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा आयोजित 14 फरवरी से 15 फरवरी तक दो दिवसीय दसवीं नेशनल ओपन रेस वाकिंग चैंपियनशिप राँची (झारखण्ड) में हरियाणा राज्य की तरफ से भाग लेंगे। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर रेस वाक में पुरुष एवं महिला वर्ग भाग लेंगे,20 साल आयु वर्ग के लडके और लडकियां 10 किलोमीटर रेस वाक, 18 साल आयु वर्ग के लडके 10 किलोमीटर रेस वाक में और लडकी वर्ग 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में भाग लेंगी। राजकुमार मिटान ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 साल आयु वर्ग के एथलीट लडके 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में और लडकी 3 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने अपने जिलों के लिए पदक जीतने का कार्य करेंगी। एथलीट खिलाड़ियों के लिए विशेष संदेश: 20 साल आयु वर्ग लडका और लडकी में 16 फरवरी 2003 से 15 फरवरी 2007 तक जन्मतिथि वाले,18 साल आयु वर्ग लडका और लड़की 6 फरवरी 2005 से 5 फरवरी 2007 तक और 16 साल आयु वर्ग लडका और लड़की वर्ग में 6 फरवरी 2007 से 5 फरवरी 2009 तक की जन्मतिथि वाले रेस वाक एथलीट खिलाडी ही भाग लेंगे और सभी रेस वाक एथलीट खिलाडी अपने जन्म प्रमाण पत्र की आरिजनल कापी साथ में लेकर प्रतियोगिता स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### समर्थ व्यक्तियों को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए : नागर



**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर ने आज जरूरतमंदों को खेड़ी गांव में कम्बल वितरित किए। इस मौके पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा सरकार हर जरूरतमंद तक विकास पहुंचा रही है। इस कार्य में हमारी अंत्योदय योजना काफी हद तक सफल हो रही है। विधायक राजेश नागर ने सैकड़ों लोगों को कंबल बांटे और उन्हें अपना ख्याल रखने की हिदायत दी। उन्होंने बहुत से लोगों से परिवार का हाल भी जाना। नागर ने बताया कि वह हजारों परिवारों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। उन्होंने सर्दियों में बचाव करने के लिए भी लोगों से अपील की। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार वास्तव में जनता सरकार है जिसका उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी विकास को पहुंचाना है। सरकार ने भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सभी तक पहुंच को साकार किया है और जनता भी सरकार का भरपूर सहयोग किया है। नागर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। आज यहां बिना भेदभाव के कार्य हो रहे हैं जिससे आज एक गरीब से गरीब व्यक्ति का बच्चा भी अधिकारी बन रहा है, खिलाड़ी बन रहा है, पढ़ रहा है और आगे बढ़ रहा है। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र बिधूड़ी, वीरपाल नरवत, विजयपाल तेवतिया, अमित भारद्वाज, धर्म, उम्मेद सिंह, किशन, विजय पंडित सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### खंदावली में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बल्लभगढ़।** खंदावली गांव के सामुदायिक भवन में सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद ने जैस्ट अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ने रिबन काट कर अपने कर कमलों से किया। इस अवसर पर समाजसेवी दीपक डागर ने कहा कि इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने से आमजन को बहुत फायदा मिलता है।आम आदमी की घर बैठे ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच हो जाती है ओर दवाईयां भी उपलब्ध हो जाती है।नर सेवा ही नारायण सेवा है। इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ओर संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा का शिविर के मुख्य संयोजक पूर्व सरपंच निसार ने गांव की सरदारी के साथ फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन स्वागत किया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि जनहित सेवा संस्था का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग से जरुरतमंद लोगों की सेवा करना है। इस तरह से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व निशुल्क नेत्र जांच शिविर संस्था समय -समय पर आपसी सहयोग से आयोजित करती रहती है। शिविर के मुख्य संयोजक पूर्व सरपंच निसार ने बताया कि इस तरह के निशुल्क शिविर समय - समय पर आपसी सहयोग से आयोजित करते रहते है।आज शिविर में 200 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में मुख्य रूप से ईसीजी, ईको, बीपी, शुगर, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल जांच, सामान्य जांच, महिला विशेषज्ञ, हृदय विशेषज्ञ,जरनल फिजिशियन विशेषज्ञ ने लोगों की निशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की।

# प्रतियोगिताओं में परचम लहराने वाले युवाओं को किया सम्मानित



**बल्लभगढ़।** अपनी मेहनत और लगन के बल पर ऊंचे पदों पर चयनित होने वाले और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को बल्लभगढ़ परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

मलेरणा रोड स्थित कार्यालय पर विजेंद्र फौजदार के संयोजन में आयोजित सम्मान समारोह में ओलंपिक और एशियन खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त मनीष नरवाल, भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित मयंक फौजदार, आकाश तंवर को एयर फोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर, साक्षी रावत के कैग में अकाउंट ऑफिसर के पद पर चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया। कमल के चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल करने पर सबरजीत सिंह फौजदार, सेक्टर 2 आरडब्ल्यू के पूर्व प्रधान सूबेदार पतराम, चंदावली किसान संघर्ष समिति के प्रधान किशन सिंह चहल, आरडब्ल्यू सुभाष कॉलोनी के प्रधान शैलेश राजौरा, आरडब्ल्यू संजय कॉलोनी के महासचिव जिले सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद डागर,गंगाराम तेवतिया, आरडब्ल्यू सेक्टर 64 के प्रधान सुरेश पंचाल सहित बल्लभगढ़ परिवार के अमरदीप शर्मा, चरण सिंह, कन्हैया लाल शर्मा, शिवकुमार, जगत सिंह राणा, महिला शक्ति की प्रधान पूनम सिनसिनवार, वीरेंद्र फौजदार, नेत्रपाल सिंह, नेम सिंह, बहादुर सिंह, राजेश फौजदार और ओमप्रकाश पांचाल सहित परिवार के अनेक सदस्यों ने होनहार बच्चों को सम्मानित किया।

# क्राउन प्लाजा ग्रेटर ने जीता आइकॉनिक लग्जरी होटल खिताब

### शानदार आतिथ्य और लज़ीज भोजन एवं पेय अनुभव के लिए जाना जाता है होटल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**होटल** क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने हाल ही में संपन्न हुए टाइम्स हॉस्पिटेलिटी आइकॉन अवार्ड्स में दिल्ली/एनसीआर में आइकॉनिक लग्जरी होटल का खिताब जीतकर एक और ताज अपने नाम किया। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने होटल के महाप्रबंधक शरद के उपाध्याय को अवार्ड देकर सम्मानित किया।

क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा अपनी शानदार आतिथ्य और लज़ीज भोजन एवं पेय अनुभव के लिए जाना जाता है। प्रकृति और आधुनिकता से घिरे ग्रेटर नोएडा में स्थित, होटल आपकी सभी आतिथ्य आवश्यकताओं, चाहे व्यक्तिगत हों या पेशेवर सभी को पूरा करने के लिए, सेवाओं की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है।

इस मौके पर शरद के. उपाध्याय, महाप्रबंधक सीपीजीएन ने कहा, अपने काम के लिए सम्मान प्राप्त करना किसी भी व्यक्ति के लिए एक बड़ा इनाम है। हम सबसे प्रतिस्पर्धी उद्योगों में से एक हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र का हिस्सा हैं, जहां आपको अपनी सेवाओं और नवाचार में शीर्ष पर रहने की आवश्यकता होती है, जबरदस्त प्रतिस्पर्धा के बीच यह सम्मान हमारे होटल के लिए खास है। हम दिल्ली/एनसीआर में आइकोनिक लक्ज़री होटल होने का सम्मान पाकर खुश हैं, यह हमारे सभी सहयोगियों का उत्साह बनाए रखने और आगे बढ़ने के लिए अद्भुत प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, मैं अपने संरक्षकों, मेहमानों और दोस्तों को हम पर और हमारी सेवाओं पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, हम यहां उनकी वजह से हैं और उनके प्यार ने हमें यह पुरस्कार जीतने में मदद की है।

टाइम्स हॉस्पिटेलिटी आइकॉन अवार्ड्स सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटेलिटी का जश्न मनाते हैं और इस सेगमेंट में प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं। इस गाला में दिल्ली/एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया, जिनमें; होटेलियर्स, शेफ, रेस्तरां आदि के महाप्रबंधक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे की लत पूरी करने के लिए चुराई बाइक, पकड़ा गया



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने बाइक चोरी करने के आरोप में करण निवासी शिवदुर्गा विहार को गिरफ्तार किया है। शहर के शिवदुर्गा विहार से कुछ दिन पहले एक युवक की मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर ने सूचना दी थी कि उस चोरी की हुई बाइक को करण नाम का युवक किसी को बेचने की फिराक में है। टीम ने उसे प्रहलादपुर सूरजकुंड रोड से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में करण ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले का रहने वाला है, फरीदाबाद में वह ऑटो चलाता है। नशे की लत पड़ने के कारण वह बाइक आदि चोरी का उन्हें बेचता है। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि करण पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# जन समस्याओं के विरोध में पूर्व विधायक ने निकाला जुलूस




प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** क्षेत्र की पूर्व विधायक शारदा राठौर के नेतृत्व में राजीव कॉलोनी बल्लभगढ़ में जन समस्याओं को लेकर विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च में बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियों ने भाग लिया और जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस विरोध मार्च में कुछ युवकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व बढ़ते अपराध को लेकर प्रतीकात्मक मुखोटे पहने हुए थे।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए शारदा राठौर ने कहा कि जब से भाजपा सरकार बनी है। समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिना पैसे के लोगों के जायज काम भी नहीं हो पाते हैं। छोटे-छोटे कामों को लेकर गरीब आदमी सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं। वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे हैं। खराब अर्थव्यवस्था के चलते लोगों की जेब में पैसा नहीं है। हर कॉलोनी में पढ़े-लिखे लोगों की फौज देखने को मिल जाएगी लेकिन नौकरी नहीं है। नौजवान कुंठा व निराशा का शिकार हो रहे हैं। राशन कार्ड कटने से गरीब आदमी बेहद व्यथित है। बुढ़ापा पेंशन कटने से बुजुर्ग पीड़ा में हैं।

गरीब जनता की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। बल्लभगढ़ विधानसभा में पीने का पानी बहुत बड़ा मुद्दा है लेकिन इस समस्या को लेकर कोई काम नहीं हो रहा है। लोग खरीद कर पानी पीने को मजबूर हैं। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। हर तरफ कूड़े के ढेर देखे जा सकते हैं। नगर निगम को घोटाले करने से फुर्सत नहीं है। कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। लोगों का विश्वास सरकार से उठ चुका है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक की हम इस सरकार को जड़ से ना उखाड़ दे।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय अरोड़ा, अश्वनी कौशिक, राजेंद्र चौहान, सोनू शर्मा, शिव कुमार भाटी, राजपाल, देवेंद्र त्यागी, सुखी यादव, विनोद वशिष्ठ, विजेंद्र सिंह, राव धर्मपाल, परवीन लोहिया, गजेंद्र सिंह अंकित, बालमोहन, कमला, सुमति बिड्डू, सुरेंद्र कटारिया, संजय सोलंकी, पप्पू गोपाल बहल, ओमवीर, काले सिंह, राजू, शशि शर्मा, मनोहर, सिराजुद्दीन, कालिका, अभय झा, आसाराम व सुधीर सिंह उपस्थित थे।

# शिक्षकों के दायित्व विषय पर परिचर्चा आयोजित


वार्षिक पत्रिका स्वर्ण प्रभास का मुख्य अतिथि एवं प्रमुख शिक्षाविद के साथ विमोचन करते विभिन्न कॉलेजों के प्रिंसिपल।

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल के साथ मिलकर नई शिक्षा नीति को लागू करने में शिक्षकों के दायित्व विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया। इस परिचर्चा में भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज, हरियाणा प्रांत मंत्री सुनील शर्मा एवं कार्यकारिणी के अनेक सदस्यगण मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से डॉक्टर कृष्ण कांत गुप्ता, प्राचार्य, अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़, डॉक्टर एम के गुप्ता, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, और मोहना गवर्मेंट कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य के अतिरिक्त अनेक शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय शिक्षण मंडल के ध्येय वाक्य से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंकरानंद ने अपने प्रभावपूर्ण संबोधन से समस्त शिक्षकों के मन में शिक्षा एवं शिक्षण के प्रति नया दृष्टिकोण, नया जोश एवं नई सोच जागृत की। उन्होंने अपने वक्तव्य में समस्त शिक्षकों को स्वयं को भगवान मानते हुए प्रत्येक छात्र को भगवान सदृश बनाने की सलाह दी।

# सरपंचों के अधिकारों पर कुठाराघात है ई-टेंडरिंग योजना : शर्मा

### कई गांवों के सरपंचों ने की पूर्व विधायक से मुलाकात, सौंपा ई-टेंडरिंग के खिलाफ ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ई-टेंडरिंग योजना का विरोध जताते पूर्व विधायक व अन्य।

**हरियाणा** सरकार की ई-टेंडरिंग योजना को लेकर अब फरीदाबाद के सरपंचों ने भी विरोध करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को कई गांवों के सरपंचों ने पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा से उनके सीकरी स्थित कार्यालय पर मुलाकात कर अपना विरोध दर्ज करवाया और उन्हें ज्ञापन भी सौंपा।

सरपंचों ने आरोप लगाया कि ई-टेंडरिंग व्यवस्था पूरी तरह से गलत है और यह गांवों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सीधे तौर पर अपमान है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने कहा कि वह भी ई-टेंडरिंग के पक्ष में कतई नहीं हैं। सरपंच गांव का एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि होता है और उसके बाद गांवों की अनेकों समस्याएं होती है, ऐसे में मात्र दो लाख रूपए की राशि से वह क्या कर सकता है, इस राशि से गांव की सफाई तक नहीं होगी। सभी सरपंच पारदर्शी होते है और अपने अकाउंट सही रखते है, ऐसे में अगर अधिकारियों को उनके कार्यो पर कोई दिक्कत है तो वह उनकी जांच करें। 20 लाख से ऊपर के विकास कार्य पहले भी टेंडर के माध्यम से होते थे, अब इस प्रणाली में सरपंचों का कोटा घटाकर 2 लाख कर दिया है, जो गलत है। सरपंचों को विकास कार्यों के लिए साल में कम से कम 10-15 लाख रुपये मिलने चाहिए। कहा कि आज प्रदेश में हर व्यवस्था ऑनलाइन हो गई है। उन्होंने सरपंचों को विश्वास दिलाया कि वह इस मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर उनके समक्ष रखेंगे और उनसे सरपंचों को सरकार से कम से कम 10 से 15 लाख रुपए की राशि विकास के लिए दिए जाने की मांग रखेंगे। विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरपंचों के पक्ष में ही फैसला लेंगे। इस अवसर पर गांव ततारपुर के नवनियुक्त सरपंच सुरेंद्र कुमार शर्मा, गांव देवली के सरपंच विजय राम, भगोला से राकेश वशिष्ठ, अखिल वशिष्ठ, संदीप कुमार, तोताराम सहित अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# सिंधु जल समझौता
## पाकिस्तान की ज़िद

**नई दिल्ली** ने इस्लामाबाद को सिंधु जल समझौते पर जिद पकड़ने के कारण चेतावनी देने का फैसला किया है। सिंधु जल समझौते–आईडब्लूटी में संशोधन के लिए भारत ने उचित ही पाकिस्तान को नोटिस दी है। यह समझौता दोनों देशों के बीच नौ साल लंबी वार्ता के पश्चात 1960 में हुआ था। आमतौर से इसे दुनिया का एक सर्वाधिक सफल जल–साझा समझौता माना जाता है और विश्व बैंक भी इसमें हस्ताक्षरकर्ता है। सिंधु जल समझौते–आईडब्लूटी के क्रियान्वयन पर इस्लामाबाद की 'कट्टरता' के कारण यह नोटिस देना जरूरी हो गया था। पिछले पांच साल से भारत भारत के किशनगंगा व राटले पनबिजली परियोजनाओं के बारे में चर्चा कर इनका समाधान करना चाहता है, पर पाकिस्तान अपनी जिद पर अड़ा है और मुद्दे के समाधान से इनकार कर रहा है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, भारत ने हमेशा आईडब्लूटी को पूरी तरह क्रियान्वित करने का दृष्टिकोण सामने रखा है, पर पाकिस्तान इसमें बाधायें डाल रहा है। 2015 में उसने एक तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा दो पनबिजली परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच का सुझाव दिया था। लेकिन एक साल बाद वह एकपक्षीय रूप से पीछे हट गया और उसने मध्यस्थ अदालत द्वारा निर्णय का प्रस्ताव किया। भारत ने एकसाथ चलने वाली दो प्रक्रियाओं का विरोध किया और विश्व बैंक ने 2016 में उसकी आपत्ति को स्वीकार किया। यह इस तथ्य के बावजूद है कि स्वयं आईडब्लूटी में ऐसे मुद्दों के समाधान की व्यवस्था है। संधि के अनुसार तीन 'पूर्वी नदियों'–व्यास, रावी व सतलज के पानी का नियंत्रण भारत के पास है और तीन 'पश्चिमी नदियों'–सिंधु, चिनाब व झेलम का नियंत्रण पाकिस्तान के पास है। इससे भारत को पूरी सिंधु व्यवस्था के कुल जल के लगभग 20 प्रतिशत पर अधिकार मिलता है, जबकि बाकी पाकिस्तान के पास है। आईडब्लूटी के अनुसार पश्चिमी नदियों के पानी पर भी भारत का अधिकार सीमित सिंचाई तथा बिजली पैदा करने, नौवहन, 'फ्लोटिंग आफ प्रापर्टी', मत्स्य पालन, आदि का असीमित अधिकार है।



समस्या का मुख्य कारण भारत के प्रति पाकिस्तान की असीम घृणा है। वह अभी 1971 का भारत–पाक युद्ध तथा अपने देश का विखंडन भूला नहीं है और इस कारण भारत को कोई रियायत देने के पक्ष में नहीं है। हालांकि, विश्व व्यापार संगठन के अनुसार सभी सदस्य देशों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन'–एमएफएन का दर्जा देना जरूरी है और भारत ने पाकिस्तान को एमएफएन दर्जा दिया भी था, पर पाकिस्तान ने पिछले दो दशकों से ऐसा करने से इनकार किया। इसके बाद भारत ने भी उससे यह दर्जा वापस ले लिया। इसका कारण यह है कि 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' या उर्दू में 'सबसे पसंदीदा मुल्क' ऐसी बात है जिसकी अनुमति पाकिस्तान का 'डीप स्टेट' और चरमपंथी हो चुका समाज कभी नहीं देगा। आज जब पाकिस्तानी रुपया तेजी से गिर रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से समाप्त हो रहा है तथा अर्थव्यवस्था ढह रही है, तब भी उसके जनरल व जिहाद की बात करने वाले राजनेता व सार्वजनिक व्यक्ति भारत के साथ संबंध सुधारने के इच्छुक नहीं हैं। भारत के साथ व्यापार से निश्चित रूप से पाकिस्तान को सहायता मिलेगी, पर इस्लामाबाद व रावलपिंडी में बैठे सत्ता के नशे में चूर लोग नई दिल्ली के साथ संबंध सामान्य नहीं करना चाहते हैं। वे आतंकी समूहों का समर्थन कर वित्तीय कार्रवाई कार्यबल–एफएटीएफ का गुस्सा मोल लेने को तैयार हैं, पर भारत के साथ संबंध बेहतर बनाने की ओर नहीं बढ़ सकते हैं, हालांकि ऐसा करना उनके अपने ही हित में है। इसलिए भारत द्वारा सिंधु जल समझौते–आईडब्लूटी के मामले में पाकिस्तान को कोई रियायत न देने के निर्णय में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है।

# तकनीक से न्याय व्यवस्था में तेजी

भारतीय अदालतों में कृत्रिम बुद्धि–एआई के प्रयोग से न्याय जल्दी मिलने तथा लंबित मामलों की समस्या से निपटने में सहायता मिलेगी।



**प्रशांत तिवारी**
(लेखक, लोक नीति विशेषज्ञ हैं)



सरकार तथा न्यायपालिका के बीच वर्तमान समय में जारी टकराव का आम नागरिकों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसके कारण न्याय मिलने में विलंब हो सकता है क्योंकि राजनीतिक दृष्टिकोण तथा सरकार के हस्तक्षेप के कारण न्यायपालिका पर बोझ बढ़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप नागरिकों के मामलों की सुनवाई व उनके समाधान में ज्यादा समय लग सकता है। इससे नागरिकों में निराशा की भावना पैदा हो सकती है तथा न्याय व्यवस्था पर उनका विश्वास कमजोर हो सकता है। इसके अतिरिक्त सरकार और न्यापालिका का ध्यान अपने सत्ता संघर्ष पर ज्यादा केन्द्रित हो सकता है जिससे नागरिकों की आवश्यकताओं व सरोकारों की अनदेखी संभव है। इससे कानून व्यवस्था में विश्वास और घटेगा तथा नागरिकों की न्याय तक पहुंच व अपने अधिकारों की सुरक्षा कठिन हो सकती है। भारतीय न्याय व्यवस्था पर पहले से ही बड़ी संख्या में लंबित मामलों का बोझ है और इससे न्याय मिलने में विलंब होता है। यह प्रमुख चिन्ता का विषय है क्योंकि इससे 'कानून का शासन' कमजोर होता है जिसके परिणामस्वरूप न्यायपालिका तथा समग्र रूप से विधि व्यवस्था में विश्वास कमजोर हो सकता है।

भारतीय अदालतों में लंबित मामलों का एक प्रमुख कारण जजों की कमी है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, भारतीय अदालतों में लगभग 40 मिलियन लंबित मामले हैं, जबकि जजों की निर्धारित संख्या केवल लगभग 20,000 है। इसके कारण हर जज के पास बड़ी संख्या में मामले पहुंचते हैं जिससे मुकदमों के निपटने में समय लगता है। जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया नौकरशाही व राजनीतिक दृष्टिकोण से अक्सर धीमी हो जाती है जिससे जजों की कमी और बढ़ जाती है। लंबित मामलों का एक और कारण अदालतों की कार्यप्रणाली है जो पूरी क्षमता का प्रयोग नहीं करती है।

भारतीय अदालती व्यवस्था अपनी धीमी गति के कारण कुख्यात है जिससे मामले निपटने में सालों लग जाते हैं। इसके अनेक कारण हैं जिनमें तकनीक की कमी, उपयुक्त ढांचागत संरचना एवं संसाधनों का अभाव तथा अदालती स्टाफ के प्रशिक्षण की कमी भी शामिल है। इसके अतिरिक्त कानूनी प्रक्रिया अक्सर विलंबों एवं स्थगनों का शिकार होती है जिससे मुकदमों के निस्तारण में अतिरिक्त समय लगता है। लंबित मुकदमों का हाशियाकृत व कमजोर तबकों को न्याय तक पहुंचने पर प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, मुकदमों के निस्तारण में बहुत अधिक समय लगने से अपराध पीड़ितों व खासकर महिलाओं व बच्चों को न्याय नहीं मिल पाता है। अधिक विलंब के कारण आरोपी को जमानत पर रिहा किया जा सकता है, जिससे वह पहले से ही अपराध से प्रभावित लोगों का पुन: उत्पीड़न कर सकता है। लंबित मामलों का काफी आर्थिक प्रभाव भी पड़ता है क्योंकि मुकदमों के विस्तारण में विलंब उत्पादकता व आर्थिक वृद्धि में कमी का कारण बन सकता है।

मुकदमों के निस्तारण में विलंब से विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर होता है जिससे निवेश हतोत्साहित होता है व आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है। संक्षेप में भारतीय अदालतों में लंबित मामले कानून के शासन को नुकसान पहुंचा सकते हैं और इसके कारण न्यायपालिका तथा संपूर्ण विधि व्यवस्था में विश्वास घट सकता है। लंबित मामलों का कारण जजों की कमी, अदालतों का कमजोर कामकाज तथा संसाधनों की कमी है।

लंबित मामलों से निपटने के लिए भारतीय विधि व्यवस्था में व्यवस्थित सुधारों की जरूरत है। इनमें जजों की संख्या बढ़ाना, अदालतों को उपलब्ध ढांचागत संरचना व संसाधनों में सुधार तथा अदालतों की क्षमता बढ़ाने के लिए तकनीक का प्रयोग शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि–एआई में भारतीय अदालतों में लंबित मामलों की संख्या काफी घटाने की क्षमता है। लेकिन विधि व्यवस्था में एआई के क्रियान्वयन में सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके साथ ही संभावित चुनौतियों तथा सीमाओं पर भी ध्यान देना होगा। भारतीय अदालतों में एआई का एक संभावित प्रयोग अनुमान के आधार पर विश्लेषण है। अनुमान आधारित विश्लेषण का प्रयोग पिछले मामलों में पैटर्नों व प्रवृत्तियों के अध्ययन में हो सकता है। इससे जजों व वकीलों को वर्तमान मामलों में ज्यादा सूचना आधारित निर्णय करने में सहायता मिलेगी। इसके कारण कानूनी प्रक्रिया तेज हो सकती है तथा लंबित मुकदमों का बोझ घट सकता है। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि अनमान आधारित विश्लेषण में प्रयोग एल्गोरिद्म पूर्वाग्रह रहित हो तथा इसके माध्यम से कुछ खास लोगों के समूह पर निशाना न लगाया जाए। इसके साथ ही अनुमान आधारित विश्लेषण के विधि व्यवस्था में प्रयोग से पारदर्शिता व जवाबदेही के मुद्दे भी खड़े होंगे क्योंकि निर्णय लेने की प्रक्रिया इससे कम पारदर्शी होगी तथा वह जटिल एल्गोरिद्म पर ज्यादा निर्भर हो जाएगी। भारतीय अदालतों में एआई का एक और संभावित प्रयोग दस्तावेजों की स्वत: समीक्षा हो सकती है। स्वत: दस्तावेज समीक्षा का प्रयोग कर तेजी से बड़ी संख्या में विधिक दस्तावेजों की छंटाई हो सकेगी जिससे वकीलों व जजों को प्रासांगिक सूचना पहचानने में सुविधा होगी। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि एआई व्यवस्था सटीक ढंग से प्रासांगिक सूचना की पहचान कर सके तथा उसमें गलतियों व गलत सकारात्मकताओं को स्थान न मिले। इसके साथ ही स्वत: दस्तावेज समीक्षा के प्रयोग से अदालत में क्लर्कों तथा अन्य विधि पेशेवरों का रोजगार प्रभावित हो सकता है जो वर्तमान समय में यह काम अपने हाथों से करते हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए कुछ दिशानिर्देश बनाने होंगे जहां प्रार्थनापत्रों को प्रशिक्षित बारकौंसिल–संस्तुत वकीलों के पास पहुंचने से पहले इनसे गुजरना होगा। गलतियों तथा तकनीकी कमियों से निपटने के लिए हर निर्णय की पुष्टि प्रशिक्षित जज द्वारा करनी अनिवार्य होगी।

एआई–संचालित चैटबोट का प्रयोग भारतीय अदालतों में खासकर जिला अदालतों व ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा सकता है। यहां वे सूचना व निर्देशन के माध्यम से भारी बोझ का सामना कर रहे अधीनस्थ न्यायिक कर्मचारियों की विधि प्रक्रियाओं में सहायता कर सकते हैं। इससे अदालती कर्मचारियों का बोझ घटेगा तथा नागरिकों के लिए विधि सूचना तक पहुंच आसान होगी। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि चैटबोट सटीक व अद्यतन सूचना देने में सक्षम हो तथा इसमें गलतियों या भ्रम की ज्यादा संभावना न हो। इसके साथ ही चैटबोट के प्रयोग से व्यक्तिगत संवाद में कमी आ सकती है तथा विधि व्यवस्था में मानवीय संवेदना प्रभावित हो सकती है।

संक्षेप में कहा जाए तो भारतीय अदालतों में लंबित मुकदमों की समस्या केवल मानवीय हस्तक्षेप से ही समाप्त नहीं हो सकती है। न्याय व्यवस्था में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप व दृढ़ इच्छाशक्ति की भी जरूरत है। भारतीय अदालतों में कृत्रिम बुद्धि–एआई के क्रियान्वयन में लंबित मामलों की संख्या बहुत घटाने तथा विधि व्यवस्था की क्षमता में भारी सुधार की संभावनायें निहित हैं। लेकिन कृत्रिम बुद्धि–एआई के क्रियान्वयन में सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके द्वारा संभावित परिवर्तनों तथा इसकी सीमाओं पर भी ध्यान देना जरूरी होगा। इसके लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि एआई व्यवस्थायें पूर्वाग्रह–रहित हों, जवाबदेह हों तथा इनसे नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित हो। विधि व्यवस्था में एआई प्रयोग के नैतिक प्रभावों पर भी गौर करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई के प्रयोग से व्यक्तिगत संवाद में कमी न आए तथा विधि व्यवस्था से मानवीय संवेदना समाप्त न होने पाए।

# भारत-मिस्त्र संबंध मजबूत करने के प्रयास

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल–सिसी ने 74वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए मुख्य अतिथि के रूप में एक दिलचस्प विकल्प चुना, जो किसी अरब देश से पहली बार हुआ था। चुनाव भू–राजनीतिक और रणनीतिक सुझावों से भरा हुआ है जो वास्तविक राजनीति और बेहतर इंद्रियों में निहित हैं। सभ्यताओं और ऐतिहासिक जुड़ावों के पारस्परिक लोगों के रूप में, द्विपक्षीय संबंध आंतरायिक उतार–चढ़ाव से गुजरे हैं जो आंतरिक राजनीतिक मुद्रा और ब्लॉक दबावों की मजबूरियों से उत्पन्न हुए हैं।

जवाहरलाल नेहरू और गमाल अब्देल नासिर के साथ टीटो, नकरमाह और सुकर्णो ने संयुक्त रूप से किसी भी बड़ी शक्तियों के विशेष हितों की सेवा के लिए सामूहिक रक्षा की व्यवस्था के उपयोग से परहेज की दिशा में गुटनिरपेक्ष आंदोलन चलाया था। भारतीय संदर्भ में, उस विचार के रंग रणनीतिक स्वतंत्रता के अपने आधुनिक पाठ्यक्रम में मौजूद हैं। हालांकि, सह–धार्मिकता के विचारों ने सुनिश्चित किया था कि मिस्त्र 1965 और 1971 के युद्धों में पाकिस्तान के पक्ष में मजबूती से खड़ा था, साथ ही, पाकिस्तानियों ने 1967 (छह–दिवसीय युद्ध) और 1973 (योम किपुर युद्ध) में मिस्त्रियों को सैन्य साधन प्रदान किए थे। चूंकि दोनों प्रमुख गैर–नाटो सहयोगी भी थे, उनके पास एक ब्लॉक गुरुत्वाकर्षण था। फील्ड मार्शल सिसी (मिस्त्र की सेना में पूर्व जनरल) जिन्होंने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार (मुस्लिम ब्रदरहुड के मोहम्मद मुर्सी) को अपदस्थ कर दिया था, ने भारत के संविधान को अपनाने के उत्सव की अध्यक्षता की जिसने सेना पर नागरिक नियंत्रण के साथ भारतीय आख्यान का तख्तापलट किया था। विडंबना अपने सबसे अच्छे रूप में। तकनीकी के बाद लगभग सभी विपक्ष (विपक्ष से 40,000 को कैद करने के बाद) को खारिज कर दिया था, सिसी ने कथित तौर पर डाले गए 97 प्रतिशत लोकप्रिय वोटों को जीता है। सिसी, होस्नी मुबारक (मिस्त्र की वायु सेना के एयर चीफ मार्शल भी) के पुराने स्कूल से एक अधिनायकवादी हैं, केवल अधिक कठोर हैं। संयोग से, भारतीय गणतंत्र दिवस पर उन्होंने मार्च में दुनिया के असली और सबसे बड़े लोकतंत्र को देखा।



सैन्य परेड की घायल यादें 26 जनवरी को दिल्ली में अब्देल सीसी के दिमाग को पार कर गई होंगी, 1981 में एक युवा कप्तान के रूप में, सैन्य परेड के दौरान राष्ट्रपति अनवर सादात (एक पूर्व सैनिक भी) की हत्या से सिसी का मिस्त्र हिल गया था। मार्चिंग टुकड़ियों और हथियारों के प्रदर्शन के हिस्से के रूप में, एक तोप के टुकड़े को खींचने वाले ट्रकों में से एक हत्यारे दल ने अचानक गठन से बाहर छलांग लगा दी और राष्ट्रपति के मंच पर हमला कर दिया, घातक रूप से। कट्टरपंथी मिस्त्र के इस्लामिक जिहाद (मिस्त्र के सैन्यकर्मी भी) के धार्मिक चरमपंथी अनवर सादात के धर्मनिरपेक्ष और शांतिवादी बंधनों से स्पष्ट रूप से परेशान थे और इसलिए उन्होंने हमला किया था। दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में, सिसी ने एक अत्यधिक अनुशासित, अराजनीतिक और संवैधानिक सेना की एक विपरीत विपरीत छाप जमा की होगी।

मिस्त्र अपने मार्चिंग दल के साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाला चौथा देश था। कथित तौर पर भाग लेने वाले चार विदेशी दलों में से तीन मुस्लिम–बहुल देशों यानी संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश और मिस्त्र से थे (फ्रांस चौथे स्थान पर था)। दिलचस्प बात यह है कि मिस्त्र के मार्चिंग दस्ते के ठीक पीछे बेरंग के घोड़ों में शानदार 61वें कैवलरीसॉवर थे, जिन्होंने मिस्त्र की पृष्ठभूमि के साथ अपनी कोशिश की थी। पूर्व भारतीय रियासतों की इंपीरियल सर्विस स्टेट फोर्सेस की विभिन्न इकाइयों से समामेलित, 61 वीं कैवेलरी के डीएनए में जोधपुर, मैसूर, पटियाला, आदि के पूर्व राज्यों के लांसर्स हैं, जिन्होंने आखिरी और सबसे बहादुरी से सफल युद्ध में भाग लिया था। 23 सितंबर 1918 को हाइफा में आधुनिक सैन्य इतिहास में घुड़सवार सेना के आरोप। एक जर्मन–नेतृत्व वाला तुर्क अभियान बल स्वेज नहर को जब्त करने के लिए मिस्त्र की ओर बढ़ रहा था और मिस्त्र के अभियान दल के खिलाफ खड़ा किया गया था और हाइफा की बस्ती तुर्क सेना को हराने के लिए महत्वपूर्ण थी। 15वीं (इंपीरियल सर्विस) कैवलरी ब्रिगेड, जो जोधपुर, मैसूर और हैदराबाद की रियासतों की स्टेट रेजीमेंटों से बनी थी, को ऑटोमन बलों के खिलाफ मशीन गन आदि के साथ लगभग असंभव कार्य के लिए आमंत्रित किया गया था।

जोधपुर लांसर्स के तेजतर्रार मेजर दलपत सिंह शेखावत के नेतृत्व में भारतीय लांसर्स ने अपनी निडरता, दुस्साहस और ओटोमन्स को पूरी तरह से भगाकर ऑटोमन्स को चौंका दिया था। 1350 जर्मन और तुर्क कैदियों को ले जाया गया, और आठ भारतीय लोगों की जान चली गई (मेजर दलपत सिंह सहित, जिन्हें मरणोपरांत मिलिट्री क्रॉस से अलंकृत किया गया था)। मिस्त्र के अभियान बलों को बहुत राहत मिली और हाइफ़ा की लड़ाई एक महत्वपूर्ण मोड़ बन गई, जिसका श्रेय भारतीय कैवेलरी तत्वों को जाता है।

समय और परिस्थितियां एक पूर्ण चक्र में आ गई हैं और आम खतरों ने दोनों प्राचीन भूमि को अलग–अलग शासन संरचनाओं के साथ घेर लिया है। अब्देल सिसी ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सूचना और खुफिया जानकारी के आदान–प्रदान को बढ़ाने के लिए भारत के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत के साथ अपने युद्धों में पाकिस्तान का समर्थन करने वाले एक राष्ट्र के लिए, काहिरा अब भारत के तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, आकाश मिसाइल सिस्टम और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के स्मार्ट एंटी–एयरफील्ड वेपन की खरीद की संभावना तलाश रहा है।

यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है क्योंकि मिस्त्र के सैन्य हार्डवेयर का एक बड़ा हिस्सा भी चीन से आता है, उदाहरण के लिए, बमवर्षक, लड़ाकू, मिसाइल प्रणाली, जहाज, पनडुब्बी, ड्रोन, आदि, जबकि नियंत्रण रेखा के पार भारत की दासता अभी भी वीभत्स है। सह–धार्मिकता का घिसापिटा और थका देने वाला रिकॉर्ड, जो अरब शेखों के साथ और अब्देल सिसी जैसे निरंकुश लोगों के लिए भी घिनौना और तकलीफदेह लग रहा है, जो मिस्त्र में मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे धार्मिक शुद्धतावाद के खिलाफ खुद को बचाने की कोशिश करते हैं। एक परिवर्तनकारी रीसेट के लिए एक इंडो–मिस्त्र फ्रेमवर्क तैयार है।

## आप की बात

### महिला अधिकार

**प्रजातंत्र** के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर विभिन्न प्रचलित कानूनों में सुधार व बदलाव की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है, मगर यह विडंबना ही है कि हर वाजिब सुधार को धर्म जाति और राजनीति के चश्मे से देखने की एक मनोवृति चल पड़ी है। कोई कानून चाहे देश हित में या महिलाओं के हित में कितना ही महत्वपूर्ण क्यों ना हो उसे विशेष चश्मे से देखने के कारण देश में एक व्यर्थ की बहस चल निकलती है और मूल मुद्दा जहां का तहां लटकता रह जाता है। संस्थानों में समान ड्रेस कानून का भी यही हश्र हुआ। इसे धार्मिक मुद्दा बना लिया गया जबकि अधिसंख्य मुस्लिम देशों में बुर्का प्रथा लगभग समाप्त हो चुकी है। और ईरान में तो इसके लिए महिलाओं ने जान तक की कुर्बानियां दी । धार्मिक बंधनो की दुहाइयां देकर पहले अनेक धर्मगुरु हर अच्छे कदम का विरोध शुरू कर देते हैं और बाद में उसे राजनीतिक सपोर्ट मिलने लगता है। तड़का लगाकर मीडिया रही सही कसर पूरी कर देता है। अब वक्त आ गया है कि खुद महिलाओं को ही अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा। महिलाओं की वेशभूषा को पुरुषवादी नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह उनकी प्रगति में बाधक है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### राष्ट्रपति का संदेश

**राष्ट्र** के नाम अपने पहले गणतंत्र दिवस संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने भारत गणतंत्र के संस्थापक आदर्शों को दोहराया। भारत के सर्वोच्च और प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी महिला के रूप में वह हमारे संस्थापकों के आदर्शों के अनुसार लोकतंत्र, बहुलवाद और समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण की भारत की निरंतर यात्रा की प्रतीक हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने पांच दशक पहले अंत्योदय की कल्पना की थी। आधुनिक काल के बंधुत्व और लोकतंत्र के मूल्य वास्तव में सम्राट अशोक के समय की प्राचीन भारतीय संस्कृति की सीख से प्राप्त हुए हैं। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ हमारा संघर्ष आजादी हासिल करने के लिए उतना ही था जितना अपने आदर्शों की फिर से खोज करने के लिए। भारत का सार अनेक पंथों और अनेक भाषाओं में निहित है और फिर भी उन्होंने हमें विभाजित नहीं किया बल्कि हमें एक किया है। इस साल हमने भारतीय गणतंत्र की 74वीं वर्षगांठ मनाई, अगले साल भारतीय गणतंत्र भी अमृत काल में प्रवेश कर जाएगा। ऐसे में परंपरा, ज्ञान, आधुनिकता व विज्ञान का सामंजस्य हमें और शक्तिशाली बनाएगा।

**परमवीर केसरी,** मेरठ

### मध्यपूर्व में हिंसा

**शुक्रवार** की रात पूर्वी येरुशलम स्थित यहूदी पूजास्थल में हुई गोलीबारी में एक 70 वर्षीय महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह वर्षों में इजरायलियों पर सबसे घातक हमला था और इससे अधिक रक्तपात की संभावना बढ़ गई थी। हिंसा और प्रतिहिंसा का विरोध करने के बावजूद घटना को व्यापक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। अमेरिका को केवल फिलिस्तीनियों द्वारा की गई हिंसा ही दिखाई देती है। तभी तो उसने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए इस वारदात की कड़े शब्दों में इसे जघन्य कृत्य करार दिया । मगर एक दिन पहले जेनिन के फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप में इस्त्राइली सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 9 फिलिस्तीनियों को मार गिराया था। तब अमेरिका को दु:ख नहीं पंहुचा था। कब्जे वाले वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में जनवरी में इज़रायली बलों द्वारा मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या पांच बच्चों सहित कम से कम 29 लोगों तक पहुंच गई है। मध्यपूर्व में हिंसा समाप्त करने के लिए न्यायोचित व निष्पक्ष दृष्टिकोण जरूरी हो गया है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**भारत** और फ्रांस के रणनीतिक संबंधों की 25वीं वर्षगांठ है। भारत व फ्रांस एकसाथ वैश्विक भलाई की शक्ति हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पाकिस्तान** व भारत के बीच कोई बैकचैनल बातचीत नहीं हो रही है।

– **हिना रब्बानी खार**
पाकिस्तानी मंत्री





**एकता,** सद्भावना, समता एवं संप्रभुता भारतीय संविधान के चार स्तंभ व गणतंत्र की आत्मा हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दे रही सरकार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारनेए दक्षएऔर सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत करने के लिए मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है।युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर अपने गांव घर का नाम रोशन करेंगी और गांवों की खेल प्रतिभाएंए दुनिया में भारत का परचम लहरायेगीं।

मनरेगा योजनान्तर्गत स्टेडियमएओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क गांवों में बनाये जा रहे हैं और इनका उपयोग भी किया जा रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि खेलों के महत्व व महत्ता के दृष्टिगत मनरेगा के तहत लक्ष्य से कहीं अधिक पार्कों व स्टेडियम का निर्माण कराया गया है और उम्मीद है कि वित्तीय वर्ष के अन्त तक लक्ष्य से दो गुना खेल मैदानों का निर्माण हो जायेगा। वर्तमान वर्ष 202223 के श्रम बजट में 5516 खेल मैदान बनाने का लक्ष्य से कहीं अधिक 8226 खेल मैदान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण के अंतर्गत मनरेगा खेल मैदानों को मनरेगा पार्क के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिसमे बुजुर्गों के लिए घूमनेध्टहलने के साथ साथ बच्चों के मनोरंजन हेतु झूलों का एवं किशोरों हेतु ओपेन जिम का निर्माण भी कराया जा रहा है वर्ष 2018 से अब तक प्रदेश में 21168 खेल मैदान का निर्माण मनरेगा योजना अंतर्गत कराया गया है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने सपा प्रमुख पर कसा तंज

## ● अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य को राष्ट्रीय महासचिव बनाकर अपना मंतव्य साफ कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्रीरामचरितमानस** की एक चौपाई को लेकर टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मार्य को सपा में राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मार्य ने अखिलेश यादव पर तंज कसा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रविवार को ट्वीट किया, मानसिक रूप से विक्षिप्त हो चुकी है समाजवादी पार्टी ने अपना हिंदू विरोधी चरित्र उजागर कर दिया है। श्रीरामचरितमानस को अपमानित करने वाले को सपा बहादुर अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय महासचिव बनाकर खुद सपा के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी है।

विनाशक काले विपरीत बुद्धि। भाजपा के प्रदेश सह संपर्क प्रमुख नवीन श्रीवास्तव ने रविवार को अपने ट्वीट में कहा, कोई कुछ भी कहे । उल्लेखनीय है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने पिछले रविवार को एक बयान में श्रीरामचरितमानस की एक चौपाई का जिक्र करते हुए इसे महिलाओं तथा पिछड़ों के प्रति अपमानजनक करार दिया था और इस पर पाबंदी लगाने की मांग की थी। उनके इस बयान पर खासा विवाद उत्पन्न हो गया था। संत समाज और हिन्दूवादी संगठनों ने इसका कड़ा विरोध किया था। इस मामले में मौर्य के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने डंके की चोट पर स्वामी प्रसाद मौर्य को श्रीरामचरितमानस के अपमान का ईनाम राष्ट्रीय महासचिव बनाकर, अपना मंतव्य साफ कर दिया है।

कांग्रेस नेता ललन कुमार ने कहा, अखिलेश यादव ने मौर्य को राष्ट्रीय महासचिव का पद दिया है। अब यह दिख रहा है कि मौर्य ने किसके निर्देश पर रामचरितमानस के खिलाफ दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिया था।

## सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बसपा छोड़कर आए नेताओं को भी मिली अहम भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पार्टी के 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची साझा की है। सपा की इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जहां शिवपाल को राष्ट्रीय महासचिव बना कर किनारे कर दिया गया वहीं रामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मार्य का सपा ने और अधिक कद बढ़ाते हुए पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। इतना ही नही 2022 के चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सपा में शामिल होने वाले पूर्व मंत्री लालजी वर्मा और राम अचल राजभर को भी राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पार्अी ने अखिलेश यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष, किरणमय नंदा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राम गोपाल यादव को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं बनाया गया है। इसके अलावा मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य सहित 14 राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए। इसके अलावा विशंभर प्रसाद निषाद, अवधेश प्रसाद, इंद्रजीत सरोज, रामजीलाल सुमन, जो एंटोनी, हरेंद्र मलिक और नीरज चौधरी को भी राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व सौंपा गया है। डॉक्टर मधु गुप्ता, कमाल अख्तर, दयाराम पाल, राजेंद्र चौधरी, राजीव राय, राम बख्श वर्मा, अभिषेक मिश्रा, जावेद आब्दी, रमेश प्रजापति, पीएन चौहान, आकिल मुर्तजा, अखिलेश कटियार, रामआसरे विश्वकर्मा, तारकेश्वर मिश्रा, हाजी इरफान अंसारी, रामराज पाल, त्रिभुवन दत्त, राममूर्ति वर्मा और वीरपाल यादव को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। विशेष रूप से जया बच्चन, राम गोविंद चौधरी, अबू आसिम आजमी और लीलावती कुशवाहा जैसे नेताओं को भी कार्यकारिणी में जगह दी गई। इस 62 सदर्स्इय कार्यकारिणी में अल्ताफ अंसारी, किसान सिंह सैंथवार, व्यास जी गौड़ और मौलाना इकबाल कादरी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

# विधान परिषद के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य निर्वाचन अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि विधान परिषद के 3 खण्ड स्नातक यथा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक, कानपुर खण्ड स्नातक एवं बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक तथा 2 खण्ड शिक्षक यथा. इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक एवं कानुपर खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन 2023 के लिए सोमवार 30 जनवरी को मतदान होगा। उन्होने बताया कि निर्वाचन गोरखपुर . फैजाबाद खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह, कानपुर खण्ड स्नातक से निर्वाचित सदस्य अरूण पाठक, बरेली-मुरादाबाद खण्ड स्नातक से

## ● चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 458 भारी वाहन, 1321 हल्के वाहन तथा 4,941 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं

निर्वाचित सदस्य डॉ. जय पाल सिंह व्यस्त तथा इलाहाबाद . झांसी खण्ड शिक्षक से निर्वाचित सदस्य श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं कानपुर खण्ड शिक्षक से निर्वाचित सदस्य राजबहादुर सिंह चन्देल का कार्यकाल 12 फरवरी 2023 को समाप्त होने के कारण हो रहा है । सिंह ने बताया कि मतदान प्रात: 8 बजे से शुरू होकर सायं 4 बजे तक चलेगा उक्त निर्वाचन हेतु प्रदेश के 39 जिलों प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी, ललितपुर कानपुर नगर कानपुर देहात उन्नाव, बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, बदॉयू, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, सम्भल, बहराइच, श्रावस्ती, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, सन्त कबीर नगर, गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी तथा अम्बेडकरनगर में मतदान होगा। सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मण्डलायुक्त, बरेली, झांसी, गोरखपुर एवं कानपुर उक्त निर्वाचन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर तथा उक्त मण्डल के अपर आयुक्त, प्रशासन के अतिरिक्त 39 जनपदों के जिलाधिकारीए सहायक रिटर्निंग आफिसर अधिसूचित हैं। 03 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 6ण्32 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेए जिनमें 3ण्93 लाख पुरूष एवं 2.39 लाख महिला मतदाता है। 03 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 826 मतदेय स्थल बनाये गये है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 02 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों कुल 53.92 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेए जिनमें 35.05 हजार पुरूष एवं 18.87 हजार महिला मतदाता है। 02 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 238 मतदेय स्थल बनाये गये है। 03 खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 44 प्रत्याशी तथा 02 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 19 प्रत्याशी अर्थात् 05 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 63 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक.एक प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 594 सेक्टर मजिस्ट्रेटए 234 जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये हैं। सभी मतदेय स्थलों पर शत प्रतिशत माइक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 458 भारी वाहनए 1321 हल्के वाहन तथा 4,941 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं उक्त निर्वाचन में मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग पीठासीन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये बैगनी रंग के पेन से किया जायेगा। उक्त निर्वाचन मतपत्रों के आधार पर होता है एवं मतदाताओं द्वारा अभ्यर्थी के नाम के सामने अधिमान का क्रम अंकों में अंकित किया जाता है । मतदान पार्टियां 39 जनपदों से 29 जनवरीए 2023 को अपने.अपने मतदेय स्थलों के लिए रवाना होंगी।

श्री सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 10 अन्य पहचान पत्र ;यथा . आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्डय भारतीय पासपोर्ट, राज्यध्केन्द्र सरकारए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान पत्रय सांसदों, विधायको, पार्षदों को जारी किये गए सरकारी पहचान.पत्रय शैक्षिक संस्थाओए जिनमें सम्बन्धित शिक्षक, तक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित होए द्वारा जारी सेवा पहचान.पत्रय विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री, डिप्लोमा का मूल प्रमाण.पत्रय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाण.पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी काड,ए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयए भारत सरकार मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान किये जाने हेतु मान्य होंगे। उक्त निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। निर्वाचन की मतगणना 02 फरवरी 2023 को प्रात: 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना बरेलीए झांसीए गोरखपुर एवं कानपुर में होगी।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम के तहत 7 देशों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# परिवहन निगम की बसों की रात्रि सेवाएं व ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग पुनः बहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम की स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन टिकटों की बुकिंग एवं रात्रि सेवाओ की व्यवस्था पुन: बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि अब मौसम में सुधार रह रहा है । यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बुकिंग जरूरी है।

ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ;यूपीएसआरटीसीद्ध ने कोहरे के कारण 15 दिसम्बर 2022 से रोडवेज बसों के लिए रात्रिकालीन सेवाओं की ऑनलाइन बुकिंग निलंबित कर दी थी। मौसम की स्थिति में अब सुधार को देखते हुए यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने परिवहन मंत्री से रात्रि सेवा की बसों का संचालन एवं टिकटो की ऑनलाइन बुकिंग शुरू करने के लिए मार्गदर्शन लेते हुएएउनके निर्देशों के अनुपालन में रात्रि सेवा जिन्हें पहले कोहरे की स्थिति के कारण रोक दिया गया था, जिसे अब बहाल कर दिया है एवं उन सभी रात्रिकालीन सेवाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग अब प्रारम्भ कर दी गई है। श्री सिंह ने बताया कि कोहरे के कारण हो रही दुघर्टनाओ के दृष्टिगत रात मे बसो का संचालन नियंत्रित कर दिया गया था।

उन्होंने बताया कि जान माल की क्षति को बचाया जा सकेए इसलिए रात्रिकालीन सेवाओं को 1 माह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया थाएपरंतु अब मौसम ठीक हो जाने के कारण इसकी आवश्यकता नही है।

# प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी 17 फरवरी से

**लखनऊ।** निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डा. आरके तोमर ने बताया कि गत वर्षों की भाँति प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2023 का आयोजन 17, 18 व 19 फरवरी 2023 को राजभवन प्रांगणए लखनऊ में किया जायेगा।

प्रदर्शनी में प्रदेश में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यान, गृहवाटिकाओं, कार्यालयों, शिक्षा संस्थाओं तथा पब्लिक पार्क आदि के उद्यान एवं प्राचीनध्ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों के विभिन्न वर्गों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का ऑनलाइनध्आफ लाइन पंजीकरण 16 जनवरी 2023 से किया जा रहा है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 02 फरवरी 2023 निर्धारित है। उन्होने बताया कि इच्छुक उद्यान तथा गृहवाटिका प्रेमियों से अपेक्षा की गयी है कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टियों के लिए अधिकाधिक संख्या में 02 फरवरी 2023 को सायं पांच बजे तक कार्यालय अधीक्षकए राजकीय उद्यानए आलमबागए लखनऊ में पंजीकरण आनलाइन, आफलाइन पर कराया जा सकता है। पंजीकृत उद्यानों तथा गृहवाटिकाओं के विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता की जजिंग 04 व 05 फरवरीए 2023 को निर्णायक टोलियों द्वारा की जायेगी।

# भाजपा को धन्यवाद दें राहुल गांधी : बृजेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कश्मीर में राहुल गांधी द्वारा लाल चौक पर तिरंगा फहराने के मामले में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा है कि आज कांग्रेस को भी भाजपा पर गर्व हो रहा होगा। अपने शासनकाल के दौरान राहुल गांधी को लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कभी भी सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में रविवार को जम्मू.कश्मीर में कानून का राज है। धारा 370 हटाने के निर्णय से जम्मू-कश्मीर के लोगों को मौलिक अधिकार प्राप्त हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने शासनकाल के दौरान राहुल गांधी को कभी भी लाल चौक पर तिरंगा फहराने का मौका नहीं मिला। उन्हें भाजपा सरकार को धन्यवाद कहना चाहिए। दस वर्ष तक यूपी में कांग्रेस का शासन रहाए तो विकास का पहिया थमा रहा। भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से आज आमजन को लाभ मिल रहा है।

# मुगल गार्डन का नाम बदलने से क्या ज्वलंत समस्याएं दूर होंगी : मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रपति** भवन के प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान किए जाने के एक दिन बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को सवाल उठाया कि नाम बदलने से क्या देश के करोड़ों लोगों की दिन-प्रतिदिन की ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी।

बसपा प्रमुख ने रविवार सुबह ट्वीट किया, कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश की समस्त जनता जबरदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से त्रस्त है, जिनके निदान पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय धर्मांतरण, नामांतरण, बायकाट और नफरती भाषणों के जरिए लोगों का ध्यान बांटने का प्रयास घोर अनुचित व अत्यंत दु:खद है। उन्होंने आगे लिखा, ताज़ा घटनाक्रम में राष्ट्रपति भवन के मशहूर मुगल गार्डन का नाम बदलने से क्या देश और यहां के करोड़ों लोगों की दिन-प्रतिदिन की ज्वलंत समस्याएं दूर हो जाएंगी। वरना फिर आम जनता इसे भी सरकार द्वारा अपनी कमियों और विफलताओं पर पर्दा डालने का प्रयास ही मानेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। यह उद्यान साल में एक बार जनता के लिए खुलता है। लोग इस साल 31 जनवरी से इस उद्यान की यात्रा का लुत्फ उठा सकेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन उद्यान उत्सव 2023 का उद्घाटन करेंगी।

राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने एक बयान में कहा, आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन उद्यान को अमृत उद्यान के रूप में समान नाम देकर प्रसन्न हैं।

# बेटियों की सुरक्षा व संरक्षा के लिए आरोहिणी इनीशिएटिव प्रशिक्षण एक फरवरी से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार राज्य के सभी 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बेटियों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए आरोहिणी इनीशिएटिव प्रशिक्षण की शुरुआत करने जा रही है जिसके तहत वंचित वर्ग की बेटियों में उनके जीवन में होने वाली घटनाओं की समझ पैदा करने के साथ ही अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, बेटियों को सक्षम बनाने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की पूर्णकालिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो न सिर्फ बेटियों को शिक्षित करेंगी बल्कि उनके लिए मददगार भी होंगी। शिक्षकों का प्रशिक्षण एक फरवरी से लखनऊ में शुरू होगा।

बयान में महानिदेशक (स्कूल शिक्षा) विजय किरण आनंद ने

## ● आरोहिणी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर सेंसटाइजेशनः विजय किरण आनंद

बताया, आरोहिणी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जेंडर सेंसटाइजेशन (लैंगिक संवेदनशीलता पैदा करना) है जो कि तीन चरणों में होगा। इसके तहत पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए एक फरवरी से हर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दो शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद ए शिक्षक विद्यालय की छात्राओं को शिक्षित करेंगी। शिक्षकों के साथ-साथ ए संस्था भी बेटियों को डिबेट एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित करेगी। तीसरा, समुदाय के स्तर पर काम होगा। इसमें लोगों में लैंगिक संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हैं, जिनमें से 56 को 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी इस पूरे कार्यक्रम की समय-समय पर समीक्षा करेंगे।

स्टडी हॉल एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहीं प्रियंका ने बताया, आरोहिणी जेंडर (लिंग) आधारित कार्यक्रम है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में वंचित वर्ग की बेटियां पढ़ने आती हैं, जिनके परिवारों में लैंगिक भेद-भाव काफी ज्यादा होता है। इस कार्यक्रम के तहत हमारा उद्देश्य है कि हम बच्चियों को उनके जीवन के विषय में समझा पाएं और उन्हें उनकी लड़ाई के लिए खुद ही सशक्त बना सकें। एक फरवरी से शुरू हो रहे कार्यक्रम में चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

समग्र शिक्षा अभियान और एनजीओ के बीच जो एमओयू हुआ है उसके अनुसार, संस्था द्वारा समस्त 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से दो पूर्णकालिक शिक्षकों (1492 शिक्षकों को वरीयता के आधार पर) को राज्य स्तरीय बालिका सुरक्षा एवं संरक्षण तथा सामुदायिक जागरूकता के मुद्दे पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राज्य में नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों की एक सूची जारी की है, जिसमें कक्ष निरीक्षकों के मोबाइल, कैलकुलेटर या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल करने पर रोक शामिल है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि परीक्षा केंद्रों पर 50 फीसदी बाहरी कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे और जिस विषय की परीक्षा होगी, उससे जुड़े शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

बयान के मुताबिक, बोर्ड परीक्षा के दौरान पुरुष कक्ष निरीक्षक किसी छात्रा की तलाशी नहीं ले सकेंगे। इसमें कहा गया है कि जिन केंद्रों पर लड़कियां परीक्षा देंगी, वहां महिला

## ● 40 से अधिक परीक्षार्थियों वाले परीक्षा कक्ष में तीन निरीक्षक तैनात किए जाएंगे

कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की जाएगी।

बयान के अनुसार, निहित स्वार्थ के लिए किसी भी शिक्षक या शिक्षिका को उसके अनुरोध पर किसी विशेष परीक्षा केंद्र पर तैनात नहीं किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों के मोबाइल, कैलकुलेटर या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का इस्तेमाल करने पर पाबंदी होगी।

बयान के मुताबिक, सभी दिशा-निर्देश नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सुनिश्चित कराने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के मद्देनजर तैयार किए गए हैं।

इसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला के हवाले से कहा गया है कि प्रत्एक परीक्षा कक्ष में दो निरीक्षक होंगे, जबकि 40 से अधिक परीक्षार्थियों वाले परीक्षा कक्ष में तीन निरीक्षक तैनात किए जाएंगे।

बयान के अनुसार, कक्ष निरीक्षकों को प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना होगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी परीक्षार्थी किसी भी नकल सामग्री, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न कर पाए।

बयान के मुताबिक, दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि कक्ष निरीक्षक परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि वहां परीक्षार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली कोई पाठ्य सामग्री, पोस्टर, चार्ट या लिखित निर्देश मौजूद न हों।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# विधायक, अधिकारियों और पत्रकारों ने क्रिकेट ग्राउण्ड पर दिखाया दम

**संवाददाता।** सीतापुर

**क्रिकेट** ग्राउण्ड पर रविवार को बेहतरीन नजारा देखने को मिला। एक ओर महोली विधायक शशांक त्रिवेदी अपनी टीम की हौसला अफ़ज़ाई करते नजर आए तो दूसरी ओर सीतापुर जिलाधिकारी अधिकारियों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते हुए दिखे। महोली के कृषक इण्टर कॉलेज मैदान पर विमला कौशल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित प्रशासन एकादश व पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। प्रशासन एकादश के कप्तान जिलाधिकारी अनुज सिंह व पत्रकार एकादश के कप्तान विधायक शशांक त्रिवेदी ने मैच के दौरान अपनी-अपनी टीम के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते नजर आए। मैच की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बल्लेबाजी में हाथ आजमाकर की लेकिन वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए। प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पत्रकार एकादश की ओर से विधायक शशांक त्रिवेदी के पुत्र यशोवर्धन त्रिवेदी और करन मगन ओपनिंग करने उतरे। प्रशासन एकादश के गेंदबाजों ने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर विधायक पुत्र यशोवर्धन त्रिवेदी को आउट कर दिया। यशोवर्धन को फाइलेरिया इंस्पेक्टर आर्यन शुक्ला ने बोल्ड आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतर अभय प्रताप सिंह का साथ करन मगन नहीं दे सके और 6 रन के स्कोर पर टीम को दूसरा झटका लगा। इसके बाद क्रीज पर आए अभय राज भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और अभय राज को एसए पिसावां अनूप कुमार ने बोल्ड आउट कर दिया।

इस प्रकार टीम का स्कोर 13 रन पर 3 विकेट हो गया फिर बैटिंग करने आए अस्मित त्रिवेदी भी सस्ते में चलते बने। अस्मित को नायब तहसीलदार महोली आलोक कुमार ने कैच आउट करा दिया। अब टीम का स्कोर 18 रनों पर 4 विकेट हो गया। इसके बाद पत्रकार एकादश के लगातार विकेट गिरते रहे। 31 रनों पर अरविन्द बाजपेई बिन्दू भी बोल्ड आउट हो गए। हालांकि पुराने खिलाड़ी रहे बिन्दू ने एक चौका और एक छक्का जरूर मारा लेकिन उन्हें शिक्षक सौरभ ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद 36 रन के स्कोर पर टीम को छठा झटका लगा जब रिजवान रन आउट हो गए। इसके बाद 89 रनों पर पत्रकार एकादश के 8 विकेट गिर चुके थे फिर बल्लेबाजी करने उतरे युवा बल्लेबाज पुनीत शर्मा ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए चौके-छक्कों की बरसात कर दी और टीम का स्कोर निर्धारित 16 ओवरों में 8 विकेट पर

## ● प्रशासन एकादश व पत्रकार एकादश के बीच हुआ मैत्री क्रिकेट मैच

150 रन तक पहुंचा दिया। आखिरी ओवर में कप्तान और विधायक शशांक त्रिवेदी ने भी बल्लेबाजी में हाथ आजमाए और नाबाद दो रन बनाए। एक ओर डीएम, अधिकारियों का हौसला बढ़ा रहे थे तो दूसरी ओर विधायक शशांक त्रिवेदी अपनी कमेन्ट्री से अपनी टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। विधायक की कमेन्ट्री पर दर्शक तालियां बजाते नजर आए वहीं ग्राउण्ड के अंदर खिलाड़ी भी विधायक की कमेन्ट्री से खुश दिखे। प्रशासन एकादश की ओर से आर्यन शुक्ला, अनूप कुमार, आलोक कुमार और सौरभ सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पत्रकार एकादश के बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। मैच में सीओ महोली अमन सिंह, नगर पंचायत महोली के अधिशासी अधिकारी, दिनेश कुमार, सीएचसी अधीक्षक महोली डा. इमरान व कोतवाली प्रभारी महोली अनूप शुक्ला ने बेहतरीन फील्डिंग कर दर्शकों का दिल जीत लिया। ईओ दिनेश कुमार ने तो एक बेहतरीन कैच भी लपका जिससे वह चोटिल भी हो गए। ईओ के कैच पर डीएम अनुज सिंह भी तालियां बजाते नजर आए। मैच के दौरान ग्राउण्ड के अंदर बीडीओ महोली प्रतीक सिंह भी अपने खिलाड़ियों को लगातार बकअप करते रहे। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन एकादश की ओर से फाइलेरिया इंस्पेक्टर आर्यन शुक्ला और कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और पहले ही ओवर में 16 रन जड़ दिए। इसके बाद प्रशासन एकादश के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैत्री क्रिकेट मैच में शानदार जीत दर्ज की।

प्रशासन ने जहां मैच जीता तो पत्रकार एकादश ने लोगों का दिल जीतकर पूरे ग्राउण्ड का नजारा ही बदल दिया। प्रशासन एकादश की ओर से मनोज बंसल, सिद्धार्थ सिंह, रामबाबू त्रिवेदी, रवि गिरि, बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर सत्यम वर्मा, प्रशांत सिंह आदि ने भी अपने खेल का जलवा दिखाया। पत्रकार एकादश की ओर से लवकुश, मोनू, अमित भदौरिया, अन्नू पाण्डेय, शिवप्रकाश मिश्रा, बंटी मिश्रा, रजनू आदि ने भी अपनी टीम को जिताने का भरसक प्रयास किया। मैच के दौरान पूरा ग्राउण्ड तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। विजयी टीम का ट्रॉफी प्रशासन एकादश के खिलाड़ी बीडीओ महोली प्रतीक सिंह को देकर पुरस्कृत किया गया। मैच में मोनू अवस्थी व मृदुल द्विवेदी ने बेहतरीन कमेन्ट्री कर दर्शकों को बांधे रखा वहीं अम्पायर की भूमिका राकेश अवस्थी व मंझिले सिंह ने निभायी।

मैच के स्कोरर अम्बुज मिश्रा व सनी बाजपेई रहे। वहीं मैच की तस्वीरों को कैमरामैन लव त्रिपाठी ने कैद किया। इस अवसर पर ऐलिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह 'संजू', पिसावां ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, महोली ब्लॉक प्रमुख जगदीश राजवंशी, गन्ना समिति चेयरमैन महोली धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा 'झल्लर', सागर गुप्ता, मनोज मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, प्रधान दुबावां कुसाग्र दीक्षित, विकास दीक्षित एडवोकेट, अनिरुद्ध मिश्रा 'भीम', तरून शुक्ला, पुनीत सिंह, मृत्युंजय मिश्रा, सनी बाजपेई, आवेश सिंह, मनीष सिंह, कमलजीत सिंह, मृदुल त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बस अड्डे पर जाम की समस्या को लेकर व्यापारियों से मंत्रणा



**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**बस** अड्डे पर लगातार जाम की समस्या को लेकर पुलिस ने दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित किया।

कोतवाली में आयोजित इस बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने बस अड्डा के दुकानदारों को यह निर्देश दिए कि बस अड्डा पर प्राइवेट, इलेक्ट्रॉनिक, रोडवेज बसों, ई-रिक्शॉ तथा अन्य चार पहिया वाहनों की पार्किंग पर रोक लगा दी गयी है। इसके बावजूद जाम की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने दुकानदारों से कहा कि वे अपनी दुकानें निर्धारित स्थान पर ही लगाएं। साथ ही दुकान के दोनों ओर दो फिट ऊंचे बंद कूड़ादान रखें जाएं। दुकानों के सामने वाहन पार्किंग अथवा कूड़ा करकट आदि के संबंध में जानकारी देने वाला एक व्यक्ति रखा जाए। अपनी दुकान के सामने खड़े होने वाले वाहनों का मुंह अपनी दुकान की ओर ही कराया जाए और दुकानदार अपने निजी वाहनों को दुकान के सामने न खड़ा कर कहीं अन्यत्र खड़ा करें। गौरतलब है कि लखनऊ हरदोई बस स्टाप पर लगातार जाम की समस्या बनी रहती है जिसके कारण लोगों को गंभीर समस्या से जूझना पड़ता है।

# एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने चलाया सघन अभियान

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**सूबे** में भाजपा की सरकार बनने के बाद एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया था। इसमें महिला पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में इस टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए थे। शुरुआती दौर में इस टीम ने जबरदस्त तरीके से कार्य करते हुए छेड़खानी करने वाले कई मनचलों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तारी भी की। स्कूलों के आसपास मंडराने वाले शोहदों को पकड़ा गया। पार्क और बाग.बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक हवालात में डाले गए। मनचलों में टीम का खूब टेरर बना था। लेकिन कुछ समय से यह टीम पार्क हो या फिर स्कूल,कालेज एंटी रोमियो स्क्वायड नजर ही नहीं आता था जबकि इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जनपदों के अफसरों के पेंच कसते हुए एंटी रोमियो स्क्वायड प्रभावी बनाने के आदेश दिए हैं। बावजूद उसके शायद कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में यह आदेश लागू होता नही दिख रहा जबकि बीते दिनों एक कॉलेज की छात्राओं से छेड़खानी की घटना भी सामने आई थी जिसको लेकर काफी उथल उथल भी मची लेकिन स्थित ज्यो की त्यों।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शन, निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से खीरी मे 'सड़क सुरक्षा माह' मनाया जा रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बढ़ते सड़कों के जाल व मोटर वाहन की संख्या के साथ सड़क दुर्घटनाएं भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस कारण हमारे भाई.बहन व समाज के कुछ लोग अकाल मौत के मुंह में चले जाते हैं। सड़क सुरक्षा सभी की समेकित जिम्मेदारी है, क्योंकि यह सभी को प्रभावित करती है। इसीलिए संकल्पित होकर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोगी बनें। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और हादसों में घायलों व मृतकों की संख्या में न्यूनतम करने के लिए उप्र शासन की सड़क सुरक्षा माह मुहिम का हिस्सा बने। यातायात नियमों का अनुपालन ना केवल स्वयं करें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डीएम ने कहा कि घर, दफ्तर या अन्य गंतव्य तक पहुंचने की जल्दबाजी में हम यातायात नियमों की अनदेखी करते है और यह जल्दबाजी दुर्घटना का कारण बन जाती है। सड़क पर हम पैदल जा रहे हों या गाड़ियों से, उस दौरान भी मोबाइल का प्रयोग करते हैं। मोबाइल पर बात करने की धुन में हम बिना आगे.पीछे देखे सड़क पार करते हैं या वाहन को मोड़ देते हैं। इससे भी हम दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। जरूरी है कि सड़क पर चलते समय सड़क के लिए बने नियमों का पालन जरूर करें। एआरटीओ 'प्रवर्तन' रमेश कुमार चौबे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी तभी आएगी जब हम ट्रैफिक नियमों का निष्ठापूर्ण पालन करना, सदैव निर्धारित गति सीमा में अपना वाहन चलाना, ड्राइव करते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना, हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट लगाना, गलत दिशा में ओवरटेक न करना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना, जरूरत में वाहन का हार्न बजाना, सड़क सुरक्षा चिह्नों को जीवनशैली में अपनाना आदि नियमों का सख्ती से अपने जीवन में अनुपालन शुरू करेंगे।

# भांजी की शादी में जा रहे युवक से जहरखुरानी गिरोह ने 30 हजार और मोबाइल लूटा

**बरेली।** लुधियाना की खुराना टायर फैक्ट्री में काम करने वाले युवक को जहरखुरानी गिरोह के सदस्यों ने नशा देकर जननायक एक्सप्रेस में की लूट बेहोशी हालत में जीआरपी ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती। लुधियाना में टायर कंपनी में काम करने वाला युवक अर्जुन सिंह अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए लुधियाना से अपने घर जिला गोंडा नया बाजार लस्सी चौक जननायक एक्सप्रेस से जा रहा था रास्ते में तीन जहर खुरानी गिरोह के सदस्य मिले उन्होंने पहले अर्जुन सिंह से दोस्ती की फिर दो केले खिलाए दो केले खाते ही अर्जुन सिंह पुत्र रामरतन बेहोश हो गया।

# जश्न ए गरीब नवाज़ का हुआ आयोजन



**संडीला( हरदोई )।** प्रसिद्ध सूफ़ी संत हज़रत ख्वाज़ा मुईनउद्दीन चिश्ती के उर्स के अवसर पर जश्न ए गरीब नवाज़ का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने गरीब नवाज़ के प्रेम और भाईचारे के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। दरगाह सागर मियां में आयोजित जश्न ए गरीब नवाज़ में बोलते हुए फरीदउद्दीन अहमद ने कहा कि हजरत ख्वाजा मुईन उद्दीन चिश्ती अजमेरी की दरगाह इंसानियत की मिसाल है। वह ईरान के संजर शहर से शांति, प्रेम, खुशहाली और भाईचारे का पैगाम लेकर हिन्दुस्तान आए और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोग उनके अनुयायी भी बने। इसी अवसर पर सज्जादा नशीन मुईजउद्दीन अहमद सागरी ने कहा कि सूफियों ने हमेशा प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया है। उनकी दरगाहों के दरवाजे सभी धर्मों, वर्गों और संप्रदायों के लिए खुले रहे हैं। वहां किसी के साथ भेदभाव नहीं होता। इसी मौके पर सूफी जाबिर अली ने कहा कि हिन्दुस्तान में ख्वाजा गरीब नवाज़ ने जो मोहब्बत की शमा रोशन की, उसकी रोशनी पूरी दुनिया में फैली। इसी मौके पर डॉ. जुबैर अहमद सिद्दीकी, सूफी मुन्ना साबरी, अनवारुल हक, हाफिज़ फ़रहान, हाफ़िज़ शाह आलम, हाफ़िज़ जीशान, हाफ़िज फरदीन, दावर रजा, फरहत महमूदुल हसन आदि ने नात और मनकबद पेश की।

# खिलाड़ियों को वितरित किए ट्रैक सूट और लोअर किट

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**राजा** प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज के फुटबॉल ग्राउंड पर क़स्बे के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और लोअर किट वितरित किए गए। सर्दियों के मौसम को देखते हुए फुटबाल कोच इमरान, भानु की मांग पर महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और लोअर किट वितरित किए गए। इस दौरान सुनील बत्रा ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट के युवाओं को आगे लाने और उनका टैलेंट और निखार के उद्देश्य से चलाई जा रही है, जिसकी कई दिग्गज खिलाड़ी खुद देखरेख कर रहे हैं। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी इमरान की तरफ से दिया जा रहा है। शिक्षा व खेलकूद में क़स्बे के खिलाड़ियों ने अपने दम पर क़स्बे को कई बार गौरंवित किया है। इस दौरान डॉक्टर एमआर सेठी, डॉ एनयू खानए गुरजीत सिंह बब्बू, रवि गुप्ता, जोगेंद्र शाक्य, राहुल गुप्ता, राजू कादरी, इमरान भानु, सुमित परमाण सहित अन्य व्यक्तिगण मौजूद रहे।

# बहराइच मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार** शाम ग्राम पनगीकला, बहराइच मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हुआ। हादसे में पांच व्यक्तियों की मौके पर, एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि 5 व्यक्ति घायल हैं। घायलों का चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

डीएम ने कहा कि पनगीकला में हृदय विदारक दुर्घटना हुई है, जिसमें छह लोगों की मृत्यु हो गई है। 5 लोग घायल हैं। सभी अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से सभी घायलों की हर संभव मदद की जा रही है। रविवार सुबह डीएम.एसपी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक सदर योगेश वर्मा के साथ

## ● डीएम-एसपी ने मृतकों के परिजनों को बंधाया ढांढस, जताई संवेदना

मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त करते हुए सरकार से दी जाने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने पोस्टमार्टम होने के बाद शवों को शव वाहन से उनके गांव भिजवाया। इस दौरान इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एसडीएम विधेश, सीओ सिटी संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस के अफ़सर मौजूद रहे।

डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने सड़क हादसे पर शोक जताया है। सीएम ने सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख, अगर मृतक कृषक है तो पांच लाख एवं गंभीर घायलों को रुपये पचास हजार की आर्थिक सहायता दिये जाने की घोषणा की है।

डीएम-एसपी ने शनिवार को पुन: सड़क हादसे वाले स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, संजय कुमार सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह, सीओ मोहम्मदी अरविंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अफसर मौजूद रहे।

# सेल्फस्टीम एंड बॉडी प्रोजेक्ट प्रशिक्षण का हुआ समापन

**निघासन खीरी।** विकास क्षेत्र रमियाबेहड़ में चल रहे तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम एवं बाडी प्रशिक्षण प्रोजेक्ट कार्यशाला प्रशिक्षण आज समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में संदर्भदाता/मास्टरट्रेनर के रूप में ओम प्रकाश सहायक अध्यापक, डॉक्टर अनुपमा मिश्रा एसआरजी, वैभव पांडेय सहायक अध्यापक, श्रुति श्रीवास्तव सहायक अध्यापक, के द्वारा जेंडर सेक्स, बॉडी टॉक, आदर्श रूप और जीवन कौशल से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण को काफी रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां, समूह कार्य कराए गए तथा ग्राउंड जीरो अर्थात स्कूलों में कैसे लागू किया जाएगा इसका विधिवत प्रशिक्षण दिया। ज्ञात हो कि यह प्रशिक्षण यूनिसेफ और सीमेट प्रयागराज के द्वारा उपलब्ध कराई गई जीवन कौशल आधारित 6 कॉमिक्स बुक्स के सेट पर विशेषता आधारित रहा। जनपद में यह प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पांडे के कुशल मार्गदर्शन में तथा जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस में खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों को प्रेरक उद्बोधन द्वारा संवेदनशील ढंग से प्रशिक्षण में बताई गई बातों को विद्यालय में लागू कराने हेतु प्रेरित किया तथा अंतिम दिवस में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करके प्रशिक्षण समाप्त किया गया।

# कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों की मनमानी

**संवाददाता।** मोहम्मदी.खीरी

**नगर** के कई मार्गों पर डग्गामार वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। डग्गामार वाहनों के कारण जहां परिवहन विभाग को लाखों रुपए महीने की चपत लग रही है, वहीं परमिटधारी वाहन स्वामियों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। सम्बंधित विभागों द्वारा कोई कार्रवाही न किए जाना सोचनीय बना हुआ है। हालांकि डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने के लिए समय.समय पर खबरें प्रकाशित होती रही हैं, कुछ दुखद घटनायें भी घटित हो चुकी हैं। जिसके बाद संभागीय परिवहन अधिकारी ने कुछ वाहनों पर कार्रवाई कर अपने काम की इतिश्री कर ली थी। डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग,परिवहन निगम,पुलिस और प्रशासन का है। बताया जाता है कि चारों विभागों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर डग्गामार वाहनों को बंद कराना चाहिए.लेकिन चारों विभागो द्वारा छुटपुट कार्यवाही से ही इतिश्री कर ली जाती है। कोई ठोस कार्रवाही न होने के चलते डग्गामार वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

# पेज एक का शेष

## ओडिशा के...

तथा उन्हें झारसागुजा जिला मु ख्या लय अस्पताल ले जाया गया। फिर बेहतर इलाज के लिए उन्हें वहां से एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर भेजा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नब किशोर दास के निधन पर दुख जताया। मोदी ने कहा कि ओडिशा सरकार में मंत्री श्री नब किशोर दास जी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से दुखी हूं। इस दुखद घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति।' मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दास के निधन से ओडिशा का बड़ा नुकसान हुआ है। वहीं, घटना के बाद ब्रजराजनगर में तनाव उत्पन्न हो गया है और बीजू जनता दल (बीजद) के मंत्री के समर्थक सुरक्षा चूक पर सवाल उठा रहे हैं। कुछ का दावा है कि मंत्री को निशाना बनाने के लिए साजिश रची गई। गौरतलब है कि मंत्री खनन केंद्र झारसुगुड़ा के ताकवर नेता थेऔर वर्ष 2019 के चुनाव से पहले कांग्रेस का साथ छोड़ बीजद में शामिल हुए थे। माना जाता है कि उनका कारोबारी हित कोयला खनन, परिवहन और आतिथ्य क्षेत्र में है। इस बीच, गोपाल दास की पत्नी जयंती ने गंजाम जिले के बरहमपुर स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्हें टेलीविजन चैनलों से जानकारी मिली है कि उनके पति ने मंत्री को गोली मारी है। जयंती ने बताया कि दास को गत सात-आठ साल से कुछ मानसिक समस्या है वह दवा लेता है और सामान्य दिखता है। उन्होंने बताया कि उनके पति ने सुबह बेटी को वीडियो कॉल किया था। जयंती ने बताया कि दास की मंत्री से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। उन्होंने सच्चाई सामने लाने के लिए गहन जांच की मांग की।

## श्रीनगर के...

यह रुख बहुत खतरनाक है क्योंकि इससे चीन का ऐसी आक्रामक कार्रवाइयां करने का हौसला और बढ़ेगा। उनका कहना था, मुझे लगता है कि चीन के साथ सख्ती से निपटने की जरूरत है और उसे यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि वह हमारी जमीन पर बैठा हुआ है और इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया, मैंने हाल ही में कई पूर्व सैन्यकर्मियों से मुलाकात की। लद्दाख के लोगों से मिला। उन्होंने स्पष्ट बताया कि चीन ने भारतीय क्षेत्र की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन ले ली है। राहुल गांधी ने यह दावा भी किया कि यह धारणा बनाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शायद इकलौते व्यक्ति हैं कि चीन ने भारत की कोई जमीन नहीं हथियाई है। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब इससे एक दिन पहले ही, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा था कि कुछ लोग जानबूझकर चीन मुद्दे के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। जयशंकर ने यह भी कहा था कि 1962 में चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया था, जबकि कुछ लोग ऐसा बताते हैं कि यह हाल ही में हुआ है। कश्मीर में कानून-व्यवस्था पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह को चुनौती देते हुए राहुल ने कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर में हालत इतने अच्छे हैं तो उन्हें जम्मू से श्रीनगर के लाल चौक तक पदयात्रा करनी चाहिए। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी से संबंधित मुख्य धारा के कश्मीरी नेताओं ने ध्वजारोहण समारोह से दूरी बनाए रखी। संवाददाता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ पार्टी पर संस्थाओं पर हमला करने का आरोप लगाया। जम्मू-कश्मीर में हुए स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि राज्य का दर्जा मिलना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली मौलिक अधिकार है और यह बेहद महत्वपूर्ण है।

## तीनों सेनाओं...

बजानी शुरू कर दी। इसके बाद अल्मोड़ा, केदारनाथ, संगम दूर, सतपुड़ा की रानी, भागीरथी और कोंकणा सुंदरी जैसी मोहक धुनें बजने लगीं। वायु सेना के बैंड ने अपराजेय अर्जुन, चरखा, वायु शक्ति, स्वदेशी, जबकि नेवी बैंड ने आकर्षक एकला चलो रे, हम तैय्यार हैं और जय भारती की धुनें बजाकर झूमने को मजबूर कर दिया। सेना के बैंड ने शंखनाद, शेर-ए-जवान, भूपाल, अग्रणी भारत, यंग इंडिया, कदम कदम बढ़ाए जा, ड्रमर्स कॉल और ऐ मेरे वतन के लोगों की धुन बजाकर सम्मोहित कर दिया। शानदार समारोह का समापन हमेशा की तरह लोकप्रिय धुन सारे जहां से अच्छा के साथ हुआ। अंधेरा बढ़ते ही विजय चौक और पूरा राष्ट्रपति भवन रंग-बिरंगी रौशनी से नहा गया। जो अलग ही जादू बिखेर रहा था।

## रजनीकांत की...

हैं, जो अपने व्यक्तित्व, नाम, आवाज, छवि, समानता और अन्य विशेषताओं के व्यावसायिक उपयोग के लिए स्वयं मालिक या कहें नियंत्रक हैं और कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति उनके व्यक्तित्व के किसी भी पहलू का व्यावसायिक दृष्टि से उपयोग या दुरुपयोग या नकल नहीं कर सकता। ऐसा संज्ञान में आया है कि विभिन्न प्लेटफॉर्म और माध्यम और साथ ही कई उत्पाद निर्माता कंपनियां हमारे रजनीकांत के नाम, आवाज, छवि, तस्वीरों और कैरिकेचर, कलात्मक छवि, कंप्यूटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न छवियों और अन्य विशेषताओं को जनता के बीच अपने उत्पाद को लोकप्रिय बनाने के लिए गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। अधिवक्ता ने नोटिस में चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति उल्लंघन करता पाया गया तो उसे कानून के अनुसार दीवानी और आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ेगा।

## प्रधानमंत्री ने...

ने बैठक में बताया कि मोदी सरकार द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के संदेश को फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंच का उपयोग कैसे किया जा सकता है। केंद्रीय बजट, 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार का आखिरी पूर्ण बजट होगा, जिनकी घोषणा अगले साल मार्च में की जा सकती है।

## सपा ने...

हुए लोकसभा चुनाव के दौरान अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के लिए जमकर चुनाव प्रचार किया और चुनाव में सपा की भारी जीत के बाद उन्होंने पार्टी का झंडा थाम लिया। उन्होंने 2018 में अपनी अलग प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) का गठन किया और 2019 का लोकसभा चुनाव लड़े। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव से नजदीकी होने के बाद शिवपाल ने सपा के ही निशान पर विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन जसवंत नगर से विधायक बनने के बाद फिर से अखिलेश यादव से उनकी दूरी हो गई थी। मुलायम सिंह के छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव और अखिलेश यादव के बीच की दूरी मैनपुरी उपचुनाव में चौथी बार खत्म हुई और तबसे चाचा-भतीजा के रिश्ते मजबूत हुए हैं। सपा की कार्यकारिणी में रामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को भी राष्ट्रीय महासचिव के रूप में महत्व मिला है।

## सरकार ने...

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी पूर्ण बजट हो सकता है। संसद सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से शुरू होगा और 13 फरवरी तक चलेगा।

## इंग्लैंड को...

लिए सिर्फ तीन रन चाहिए थे तब वह बोल्ड हो गई। सौम्या ने 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर जैसे ही विजई रन पूरा किया भारतीय खिलाड़ियों ने खुशी से मैदान में दौड़ लगाकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद टिटास ने शुरुआती ओवर में ही इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज लिबर्टी हीप को आउट कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। हीप खाता खोले बगैर टिटास को आसान कैच देकर वापस लौट गई। नींव हॉलैंड ने दूसरे ओवर में ऑफ स्पिनर अर्चना की गेंद पर चौका जड़ा लेकिन इस गेंदबाज ने पारी के चौथे ओवर में दो विकेट झटक कर शानदार वापसी की। अर्चना ने हॉलैंड बोल्ड करने के बाद कप्तान ग्रेस स्क्रिवेंस को चलता किया। हॉलैंड ने 10 जबकि सलामी बल्लेबाज स्क्रिवेंस ने चार रन का योगदान दिया। मैच के पांचवें ओवर में टिटास की गेंद पर विकेट कीपर ऋचा घोष ने रायन मैकडॉनल्ड-ग्रे का कैच टपका दिया। पावर प्ले में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 22 रन था। शेफाली का टिटास से लगातार चौथा ओवर कराना फायदेमंद रहा। इस तेज गेंदबाज ने सातवें ओवर में सेरेन स्मेल को तीन रन पर बोल्ड कर दिया। मैकडॉनल्ड-गे ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए आठवें ओवर में लेग स्पिनर पार्श्वी और नौवें ओवर में मन्नत के खिलाफ चौका जड़ा। पार्श्वी ने 10वें ओवर में सी पवेली (दो रन) और 12वें ओवर में मैकडॉनल्ड-ग्रे को चलता कर इंग्लैंड पर शिकंजा कस दिया। अर्चना ने कवर क्षेत्र में डाइव लगाकर एक हाथ से शानदार कैच लपक कर मैकडॉनल्ड-गे की 24 गेंद में 19 रन की पारी को खत्म किया। इंग्लैंड ने 50 रन पूरे होने से पहले छह विकेट गंवा दिए थे। जोजी ग्रोव्स सौम्या (चार रन) के शानदार थ्रो पर रन आउट हुई जो वहीं 14वें ओवर में शेफाली की गेंद पर ऋचा ने हैना बेकर (शून्य) को स्टंप किया। सोफिया स्मेल (11) ने हालांकि शेफाली के इसी ओवर में दो चौके जड़ 10 रन बटोरे। मन्नत कश्यप ने स्टोनहाउस (11) को सोनम के हाथों कैच कराया तो वहीं सोनम ने 17वें ओवर में सोफिया स्मेल को अपनी गेंद पर कैच कर इंग्लैंड की पारी को खत्म कर दिया।

# डीएम ने तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय किया का निरीक्षण

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** शिवाकान्त द्विवेदी ने आज तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण लगत रुपया 71.22 करोड़ है तथा इसमें 500 बालक तथा 500 बालिकाओं की आवसीय व्यवस्था है। जिलाधिकारी को अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि स्कूल के सामने एवं साइड में बहने वाले नाले के ओवर फ्लो होने से कैंपस में पानी भर जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता शारदा सागर खंड पीलीभीत को एक सप्ताह में इस समस्या के निस्तारण हेतु नाले का सर्वे कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि स्ट्रक्चर कार्य के साथ-साथ विद्युत कनेक्शन तथा फिटिंग, वायरिंग, पेयजल आदि कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय इसी शैक्षणिक सत्र में चालू किया जाना है, जिसके निर्माण के साथ-साथ यूटिलिटी कनेक्शन, एसटीपी एवं डब्ल्यूटीपी के कार्य भी अति शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन तत्काल किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल के पास में गौशाला स्थित है। अत: इसमें पशुओं के गोबर का प्रयोग कर गोबर प्लांट की स्थापना कर उसे हॉस्टल की मैस का कनेक्शन प्रदान कर इसका उपयोग किया जाए। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि स्कूल के पास में खोदे जाने हेतु किसी तालाब का चिन्हीकरण करें, जिससे स्कूल कैंपस में मिट्टी भराव किया जा सके। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, डीसी मनरेगा श्री गंगाराम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दरिद्रनारायण की सेवा ही असली धर्म : आचार्य देवकीनन्दन

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



**रूरा** कस्बे से सटे धनीरामपुर गॉव में पिछले सात दिनों से आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत कथा का भव्य

**● वृन्दावन से पधारे व्यास ने सुदामा चरित्र प्रसॅग का किया वर्णन**

**● विशाल भण्डारा आज**

व दिव्य विश्राम वृन्दावन से पधारे व्यास आचार्य देवकीनन्दन पाण्डेय ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर किया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रीय भक्त मौजूद रहे। कथा विश्राम पर आज सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

धनीरामपुर गॉव के प्रतिष्ठित पाण्डेय परिवार के सॅरक्षण में ग्रामीणों द्वारा अमृतमयी व मोक्षदायिनी श्रीमदभागवत कथा का आयोजन विगत सात दिनों से किया जा रहा है, रविवार को वृन्दावन से पधारे व्यास शिरोमणि देवकीनन्दन पाण्डेय ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुये बताया कि दरिद्रनारायण की सेवा ही असली सेवा है, गरीबों की मदद करना व उन्हे अपनाना कोई भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण से सीखे, भगवान श्रीकृष्ण ने अपने गरीब मित्र सुदामा को जो आदर सत्कार के साथ सम्मान दिया उसका उदाहरण बिरला ही मिलेगा।

कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि श्री राम चरित्र मानस की धनुष यज्ञ की लीला के आयोजन के प्रयास सोमवार की रात्रि को किये जा रहे है, कार्यक्रम आयोजकों ने आज सोमवार को आयोजित किये जाने वाले विशाल भण्डारे में ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोगों से उपस्थित होने का अनुरोध किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सीपी पाण्डेय राजेन्द्रप्रकाश पाण्डेय, विनोद कश्यप, श्यामबाबू पाल, शिवस्वरूप पाल, रजनीश अग्निहोत्री, अनिल तिवारी, छेदीलाल, छोटे कश्यप, जगतपाल, बालगोविन्द, मोनू पाल, पप्पू पाल मनोज कश्यप, पुत्तीलाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिये एसीपी आरपीयफ( बालसाड, गुजरात) राकेश पाण्डेय ने ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोगों का आभार व्यक्त किया है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ बालाजीमॅदिर में श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ

**रूरा, कानपुर देहात।** क्षेत्रीय आस्था के प्रमुख मॅदिर बालाजी धनीरामपुर में भव्य व विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य नवलेश, आयोजक गोविन्द सिंह गौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन चुनाव



संवाददाता। फतेहपुर

**● 14 मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना**

**● डीएम-एसपी ने रवानगी स्थलों के साथ ही मतदान केंद्रों का किया दौरा**

**विधान** परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन के तहत इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कमर कसे हुए है। मतदान कल जिले के निर्धारित चौदह मतदेय स्थलों पर होगा। पोलिंग पार्टियां रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान व से रवाना हुई। जिसका जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने निरीक्षण करते हुए कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तत्पश्चात डीएम-एसपी ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं भी देखी।

इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन के मतदान हेतु दिन रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी मैदान से पोलिंग पार्टियां जनपद में बनाये गये 14 मतदेय/बूथ के लिए रवाना हुई। जो अपने बूथों पर सकुशल पहुंच गई। जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से कराने के लिए कलेक्ट्रेट में बने काउंटरों का निरीक्षण किया। निर्वाचन में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों को चेक किया। थैले में 78 छोटी-मोटी बैलेट पेपर, लेखन सामग्री पायी गई।

उन्होंने मतदान अधिकारियों को निर्देश दिए कि थैले में रखी सामग्री को लिस्ट के अनुसार सामग्री का मिलान करके ही अपने बूथों के लिए निर्धारित वाहन पर बैठ कर जाये। उन्होंने गांधी मैदान में मतदान में प्रयोग किये जाने वाले बस व अन्य वाहनों का निरीक्षण किया।

# एक और माह गुजरा, नतीजा शून्य

प्रमोद श्रीवास्तव। फतेहपुर

**● डीएम के फर्जी हस्ताक्षर वाले पत्र का रहस्य छह माह बाद भी बरकरार**

**● हाईप्रोफाइल प्रकरण में प्रशासन बैकफुट पर**

**तत्कालीन** जिला अधिकारी अपूर्वा दुबे के फर्जी हस्ताक्षर वाले वायरल हुए पत्र काण्ड को आज पूरे छः माह हो गये किन्तु इस हाईप्रोफाइल प्रकरण को लेकर प्रशासनिक जिम्मेदारों के बीच जिस तरह का सन्नाटा पसरा है, उससे इसके रहस्य पर से पर्दा उठने की सम्भावना काफी कम हो चली है। सवाल बड़ा है कि जब डीएम के तथाकथित फर्जी हस्ताक्षरित पत्र का मसला दब सकता है तो बुलडोजर बाबा के राज में क्या कुछ अंधेरगर्दी नहीं हो सकती!

उल्लेखनीय है कि विगत 30 जुलाई को तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र का जिन्न ठीक उस समय बाहर आया था जब उनका शासन से स्थानांतरण आदेश जारी हो चुका था और पत्र के वायरल दिवस को उन्हें जनपद का चार्ज छोड़ना था। इस पत्र में 29 जुलाई की तारीख में उनके हस्ताक्षर थे!

इस पत्र ने कुछ समय के लिये आम जनमानस, मीडिया और प्रशासनिक तपके को न सिर्फसकते में डाल दिया था, बल्कि हड़कम्प मच गया था। क्योंकि पत्र में स्पष्ट आदेश का सीधे-सीधे ताल्लुक जनपद के प्रथम नागरिक (जिला पंचायत अध्यक्ष)/वरिष्ठ भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पू से सम्बंधित था, इसलिये हड़कम्प मचना लाजिमी भी है। आनन-फानन में प्रशासन ने बाकायदे वक्तव्य जारी करकें इस पत्र को फर्जी करार दे दिया और अगले दिन जिले की बागडोर सम्भालने वाली नवागत डीएम श्रुति ने इस पत्र से जुड़े सम्पूर्ण प्रकरण की जाँच कराने और बाकायदे जाँच टीम गठित करने की बात तक कही। इस हाईप्रोफाइल प्रकरण के पाँच माह हो चुके है किन्तु रहस्य पर पर्दा अभी भी पड़ा हुआ है। न जाँच टीम का कही अता-पता है और न मामले से जुड़े राज पर से ही पर्दा उठ सका है, जबकि इस पत्र को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने वालों में सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ हाईप्रोफाइल लोग भी शामिल थे! इतना ही नहीं इस फर्जी पत्र का ताल्लुक कहीं न कहीं जिम्मेदारों की सीट के इर्द-गिर्द रहने वालो से भी जुड़े होने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है!

सवाल यह उठता है कि जब डीएम के फर्जी हस्ताक्षरित पत्र को लेकर जिम्मेदार इतने संवेदनहीन हैं, तो आम व्यक्ति से जुड़े मसलों का हश्र क्या होता होगा! बुलडोजर बाबा के राज में गम्भीर प्रकरणों के बाबत भी जिस तरह से हीला-हवाली का दौर जारी है, उससे ऐसे मामलों की निकट-भविष्य में पुनरवृत्ति की सम्भावनाएँ बलवती हैं! सवाल यह भी बड़ा है कि क्या तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे के तथाकथित फर्जी हस्ताक्षर वाले हाईप्रोफाईल पत्र का रहस्य, रहस्य ही रह जायेगा या फिर व्यवस्था पालक बुलडोजर बाबा के राज की मौजूदगी का अहसास करा पायेंगे!

# 35 लाख का गुटखा बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**एसओजी** प्रथम व कल्यानपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टै क्स चोरी कर दो गाड़ियों से ले जाया जा रहा अवैध शिखर ब्रांड का लगभग 35 लाख का गुटका कल्यानपुर थाना क्षेत्र हाईवे से पकड़ा गया। पुलिस कार्यवाही में जुटी।

# ईटों के मुख्य बाजार में लाखों की चोरी पुलिस के लिए बनी मुसीबत

संवाददाता। उरई (जालौन)

**गोहन** थाना क्षेत्र के ईंटों में करीब डेढ़ माह पहले चोरों ने पुलिस से बेखौफ होकर कस्बा के मैन स्टैण्ड से चंद कदम की दूरी पर स्थित सर्राफा व्यापारी की दुकान के शटर में लगे ताले चटका चटका दिए थे। जहां से चोर लाखों रुपए के कीमती आभूषण व नकदी समेट कर रफूचक्कर हो गए थे। घटना के खुलासे का फर्जी थाना पुलिस आज भी चोरी का ताना-बाना बुनने में लगी हुई है। लेकिन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों से कोसों दूर दिखाई दे रही है।

गोहन थाना क्षेत्र में बीती 13 दिसंबर की रात को पुलिस से बेखौफ होकर ईटो चौकी क्षेत्र में स्टैंड से चंद कदमों की दूरी पर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए सर्राफा व्यापारी की दुकान के ताले चटका दिए थे। सूचना पर गोहन थाना प्रभारी महेश कुमार फोरेसिक टीम के साथ मौकै पर पहुंचे थे। एक ओर थानाध्यक्ष ने मामले की जांच पड़ताल की थी, तो वही फॉरेंसिक टीम ने भी पंहुचकर नमूने एकत्रित किए थे। मामले मे बब्लू सोनी द्वारा गोहन थाना प्रभारी को दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार तिजोरी मे रखे 15 ग्राम सोने के आभूषण 1.500 किलो ग्राम चांदी व 5 हजार रुपए नगदी चोरी हो गए थे। सर्राफा व्यापारी के दुकान से हुई लाखों की चोरी से अन्य व्यापारियों में भारी आक्रोश पनप रहा था। जिसको लेकर थानाध्यक्ष ने मामले की जांच कर जल्द खुलासा करने की बात कही थी। लेकिन करीब डेढ़ माह बीतने के बाद भी फर्जी तरीके से हाथ पैर चलाने में लगी गोहन पुलिस चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों के सामने नतमस्तक होती नजर आ रही है।

# चित्रकूट को मेडिकल कालेज की सौगात पर सांसद ने जताया सीएम का आभार

संवाददाता। चित्रकूट



**बांदा-चित्रकूट** सांसद आर के सिंह पटेल ने बुंदेलखंड के सबसे पिछडे एवं आकांक्षी जिले चित्रकूट में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उददेश्य से मेडिकल कालेज की सौगात दिये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। सांसद ने कहा कि सीएम योगी धर्म नगरी चित्रकूट के समग्र विकास को संकल्पित है। सांसद ने बताया कि बीते 12 जनवरी को चित्रकूट धाम मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में उन्होने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को चित्रकूट जनपद में मेडिकल कालेज खोलने समेत संसदीय क्षेत्र के चहुमुखी विकास सम्बंधी कई कार्ययोजनाएं सौपी थी।जिस पर आकांक्षी जिले चित्रकूट को यह बडी सौगात मिली है।

रविवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब से भाजपा की सरकार बनी है बुंदेलखंड का चहमुखी विकास हुआ है। दुर्दांत डकैतों के आतंक के लिए कुख्यात रहा चित्रकूट आज पर्यटन का हब बन रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का निर्माण के बाद भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट आज देश की राजधानी दिल्ली से सीधा जुड गया है। इसके अलावा देवांगना की मनोरम पहाडी पर बनकर तैयार हो चुके देश के सबसे सुंदर टेबल टाप चित्रकूट एयरपोर्ट के शुरू होते ही विदेशी पर्यटकों का आवागमन बढेगा।जिससे क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार के नये-नये अवसर विकसित होगें। सांसद श्री पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि बीते दिनों लखनऊ में चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित विकास सम्बंधी समीक्षा बैठक में उन्होने चित्रकूट में मेडिकल कालेज खोलने समेत संसदीय क्षेत्र के विकास की कई कार्ययोजनाएं सौपी थी।जिसमें से सीएम योगी ने चित्रकूट में मेडिकल कालेज खोलने की मंजूरी दे दी है।सांसद ने बताया कि चित्रकूट में जल्द ही पीपीपी माडल पर मेडिकल कालेज खुलेगा।मेडिकल कालेज के लिए तरौहा रूरल में पुलिस अधीक्षक आवास के पास 8.693हेक्टेयर भूमि भी चिन्हित कर ली गई है।सांसद ने बताया कि मेडिकल कालेज बनने के बाद चित्रकूट वासियों को जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेगीं।उन्होने चित्रकूट को मिली इस बडी सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। सांसद आर के सिंह पटेल ने संसदीय क्षेत्र के कर्वी-बूढा राजापुर मार्ग का चैडीकरण, पटेल तिराहे से देवांगना रोड को फोरलेन मार्ग, राजापुर-कमासिक मार्ग का चैडीकरण, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को भरतकूप से बढाकर राम-वन-गमन मार्ग से जोडकर खोह तक राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर बाईपास निर्माण एवं भरतकूप से एयरपोर्ट तक फोरलेन मार्ग, खोह रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज, अतर्रा-बिसंडा मार्ग पर अतर्रा में ओवरब्रिज, कालिंजर से बांदा, चिल्ला, बिंदकी से चैडगरा तक फोरलेन, मानिकपुर के चमरौंहा के पास मऊ गुरदरी के पास बरदहा नदी पर पुल का निर्माण, चिल्लीमल के पास यमुना नदी पर पुल निर्माण, कर्वी के कसहाई कर्वी-बूढा रोड पर रेलवे लाइन पर फ्लाई ओवर का निर्माण, बांदा में कताई मिल के स्थान पर नई औद्योगिक इकाई की स्थापना, बुन्देलखण्ड विकास निधि, राज्यांश से चित्रकूट एवं बांदा में नई सडकों का ग्रामीण, राजापुर में तुलसीदास के मन्दिर तक पहुंच मार्ग एवं यमुना में कटाव दीवाल निर्माण, अतर्रा एवं बांदा में बाईपास निर्माण आदि के सीएम को दिये गये प्रस्तावों के जल्द मंजूरी मिलेगी।जिससे क्षेत्र का कायाकल्प होगा और विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

# मतदान केन्द्र में प्रतिबंधित सामग्री ले जाने पर होगी कार्रवाई : अभिषेक आनंद

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने उप्र विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2023 इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की तैयारी बाबत जोनल व सेक्टर मजिस्टेऊटों से कहा कि 30 जनवरी को सवेरे आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन, कैमरा, पेन, पेन्सिल, सादा कागज एवं पानी की बोतल पूरी तरह प्रतिबंधित है। ये सभी सामग्री मतदान केन्द्रों पर ले जाना अपराध की श्रेणी में है। मिलने पर निर्वाचक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेऊट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत चुनाव आयोग के निर्देश पर इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक के चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने हैं। सभी का दायित्व है कि चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न करायें। उन्होंने कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।

इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारी एवं जोनल, सेक्टर मजिस्टेऊट मौजूद रहे।

# चुनाव में शिक्षक संघ की स्थिति मजबूत होने से त्रिकोणीय संघर्ष

संबाददाता। हमीरपुर



**इलाहाबाद** झांसी खंड शिक्षक चुनाव को लेकर रविवार को जनपद मुख्यालय से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। सोमवार को जनपद के आठ मतदान केंद्रों पर 1292 शिक्षक मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की इज्जत दांव पर लगी है। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी का चुनाव जोर पकड़ने से त्रिकोणीय संघर्ष की स्थित बन गई है। शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा वित्त विहीन विद्यालयों के शिक्षक उत्साहित देखे जा रहे हैं। अभी तक किसी भी सरकार ने इन शिक्षकों को प्रबंधकों के चुंगल से नहीं छुड़ा पाया है और न ही मानदेय फिक्स करा पाए हैं। हालांकि माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रत्याशी सुरेश त्रिपाठी, भाजपा के बाबूलाल तिवारी, सपा से डा.एसके सिंह पटेल समेत कुल 17 प्रत्याशियों ने दावा किया है कि शिक्षकों की लड़ाई व वित्तविहीन शिक्षकों का मानदेय दिला कर दम लेंगे। इधर जनपद के स्थानीय प्रत्याशी भाजपा नेता जगदीश व्यास के मैदान में रहने से भाजपा को नुकसान पहुंचने की संभावना है। लगातार तीन बार से शिक्षक विधायक रह चुके सुरेश त्रिपाठी का कहना है कि वह फिर से चुनाव जीतेंगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी बूथ लेबल पर अपनी लड़ाई मजबूत मानकर चल रहे हैं। भाजपा की पूरी फौज उनके साथ खड़ी है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव का कहना है कि शिक्षक संघ शर्मा गुट हमेशा शिक्षकों की भलाई के लिए लड़ाई लड़ता चला आ रहा है। इसलिए संगठन शिक्षक संघ के प्रत्याशी सुरेश त्रिपाठी के साथ खड़ा है।

# फिर उठायी जालौन नगर को रेलवे मानचित्र पर लाये जाने की मांग

**जालौन ( उरई )।** नगर को रेलवे लाईन से जोड़ने के लिए स्वतंत्रता के बाद से जनता आशा लगाए है। इसके बाद भी अभी तक नगर रेलवे लाइन से नहीं जुड़ पाया है। आगामी बजट में नगर को रेलवे लाइन से जोड़े जाने के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नगर की जनता ने हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र एवं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से रेलमंत्री व प्रधानमंत्री को भेजा है।

बुंदेलखंड क्षेत्र में जालौन जिले को अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में गिना जाता है। आजादी के बाद से अभी तक जालौन नगर रेलवे लाईन से वंचित रहा है। जबकि समय समय पर जनता द्वारा नगर को रेलवे राईन से जोड़े जाने की मांग उठाई जाती रही है। आजादी के बाद प्रथम रेलमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने जालौन नगर में आकर नगर को रेलवे लाईन से जोड़े जाने का आश्वासन दिया था। बाद में ममता बनर्जी के समय रेलवे लाईन का सर्वे भी कराया गया। वहीं, समाजसेवी अखिलेश लाक्षाकार, देवी दयाल वर्मा व नगर की जनता की ओर से लगातार नगर को रेलवे लाईन से जोड़े जाने की मांग उठाई जाती रही। इस बार अखिलेश लाक्षाकार ने मुहिम चलाकर नगरवासियों के हस्ताक्षर युक्त मांग प्रधानमंत्री को भेजा है। समाजसेवी गजेंद्र सिंह सेंगर, सामीर अली ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को अवगत कराया है कि वर्ष 2016 में नगर की जनता ने क्रमिक अनशन के साथ ही आमरण अनशन किया था।

# शराब के अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलायें अभियानः एसपी

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध अभियान चलाया जाये। किसी भी सूरत में जिले में अवैध शराब का निर्माण व परिवहन नहीं होना चाहिए। गैंगेस्टर व गुंडा एक्ट में निरूद्ध अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाये। एसपी ने रात्रि गश्त तेज करने के साथ ही महिला अपराधों पर अंकुश लगाने का अधीनस्थों को पाठ पढ़ाया। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ-साथ थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों ने शिरकत की। बैठक की शुरूआत में एसपी ने थानावार विवेचनाओं के निस्तारण की समीक्षा की। जिसमें कई थाना प्रभारी फिसड्डी पाये गये। इस पर एसपी का पारा सातवें आसमान पर रहा। उन्होने कहा कि विवेचनाओं के निस्तारण में किसी तरह की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए।

# पुरानी रंजिश के चलते ग्यारहवीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

**राठ( हमीरपुर )।** कोतवाली के कैंथा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर के आंगन में पढ़ाई कर रहे 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गांव के निवासी संतोष रैकवार ने बताया कि उसका पुत्र 18 वर्षीय हरिश्चंद्र बसेला गांव के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं का छात्र था। रविवार को वह अपने स्वजनों के साथ खेत पर गया था। शाम करीब 4 बजे उसका पुत्र हरिश्चंद्र घर के आंगन में पढ़ाई कर रहा था। तभी घर में घुसे गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर फायर झोंक दिया। गोली हरिशचंद के पेट में घुस गई। शोर-शराबा सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्वजन भी आ गये।

स्वजन आनन फानन में खून से लथपथ हरिश्चंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डा.चतुर्भुज सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता के बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से पिछले साल विवाद हुआ था। जिस पर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया था। जिस पर आरोपी रंजिश मानने लगे थे। सीओ पीके सिंह ने पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंच स्वजनों से हालचाल पूछा। पुत्र की मौत पर मां मिथला का रो रोकर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### एफपीएल प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**फतेहपुर।** आईटीआई मैदान में विवेकानंद यूथ क्लब के तत्वाधान में आयोजित होने वाले फतेहपुर प्रीमियम लीग मैच के प्रचार वाहन को आयोजन समिति के सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद के अलग-अलग ब्लाकों में जाकर क्रिकेट प्रेमियों के अंदर उत्साह का संचार करेगा ताकि लोग 31 जनवरी से शुरू हो रहे क्रिकेट मैच का आनंद उठा सकें। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य विक्रम पटेल, बच्चा तिवारी, ज्ञानेंद्र सचान, अमित मिश्रा उर्फ नीटू, शैलेंद्र रघुवंशी, संजय लाला, पंकज त्रिवेदी, अमित शिवहरे, अभिषेक शुक्ला, शीतला पांडेय, भगत, राजा सिंह मैच की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप देने में जुटे रहे। वहीं इस क्रिकेट मैच में पूल ए और पूल बी के अंतर्गत टीमें बनाई जाएंगी। जिसके तहत मैच में पूरी पारदर्शिता होगी। इस बाबत आयोजन समिति के लोग अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। विक्रम पटेल ने बताया कि टीमों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं ज्यादा से ज्यादा युवा क्रिकेट प्रेमी आईटीआई मैदान में आकर इस मैच को देखें। इसके लिए यह प्रचार वाहन जनपद के अलग-अलग स्थानों में जाकर लोगों को इस क्रिकेट लीग मैच की जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि इस मैच को लेकर युवाओं के अंदर गजब का उत्साह देखा जा रहा है और यह क्रिकेट मैच इतिहास लिखेगा।

### एमएलसी चुनाव में 220 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**जालौन (उरई)।** एमएलसी शिक्षक चुनाव में नगर व ब्लॉक क्षेत्र के 220 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर तथा ब्लॉक के मतदाताओं के लिए ब्लॉक परिसर में दो बूथ बनाए गए हैं। प्रयागराज, झांसी एमएलसी शिक्षक चुनाव में नगर व जालौन ब्लाक क्षेत्र के 220 स्नातक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ब्लॉक परिसर में इन मतदाताओं को वोट डालने के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। जहां मतदाता अपने फेवरिट उम्मीदवार को वोट डालकर जिताएंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा भी सभी तैयारियां कर ली गई हैं। बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर लिया गया है।

### कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में बिरजाकुंड तक चला स्वच्छता अभियान

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 54वें अभियान के तहत भगवान कामतानाथ के प्राचीन मुखारबिन्द के आगे सुरागौ से बिरजाकुण्ड तक सफाई की गई। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि उप्र-मप्र संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता को दो प्रकार से देख सकते हैं। व्यक्तिगत व सार्वजनिक स्वच्छता, हम कहीं भी जायें स्वच्छता का ध्यान रखें। लापरवाही से कचरा इधर-उधर न फेंके। उचित जगह पर निस्तारण करें। सीएमओ मप्र विशाल सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत को निर्मल और स्वच्छ देश बनाने का सपना देखा था। उसे सभी लोग पूरा करें। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि अभियान का मतलब ये नहीं कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच और स्वभाव में परिवर्तन लाना है। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता हम अपने आप में खुद महसूस कर सकते हैं। इस मौके पर अंजू वर्मा, विवेक केशरवानी, प्रभात सिंह, राजेन्द्र त्रिपाठी, जितेन्द्र, शुभम, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### किन्नर ने साथियों के साथ मिलकर दूसरे किन्नर की मारपीट कर नगदी लूट ली, पुलिस ने शुरु की पड़ताल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र से बधाई बजाकर लौट रहे किन्नर को दूसरे किन्नर ने अपने चार साथियों सहित रास्ते में मारपीट कर उसके सोने के गहने व हजारों की नगदी लूट ली। पीड़ित किन्नर ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। नगर के पूर्वी तरौस निवासी किन्नर मुन्नी उर्फ मुन्ना ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि वह रविवार की दोपहर क्षेत्र के गांव परछछ से बधाई बजाकर अपने सहयोगियों के साथ मौदहा लौट रही थी तभी रास्ते में फतेपुर निवासी मुस्कान किन्नर ने अपने चार साथियों सहित उसका रास्ता रोक उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी सोने की जंजीर, अंगूठी व ब्रेसलेट समेत 11000 लूट लिए और जान से मारने की धमकी दे मौके से भाग निकले। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मानव जीवन में स्वच्छ भोजन है हितकारीः-शिवा कुमार

**राजापुर(चित्रकूट)।** मानव जीवन को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेंट में साफसफाई, स्वच्छता एवं भोजन की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ ढाबा अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत राजापुर द्वारा नगरीय क्षेत्र में स्थित ढाबा/रेस्टोरेन्ट पर स्वच्छता के मानकों को पूरा करने तथा प्रतिष्ठानों पर आने वाले ग्राहकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छ ढाबा अभियान चलाकर जन जागरूकता अभियान के तहत नगर के विभिन्न ढाबों व रेस्टोरेन्टों में साफसफाई, कूड़े का विभाजन, शौचालय की सफ़ाई एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध पर जोर दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ढाबों पर शासन के निर्देशित नियमानुसार बैनर लगाकर जन सहभागिता हेतु जायसवाल ढाबा, न्यू पांडे ढाबा व श्री तुलसी धाम ढाबा आदि प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर पंजीकृत किया जा रहा है एवं उन्हें आगामी दिनों में स्वछ रैंकिंग के आधार पर रेटिंग मुहैया कराई जाएगी तथा पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान में नगर पंचायत के पुरुषोत्तम जाटव, अमित सोनी, राहुल चौरसिया, मोनू मोदनवाल, जगदीश पटेल, रामेश्वर पाण्डेय तथा ढाबों के संचालक आदि उपस्थित रहे।

### दामाद पर पुत्री को बंधक का आरोप,पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के कैथा गांव में मां ने दामाद पर पुत्री को दस दिनों से घर में बंधक बनाकर रखने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जरिया थाने के चंडौत गांव निवासी रामकुमारी पत्नी अशोक कुमार ने बताया कि उसने अपनी पुत्री बंदना की शादी भास्करन निवासी कैथा कोतवाली राठ के साथ की थी। उसका पति शराब के नशे में पुत्री के साथ मार पीट करता है। आरोप लगाया कि दामाद पुत्री को दस दिनों से घर में बंधक बनाए हुए है। उसकी पुत्री ने चोरी छिपे उसे फोन कर जानकारी दी। बताया कि उसका दामाद शराब पीने का आदि है। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

### जगतपुरा अहीर के आंगनबाड़ी केंद्र में बांधे जा रहे जानवर

**जालौन (उरई)।** गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र में जानवर बांधे जा रहे हैं। केंद्र में लगे हैंडपंप में ग्रामीणों ने सबमर्सिबल पंप डाल दिया है। जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है। अभिभावकों व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम जगतपुर अहीर निवासी सुनीत सिंह, अजय सिंह, रामप्रताप, अवधेश सिंह, मनसुखलाल, रामजीवन, राकेश, दीनदयाल, रामशंकर आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की जगह पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। वह केंद्र पर अपने जानवर बांधते हैं। जिससे वहां गंदगी बनी रहती है। गंदगी के चलते बच्चों को केंद्र पर पहुंचने में दिक्कत होती है। इसके अलावा केंद्र पर बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हैंडपंप भी लगा है। लेकिन गांव के ही कुछ लोगों ने हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप डाल रखा है। ऐसे में बच्चों को केंद्र पर पेयजल नहीं मिल पाता है। जिससे बच्चे परेशान होते हैं। ग्रामीणों ने डीएम से मांग करते हुए कहा है कि उक्त मामले की जांच कराकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराया जाए ताकि बच्चों को परेशान न होना पड़े।

# युवती से छेड़छाड़ करने वाले युवक के घर गरजा बुलडोजर



**बांदा।** नरैनी में युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक के घर गरजा बुलडोजर।पुलिस की मौजूदगी में आरोपी युवक का घर बुलडोजर से ढहाये जाने का कार्य किया गया। पेट्रोल पंप में पिता के साथ बाइक में बैठी पुत्री के साथ मौजूद शोहदों ने छेड़छाड़ कर दी थी।लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में छेड़छाड़ की धारा में मुकदमा पंजीकृत करने के बादएआरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।जिस पर प्रशासन ने आरोपी युवक के खिलाफ शिकंजा कसते हुए बुलडोजर से घर को ढहाए जाने का कार्य किया। बीते दिनों गुढ़ा गांव के बजरंग चौराहे पास मौजूद पेट्रोल पंप में पिता पुत्री एक बाइक में बैठकर घर आ रहे थे रास्ते मे मौजूद पम्प पेट्रोल भरवाने को मुड़ गए।इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक भी बाइक में पेट्रोल भरवाने पहुचे।पीछे बाइक में सवार एक युवक गुढ़ा गांव निवासी संदीप उर्फ राजन युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी।युवक के इस घिनौनी हरकत पूरा वाक्या पम्प में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।सीसीटीवी फुटेज वायरल हो जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपी युवक संदीप उर्फ राजन दिक्षित के खिलाफ धारा 354 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया।युवक को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद जेल भेज दिया।इसके बाद रविवार की शाम आरोपी युवक के घर पर पहुची पुलिस ने बुलडोजर से उसका घर ढहाए जाने का कार्य किया।

# बलूचिस्तान: बस खाई में गिरी, 42 की मौत

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक तेज रफ्तार यात्री बस के पुल के खंभे से टकराकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार महिलाओं और बच्चों सहित 42 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लासबेला के सहायक आयुक्त हमजा अंजुम ने बताया कि बस कम से कम 48 यात्रियों को लेकर प्रांतीय राजधानी क्वेटा से सिंध प्रांत की राजधानी और मुख्य शहर कराची जा रही थी। यह बस पुल पर खंभे से टकरा गई और खाई में गिरने के बाद उसमें आग लग गई। अंजुम ने मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना लासबेला इलाके में तेज गति के कारण हुई। उन्होंने बताया, बस लासबेला के पास यू-टर्न लेते समय एक पुल के खंभे से टकरा गई और खाई में गिर गई तथा फिर उसमें आग लग गई। अंजुम ने बताया कि अब तक घटना स्थल से 42 शव बरामद हुए हैं। अधिकारी ने बताया कि एक बच्चे और एक महिला सहित केवल तीन लोगों को जिंदा बचाया जा सका। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

अधिकारी ने बताया, हादसे के समय बस में कुल 48 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि शवों को पहचानना मुश्किल है और इसलिए मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार पुलिस और बचाव अधिकारी शवों को बाहर निकालने और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाने में लगे हैं। गृह मामलों के मंत्री राणा सन्नाउल्लाह ने हादसे पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई।



## उत्तरी पेरू में बस हादसा, 25 लोगों की जान गई

**लीमा।** उत्तरी पेरू में शनिवार को एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरिआंका टूर्स की बस राजधानी लीमा से इक्वाडोर सीमा के पास पेरू के तटीय रेगिस्तान पर स्थित तुंबस शहर की ओर जा रही थी। अधिकारियों के मुताबिक, रविवार तड़के हुई इस दुर्घटना में बस में सवार कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, हादसे में घायल कुछ यात्रियों की हालत गंभीर है, ऐसे में मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। पेरू के अभियोजक कार्यालय का कहना है कि तेज गति और लापरवाह तरीके से वाहन चलाना पेरू में सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में शुमार है।

**न्यूयॉर्क में दुर्घटना में छह की मौत, तीन घायल:** लुइसविली (न्यूयॉर्क)। यूयॉर्क में अमेरिका-कनाडा सीमा के पास एक दर्जन से अधिक लोगों को ले जा रही एक बस और एक ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों का एक अस्पताल में चल रहा है और उनमें एक की हालत गंभीर है। उनके अनुसार लुइसविली शहर के पास राजमार्ग 37 पर इस बस में 15 लोग सवार थे। उन्होंने टीवी स्टेशन डब्ल्यूडब्ल्यूएनवाई को बताया कि इस दुर्घटना का दृश्य भीषण था। इस टीवी स्टेशन द्वारा जारी की गई तस्वीरों में राजमार्ग के किनारे कुछ फुट ऊंची बर्फ को देखा जा सकता है। उसने कहा कि शनिवार सुबह करीब छह बजे दुर्घटना हुई और शायद उस समय कम दृश्यता रही होगी। अधिकारियों ने टीवी स्टेशन को बताया कि ट्रक सामानों से पूरी तरह से भरा हुआ था।

## उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में नौका पलटने से 17 छात्रों की मौत, 13 घायल

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में रविवार को झील में नौका पलट जाने से एक मदरसे के कम से कम 17 छात्रों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में टांडा डैम झील में नौका पलटने की घटना तब हुई जब मदरसा मीरबाश खेल के छात्र भ्रमण पर निकले थे। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मियों ने 17 शव बरामद किए हैं। कोहाट के उपायुक्त फुरकान अशरफ ने कहा कि नौका में 30 लोग सवार थे और उनमें से अधिकतर बच्चे थे। इनमें सात और 14 साल के बीच की उम्र के छात्र थे पाकिस्तानी सेना की बचाव टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जहां बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खां ने स्थानीय प्रशासन को प्रभावित परिवारों को आपात राहत मुहैया कराने का निर्देश दिया।

# सुनक ने पार्टी अध्यक्ष को कर हेराफेरी विवाद में कर दिया बर्खास्त

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन को लेकर अपनी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष नदीम जहावी को रविवार को बर्खास्त कर दिया। ज़हावी पर आरोप था कि उन्होंने देश के वित्त मंत्री पद पर रहते हुए करोड़ों डॉलर के कर की हेराफेरी की थी। ज़हावी को लिखे एक पत्र में, सुनक ने कहा है कि उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत में सरकार में हर स्तर पर ईमानदारी, पेशेवराना व्यवहार और जवाबदेही का वायदा किया था और इसी के तहत वह इस तरह का कदम उठाने को मजबूर हैं।

जहावी ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक के मंत्रिमंडल में बिना विभाग के मंत्री थे, जो हाल के दिनों में कर चोरी विवाद के मद्देनजर पद छोड़ने को लेकर उस वक्त से भारी दबाव का सामना कर रहे थे जब यह बात सामने आई थी कि उन्होंने राजस्व और सीमा शुल्क विभाग के साथ जुर्माने सहित अन्य मामलों में समझौता किया था। ज़हावी को बर्खास्त करने की विपक्ष की बढ़ती मांगों के बीच सुनक ने इराक में जन्मे पूर्व वित्त मंत्री के कर मामलों की एक स्वतंत्र जांच का आदेश दिया था। सुनक के स्वतंत्र नैतिकता सलाहकार सर लॉरी मैग्नस ने अपना आकलन प्रस्तुत किया था कि क्या राजस्व और सीमा शुल्क विभाग से समझौता मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता का उल्लंघन है। ज़हावी को प्रेषित अपने पत्र में सुनक लिखते हैं, "जब मैं पिछले साल प्रधानमंत्री बना, तो मैंने प्रतिज्ञा की थी कि मैं जिस सरकार का नेतृत्व करता हूं, उसमें हर स्तर पर ईमानदारी, पेशेवराना व्यवहार और जवाबदेही होगी" डाउनिंग स्ट्रीट ने यह पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, "स्वतंत्र सलाहकार ने जांच पूरी होने के बाद हम दोनों के साथ निष्कर्ष साझा किए हैं और इस जांच से यह स्पष्ट होता है कि मंत्रियों से संबंधित आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन हुआ है। परिणामस्वरूप, मैंने सरकार में आपके पद से हटाने के अपने निर्णय के बारे में आपको सूचित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि ज़हावी को "पिछले पांच वर्षों में सरकार में व्यापक उपलब्धियों" पर "बेहद गर्व" होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से "कोविड-19 वैक्सीन खरीद और तैनाती कार्यक्रम के सफल निरीक्षण" का श्रेय उन्हें दिया। डाउनिंग स्ट्रीट ने सुनक के साथ मैग्नस का पत्राचार भी जारी किया है और इसके अनुसार, मैग्नस ने कहा कि उनका समग्र निर्णय यह था कि "एक मंत्री के रूप में ज़हावी का आचरण उच्च मानकों के अनुरूप नहीं रहा, जैसा कि प्रधानमंत्री के रूप में आप उन लोगों से अपेक्षा करते हैं जो आपकी सरकार में सेवारत हैं।इस हफ्ते की शुरुआत में, ज़हावी ने कहा था कि उन्होंने जांच का स्वागत किया है और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के मंत्रियों के हितों से संबंधित स्वतंत्र सलाहकार मैग्नस के समक्ष "इस मुद्दे के तथ्यों की व्याख्या" के लिए उत्सुक हैं। विपक्षी दलों और यहां तक कि कंजर्वेटिव पार्टी के कुछ सदस्यों ने भी कई अनुत्तरित सवालों के बीच ज़हावी से पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने की मांग की थी। चुनावी वेबसाइट यूगोव के संस्थापक ज़हावी ने कर अधिकारियों के साथ विवाद को स्वीकार किया था।

## ऑस्ट्रेलिया में खो गया रेडियोधर्मी कैप्सूल, तलाश जारी

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी एक छोटे लेकिन जानलेवा रेडियोधर्मी कैप्सूल की तलाश कर रहे है जो खदान से पर्थ शहर के डिपो तक ट्रक से पहुंचाए जाने के दौरान गायब हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आपात सेवाओ के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास उपकरणों की कमी है जिसकी वजह से उन्होंने राष्ट्रमंडल और अन्य राज्यों से मदद मांगी है। दमकल और आपात सेवा विभाग ने रेडियोधर्मी उपकरणों का पता लगाने वाले उपकरणों और मेटल डिटेक्टर के साथ अपनी टीमें 36 किलोमीटर लंबे रास्ते पर आठ मिलीमीटर गुणा छह मिलीमीटर आकार के कैप्सूल की तलाश करने के लिए तैनात की है।माना जा रहा है कि यह कैप्सूल न्यूमैन स्थित रियो टिंटो खदान से 1400 किलोमीटर दूर पर्थ के उपनगर मलागा लाने के दौरान ट्रक से कही गिर गया है। अधीक्षक डेरिल रे ने बताया, हम नंगी आंखों से देखकर छोटी सी वस्तु की तलाश करने की कोशिश नही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम अपनी तलाश उत्तरी पर्थ और रणनीतिक रूप से अहम ग्रेट नॉर्थन हाईवे मे केंद्रित कर रहे है। उन्होने कहा, हम विकिरण का पता लगाने वाले उपकरण का इस्तेमाल गामा किरणो का पता लगाने मे कर रहे है। अधिकारियो ने बताया कि हम ट्रक पर लगी जीपीएस प्रणाली के आंकड़ो को विश्लेषण कर रहे है ताकि पता लगा सके कि वास्तव मे वह किस रास्ते से गुजरा और 10 जनवरी के करीब कहां रुका। उन्होने बताया कि चिंता इस बात की है कि कही ठोस कैप्सूल किसी ट्रक के पहियों मे फंस कर तलाशी वाले इलाके से संभावित तौर पर सैकड़ो किलोमीटर दूर न पहुंच जाए।

## तुर्किए ने प्रदर्शनों के मद्देनजर यूरोप के लिए यात्रा चेतावनी जारी की

**इस्तांबुल।** तुर्किए ने शनिवार देर रात यूरोपीय देशो की यात्रा पर जाने वाले अपने नागरिको के लिए यात्रा चेतावनी जारी की। उसने यह कदम इस्लामोफोबिया (इस्लाम को लेकर पूर्वाग्रह) और तुर्क विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर उठाया है। तुर्किए की चेतावनी पिछले सप्ताहांत स्वीडन में इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता द्वारा मुसलमानो की पवित्र किताब जलाने और तुर्किए के खिलाफ कुर्द समर्थक समूहो के विरोध प्रदर्शन के बाद जारी की है। तुर्किए के विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिको से अपील की है कि वे सतर्क रहें और प्रदर्शन वाले इलाकों में जाने से बचे। मंत्रालय ने अपने नागरिको से कहा कि द्वेष या घृणा हमले होने की स्थिति मे वे स्थानीय अधिकारियो से संपर्क करे। तुर्किए ने घोर दक्षिण पंथी कार्यकर्ता रासमुस पलुदान द्वारा स्टॉकहोल्म मे इस्लाम की पवित्र किताब जलाने और शुक्रवार को कोपेनहेगन मे कृत्य दोहराने की कड़े शब्दो मे निंदा की। तुर्किए ने हेग मे एक अन्य कार्यकर्ता द्वारा पवित्र किताब को फाड़ने की घटना के बाद डच राजदूत को समन किया था।

## कैलिफोर्निया में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, चार घायल : पुलिस

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में शनिवार तड़के किराए के एक घर मे हुई गोलीबारी मे तीन लोगो की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि बेवर्ली क्रेस्ट इलाके मे दोपहर करीब ढाई बजे गोलीबारी हुई। कैलिफोर्निया मे इस महीने हुई यह कम से कम छठी गोलीबारी की घटना है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के सार्जेंट फ्रैंक प्रीसियाडो ने शनिवार को कहा था कि मारे गए तीन लोग एक वाहन के अंदर थे। पुलिस के प्रवक्ता सार्जेंट ब्रूस बोरिहान ने बताया कि चार घायलो मे दो को निजी वाहनो से अस्पताल ले जाया गया और दो अन्य को एम्बुलेंस द्वारा ले जाया गया। बोरिहान ने बताया कि दो की हालत गंभीर है और दो की हालत स्थिर है। उनकी उम्र और लिंग की पहचान तुरंत जारी नही किए गए। उन्होने बताया कि जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे है कि किराए के घर मे कही कोई पार्टी तो नही थी या किस प्रकार की सभा हो रही थी। बोरिहान ने बताया कि पुलिस को संदिग्धो के बारे में कोई जानकारी नही है। उनके अनुसार गोलीबारी के बाद जांचकर्ताओ ने साक्ष्य के लिए जगह को खाली करा दिया।

## प्राइमरी में जीत के बाद फिर से चुनाव मैदान में उतरेंगे मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीत लिया है और अब वह सितंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से भाग्य आजमाएंगे। सोलिह ने शनिवार रात को पार्टी के प्राइमरी चुनाव मे संसद के स्पीकर एवं पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को हराया। नशीद ने 30 साल की निरंकुशता के बाद मालदीव को एक बहुदलीय लोकतंत्र में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है लेकिन 2018 में करिश्माई नशीद के स्थान पर पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप मे सोलिह को नामित किया गया था, क्योंकि नशीद जेल की सजा के कारण इसके लिए अयोग्य हो गए थे। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से सोलिह ने राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद देश को काफी हद तक स्थिर किया है।नशीद देश के पहले बहुदलीय चुनाव के दौरान 2008 मे राष्ट्रपति चुने गए थे, लेकिन उन्होने लोगो के विरोध के बीच 2012 मे इस्तीफा दे दिया। उन्होने 2013 मे राष्ट्रपति पद के लिए फिर से चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गए थे। इसके पांच साल बाद वह चुनाव में खड़े होने के अयोग्य हो गए थे। नशीद मुख्य रूप से सुन्नी मुस्लिम राष्ट्र मे उदार, पश्चिमी विचारो के समर्थक के रूप मे जाने जाते है। इस्लामिक स्टेट के प्रति सहानुभूति रखने वाले एक स्थानीय समूह ने 2021 मे उनकी हत्या का असफल प्रयास किया था। सोलिह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अब तक एकमात्र उम्मीदवार है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले मे जेल की सजा काट रहे है।

## ईरान के इस्फहान में रक्षा उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनी पर ड्रोन हमला

**दुबई।** ईरान के मध्य शहर इस्फहान मे रक्षा उपकरणों का निर्माण करने वाली एक कंपनी पर शनिवार देर रात ड्रोन हमला हुआ जिसमे परिसर की छत को मामूली नुकसान पहुंचा। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रविवार तड़के यह जानकारी दी। एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के एक बयान के हवाले से बताया कि इस्फहान मे रक्षा उपकरणो का निर्माण करने वाली एक कंपनी को शनिवार देर रात तीन ड्रोन विमानों के जरिए निशाना बनाया गया। रक्षा मंत्रालय के बयान के मुताबिक, हमले मे कंपनी की छत को मामूली नुकसान पहुंचा और कोई भी घायल नही हुआ। इसमे बताया गया है कि बाद में ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों ने दो ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया। हालांकि, ईरानी रक्षा मंत्रालय ने यह नही बताया कि ड्रोन हमले के पीछे किसका हाथ होने का संदेह है। वही, ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी शहर तबरीज़ के पास एक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक तेल रिफाइनरी मे शनिवार रात भीषण आग लग गई। चैनल ने रिफाइनरी मे आग बुझाने की कोशिश करते दमकल कर्मियों के वीडियो प्रसारित किए। उसने कहा कि आग लगने की वजह फिलहाल पता नही चल सकी है।

## भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में समानताएं : कोरोसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने भारत को ग्लोबल साउथ के अग्रणी देशों में से एक के रूप में वर्णित करते हुए कहा है कि दुनिया में बदलाव की जरूरत को लेकर भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में काफी समानताएं हैं। कोरोसी विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को भारत आएंगे। सितंबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह किसी भी देश की उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। कोरोसी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं काफी उम्मीदों के साथ भारत की यात्रा कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे भारत और संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक सोच में काफी समानताएं दिखती हैं कि दुनिया कैसी दिखनी चाहिए, दुनिया को किस तरह के परिवर्तन की जरूरत है, हम खुद को कैसे बदल सकते हैं, हम इस संगठन को कैसे बदल सकते हैं और हम वैश्विक मामलों में अपने रुख को कैसे बदल सकते हैं। इसलिए, मेरा भागीदारों के लिए मुख्य संदेश होगा-मैं वहां (भारत) सहयोग हासिल करने के लिए जा रहा हूं। जयशंकर के साथ कोरोसी की बातचीत संयुक्त राष्ट्र निकाय के साथ-साथ सतत जल उपयोग के मामले में भारत की भागीदारी पर केंद्रित होने की उम्मीद है। भारत को ग्लोबल साउथ के अग्रणी देशों में से एक बताते हुए कोरोसी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और ग्रह पर सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने के करीब है। उन्होंने कहा, भारत अच्छी तरह से जानता है कि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। भारत ऐसी कई मुश्किलों से जूझ रहा है, जिनका अलग-अलग रूपों में, पूरी दुनिया में, हम भी सामना कर रहे हैं। भारत अपने स्वयं के समाधान की तलाश कर रहा है और कई मामलों में न केवल अपने लिए, बल्कि कई अन्य देशों के लिए भी।

**धमकी की जांच कर रही है पुलिस:** कोलंबो। श्रीलंकाई पुलिस ने स्वतंत्र निर्वाचन आयोग के सदस्यों को टेलीफोन पर कथित रूप से मिली धमकियों की जांच शुरू की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्दुवा ने बताया कि अदालत से टेलीफोन रिकॉर्ड खंगालने के आदेश मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को आयोग के दो सदस्यों एस. बी. दिवारत्ने और के. पी. पथिराना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें इस्तीफा देने के लिए टेलीफोन पर धमकी मिली।

## पोम्पिओ ने की गनी की निंदा, उन्हें धोखेबाज बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी बहुत धोखेबाज थे, उन्हें सिर्फ अपनी परवाह थी और वह किसी तरह सत्ता में बने रहना चाहते थे और वह किसी भी शांतिवार्ता के लिए बहुत बड़ा अवरोधक थे। गौरतलब है कि 2021 में जब काबुल में तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हो गया था तब गनी देश छोड़कर भाग गए थे। अपनी पुस्तक नेवर गिव एन इंच: फाइटिंग फॉर अमेरिका आई लव में पोम्पिओ ने दावा किया है कि गनी और अफगानिस्तान के पूर्व मुख्य कार्यकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला शीर्षतम स्तर पर भ्रष्टाचार में शामिल थे जिसकी वजह से अगस्त, 2021 में इस युद्ध प्रभावित देश से सफलतापूर्वक बाहर निकलने में अमेरिका को बाधा पहुंची। अमेरिका ने अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलाने का काम 31 अगस्त तक पूरा कर लिया था और इस तरह उस देश में 20 साल की उसकी सैन्य उपस्थिति समाप्त हुई थी।

## गोलीबारी की घटनाओं के बाद यहूदी बस्तियों को मजबूत करेगा इजराइल

**यरूशलम।(एपी)** इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर यहूदी बस्तियों को मजबूत करने की योजना के साथ-साथ फलस्तीनियों के खिलाफ कई दंडात्मक कदमों की घोषणा की है। उन्होंने गोलीबारी की दो घटनाओं में सात इज़राइलियों के मारे जाने और पांच अन्य के घायल होने के बाद यह कदम उठाया है। शनिवार की उनकी इस घोषणा के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की अगले सप्ताह की यात्रा पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं तथा इस क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। जनवरी 2023 हाल के वर्षों में पश्चिमी तट और पूर्वी यरूशलम में सबसे खूनी महीनों में एक रहा है।

सुरक्षा मामलों पर नेतान्याहू की मंत्रिमंडलीय समिति ने गोलीबारी की दो घटनाओं के मद्देनजर सरकार के दंडात्मक कदमों को मंजूरी दी है। इनमें से एक हमला शुक्रवार रात को हुआ था, जब पूर्वी यरूशलम के एक उपासना स्थल के बाहर गोलीबारी में सात लोगों की जान चली गई थी। नेतान्याहू के कार्यालय ने बताया कि इस समिति ने हमलावरों के मकानों को ध्वस्त करने से पहले उन्हें सील करने को मंजूरी दी। सरकार ने हमलावरों के परिवारों को हासिल सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ रद्द करने, इज़राइलियों के लिए हथियार प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बनाने तथा अवैध हथियारों को जब्त करने के प्रयासों में तेजी लाने की भी योजना बनाई है।अमेरिका ने इज़राइल के इन कदमों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## चीन ने जापानियों के लिए वीजा सेवा बहाल करने की घोषणा की

**तोक्यो।** चीन ने घोषणा की है कि वह जापानी यात्रियों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया रविवार से शुरू कर रहा है। चीन ने अपने नागरिकों के जापान में प्रवेश के लिए सख्त कोविड-19 नियम बनाए जाने के विरोध में जापानी नागरिकों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया रोक दी थी और करीब तीन सप्ताह बाद वह इसे बहाल कर रहा है। बीजिंग ने अपने फैसले की घोषणा तोक्यो स्थित चीनी दूतावास की वेबसाइट पर जारी बयान के जरिए की। चीन ने 10 जनवरी को जापान में नए वीजा जारी करने पर रोक लगा दी थी। उसने यह कदम तोक्यो द्वारा दिसंबर के आखिर में चंद्र नववर्ष से पहले चीनी पर्यटकों के देश में आने के लिए अतिरिक्त कोविड जांच अनिवार्य किए जाने के विरोध में उठाया। जापान ने पर्यटकों के लिए पिछले साल अक्टूबर में अपनी सीमाएं खोली थीं और यात्रियों के लिए हवाई अड्डे पर कोविड निगेटिव रिपोर्ट दिखाने के बजाय केवल टीकाकरण प्रमाण पत्र दिखाने की व्यवस्था की थीअ लेकिन दिसंबर में जापान ने चीनी यात्रियों के लिए चीन से रवाना होने से पहले कोविड-19 जांच कराने और संक्रमण मुक्त होने का प्रमाण पत्र पेश करने की शर्त लगा दी थी।

# ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया, कहा-अब और कटिबद्ध

एजेंसी। सालेम (न्यू हैंपशायर)



**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान शनिवार को शुरू कर दिया। दो महीने से अधिक समय पहले उन्होंने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने की घोषणा की थी। सालेम के न्यू हैंपशायर में रिपब्लिकन पार्टी की सालाना बैठक में ट्रंप ने पार्टी नेताओं से कहा, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर हम यहां से अपने अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। ट्रंप कोलंबिया जाने से पहले सालेम में रुके थे। उन्हें सालेम में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को दक्षिण कैरोलाइना की अपनी प्रचार टीम से वाकिफ कराना था। ट्रंप ने कहा, मैं अब और नाराज हूं और पहले की तुलना में (राष्ट्रपित चुनाव के लिए) अधिक कटिबद्ध हूं। ट्रंप और उनके सहयोगियों को आस है कि प्रत्याशी चयन को लेकर अधिक शक्तिशाली प्रांतों में चल रही घटनाएं पूर्व राष्ट्रपति के पीछे की ताकत को प्रदर्शित करेंगी, क्योंकि उनके अभियान की ढीली शुरुआत से राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतरने की उनकी कटिबद्धता पर कई लोग सवाल उठाने लगे हैं। अभी सिर्फ ट्रंप ने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी घोषित की है। फ्लोरिडा के गवर्नर आर डेसैंट्स, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हैली समेत कई संभावित उम्मीदवारों द्वारा आगामी महीनों में अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने की उम्मीद है।

इस बीच, ट्रंप ने कहा कि मेम्फिस पुलिस के पांच अधिकारियों द्वारा अश्वेत नागरिक टायर निकोल्स की नृशंस पिटाई का जो वीडियो सामने आया है, वह भयावह है और यह हमला कभी होना ही नहीं चाहिए था। ट्रंप ने शनिवार को एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि यह भयावह है। वह बड़ी मुश्किल में था। उस पर लात घूसे बरसाए जा रहे थे। बाइडन प्रशासन ने 29 वर्षीय अश्वेत निकोल्स पर किए गए हमले का वीडियो जारी किया था। उस पर लात घूसे बरसाए जा रहे थे। बाइडन प्रशासन ने 29 वर्षीय अश्वेत निकोल्स पर किए गए हमले का वीडियो जारी किया था।इस हमले के तीन दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। हालांकि, वर्ष 2020 में ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान जॉर्ज फ्लायड नामक एक अश्वेत व्यक्ति की पुलिस की कार्वाई में मौत हो जाने के बाद अमेरिका में नस्ली हिंसा के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे।

## हसीना के जी-20 सम्मेलन में शामिल होने की उम्मीद



**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के न्योते पर इस साल सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा पर जा सकती हैं। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत ने गत वर्ष एक दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता संभाली। भारत इसके तहत पूरे देश में करीब 200 बैठकों की मेजबानी करेगा। जी-20 देशों के नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन इस साल नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित है जिसमें सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय में पूरे घटनाक्रम से अवगत एक अधिकारी ने बताया कि जी-20 का सदस्य नहीं होने के बावजूद हसीना बतौर मेहमान इसमें शामिल होंगी। अधिकारी ने बताया, हमारे प्रधानमंत्री के जी-20 सम्मेलन के दौरान अपने समकक्ष से मिलने की संभावना है। संभवत: दोनों शासनाध्यक्षों की यह दोनों देशों में आम चुनाव से पहले होने वाली आखिरी मुलाकात होगी। उन्होंने बताया कि परंपरा के मुताबिक जी-20 की अध्यक्षता करने वाला देश मेहमान देशों और संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि मेजबान देश ने दक्षिण एशिया में एकमात्र बांग्लादेश को जी-20 के नौ और 10 सितंबर को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। इसके अलावा मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि हसीना की नई दिल्ली यात्रा के तहत कई उच्च स्तरीय बैठकें दोनों देशों की राजधानियों में होंगी और भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा के फरवरी के मध्य में तैयारियों के लिए दो दिवसीय ढाका यात्रा पर आने की संभावना है।

## पाकिस्तान के कई हिस्सों में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबा।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। हालांकि, अबतक इससे जानमाल की हानि की कोई खबर नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र ताजिकिस्तान में सतह से करीब 150 किलोमीटर की गहराई में था। विभाग ने बताया कि भूकंप का ताजा झटका स्थानीय समयानुसार 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किया गया।हालांकि, भूकंप पर नजर रखने वाले स्वतंत्र ट्रैकर यूरोपीय भूमध्य सागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अटक के करीब आया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि तत्काल भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, भूकंप के झटके इस्लामाबाद, रावलपिंडी और देश के अन्य इलाकों में महसूस किए गए।

# नवोन्मेषकों और उनके पेटेंट से साकार होगा तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना

**मन की बात**

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शनिवार को कहा कि देश में घरेलू स्तर पर दाखिल किए जाने वाले पेटेंट की संख्या, विदेशों से दाखिल किए जाने वाले पेटेंट से अधिक हो गई है और उन्हें विश्वास है कि तकनीकी दशक (टेकेड) होने का भारत का सपना इन नवोन्मेषकों के दम पर पूरा होगा। मोदी ने नए साल में अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में कहा कि यह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकियों के विकास वाले इस दशक के लिए तकनीकी दशक शब्द का पहले भी प्रयोग कर चुके हैं। इनमें से बहुत सारी प्रौद्योगिकियां भारत में ईजाद की गई हैं। मोदी ने कहा कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत का विश्व में सातवां स्थान है, जबकि ट्रेडमार्क पंजीकरण में वह पांचवें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारत के पेटेंट पंजीकरण में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स) में भारत 2015 में 80वें स्थान के मुकाबले अब 40वें पायदान पर पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि तकनीकी दशक बनने का भारत का सपना उसके नवोन्मेषकों और उनके द्वारा दाखिल किए जाने वाले पेटेंट से पूरा होगा। मोदी ने कहा कि प्रतिष्ठित भारतीय विज्ञान संस्थान ने 2022 में 145 पेटेंट कराए हैं, जो एक शानदार मिसाल है। उन्होंने बताया कि देश में रामसर स्थलों (आर्द्रभूमि के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मान्यता) की कुल संख्या बढ़कर 75 हो गई है जो 2014 में 26 थी। मोदी ने स्थानीय समुदायों की सराहना करते हुए कहा कि वे जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा, भारत की ये आर्द्रभूमि भी हमारी प्राकृतिक क्षमता का उदाहरण हैं। ओडिशा की चिल्का झील 40 से अधिक जलपक्षी प्रजातियों को आश्रय देने के लिए जानी जाती है।

ई-कचरे के विषय पर बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर इसका ठीक से निपटान नहीं किया जाता है, तो यह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन अगर सावधानी से इसे निपटाया जा,, तो यह पुन: उपयोग की चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) में एक बड़ी ताकत बन सकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल पांच करोड़ टन ई-कचरा फेंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अब तक बनाए गए सभी वाणिज्यिक विमानों का वजन मिला दिया जाए, तो भी यह ई-कचरे की मात्रा के बराबर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि हर सेकेंड 800 लैपटॉप फेंके जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकियों और स्टार्ट-अप के उपयोग ने भारत को वैश्विक रीसाइक्लिंग हब बना दिया है।

मोदी ने कहा कि इस दिशा में अभिनव कार्य करने वाले स्टार्टअप की कोई कमी नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों में संगीत की दुनिया को मजबूत करने वाले लोगों के अलावा कई आदिवासी या ऐसे लोग शामिल हैं, जो समुदाय के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से विजेताओं के बारे में पढ़ने की अपील की और कहा कि उनकी गाथाएं नई पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। मोदी ने कहा, जिन लोगों के लिए वे काम कर रहे हैं, उनकी संतुष्टि उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। ऐसे समर्पित लोगों को सम्मानित करने से हमारे देशवासियों का गौरव बढ़ा है।

इंडिया-द मदर ऑफ डेमोक्रेसी किताब की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीयों को इस बात पर भी गर्व है कि उनका देश लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भारत के जनमानस की रग-रग और संस्कृति में रचा-बसा है। मोदी ने कहा, इस किताब को पढ़ने के बाद आपको महसूस होगा कि कैसे लोकतंत्र की भावना देश के हर हिस्से में सदियों से बहती आ रही है। प्रधानमंत्री ने योग और मोटे अनाज (मिलेट्स) की बढ़ती स्वीकृति की भी सराहना करते हुए कहा कि भारत के प्रस्तावों पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में अपनाया और इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा में मोटा अनाज के उद्यम से जुड़े लोग इन दिनों सुर्खियों में हैं। उन्होंने लगभग उन।,500 महिलाओं के स्वयं सहायता समूह का उल्लेख किया जिन्होंने मोटे अनाज से बने कई व्यंजनों का उत्पादन किया है। मोटे अनाज की बढ़ती लोकप्रियता से संबंधित विभिन्न राज्यों में कई अन्य घटनाक्रमों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वहां से तैयार भोजन देशभर में आयोजित होने वाले विभिन्न जी20 कार्यक्रमों में परोसा जा रहा है।

# मेघालय विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की नहीं होंगी बड़ी रैलियां

**शिलांग।** मेघालय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले प्रचार के लिए कांग्रेस न तो बड़ी रैलियां करेगी और न ही स्टार प्रचारक यहां आएंगे। पूर्वोत्तर राज्य में पार्टी अपना पूरा ध्यान मतदाताओं से जुड़ने में लगाएगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने इसकी जानकारी दी। मेघालय प्रदेश कांग्रेस समिति (एमपीसीसी) के अध्यक्ष विंसेंट एच. पाला ने कहा कि हमारे 80 फीसदी उम्मीदवार नए हैं, और पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, कांग्रेस मतदाताओं के घरों में जाएगी और स्थानीय स्तर पर समुदायों से जुड़ने के लिए छोटी-छोटी रैलियां करेगी, ताकि मतदाता अपने उम्मीदवारों को जान सकें। पाला ने बताया, हमारे पास स्टार प्रचारक नहीं होंगे और बड़ी रैलियां भी नहीं होंगी। इनकी जगह हम राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों के हिसाब से योजना बनाएंगे। यहां के लोग अपने उम्मीदवार की पार्टी से ज्यादा उम्मीदवार को जानना पसंद करते हैं। पाला ने कहा कि वह खुद भी अपने चुनाव क्षेत्र सुतंगा-साढपुंग विधानसभा क्षेत्र में बड़ी रैलियां नहीं करेंगे। मैं विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों बौर उनके समर्थकों द्वारा आयोजित रैलियों और पार्टी की बैठकों में हिस्सा लूंगा।

कांग्रेस छोड़कर पार्टी के 17 में से 12 विधायकों के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की 2021 की घटना को याद करते हुए पाला ने बताया कि कैसे बाकी पांच विधायक पार्टी-विरोधी गतिविधियों के कारण निलंबित किए जाने के बाद कांग्रेस छोड़कर चले गए थे। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस के पारंपरिक मतदाताओं ने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा है। पाला ने बताया, नेता भले ही चले गए हों और दूसरे राजनीतिक दलों में शामिल हो गए हों, लेकिन मतदाता हमारे साथ हैं। इसपर भरोसा करने के लिए मेरे पास फीडबैक है और दो मार्च को चुनाव परिणाम में भी यह नजर आ जाएगा।

# तेजस्वी और ललन से केसीआर के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा है : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अपनी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा है। जद (यू) के शीर्ष नेता ने हालांकि जोर देकर कहा कि इसका कांग्रेस के साथ उनके गठबंधन पर असर नहीं पड़ेगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर कांग्रेस को अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देखते हैं। समाधान यात्रा के तहत कैमूर के दौरे पर पहुंचे कुमार ने संवाददाताओं को बताया, वह (केसीआर) चाहते थे कि मैं उनके समारोह में शामिल होऊं जब मैंने यहां (प्रदेश में) जरूरी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए खुद आ पाने में असमर्थता व्यक्त की, तो उन्होंने अनुरोध किया कि मैं पार्टी से किसी को इसके लिए भेजूं। तो मैंने ललन से पूछा।



कुमार ने यह भी कहा कि केसीआर ने उन्हें राजद से ताल्लुक रखने वाले यादव से भी बात करने को कहा था। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि मैं ऐसा करूंगा, लेकिन उन्हें उपमुख्यमंत्री से भी बात करनी चाहिए। दोनों (ललन और तेजस्वी) हैदराबाद जाएंगे। इस महीने की शुरुआत में विपक्षी नेताओं की बैठक करने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री फरवरी के दूसरे सप्ताह में एक और भव्य आयोजन की योजना बना रहे हैं, जब नए सचिवालय भवन के उद्घाटन के लिए एक समारोह आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के बाद एक सार्वजनिक सभा होगी। विशेष रूप से, पिछले कार्यक्रम में कुमार की अनुपस्थिति को लेकर कई कयास लगाए गए थे हालांकि बाद में बिहार के मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्हें न तो आमंत्रित किया गया था और न ही वे राज्य से बाहर जाने की स्थिति में थे।

जद(यू) नेता ने उन सुझावों को भी खारिज कर दिया कि गैर-कांग्रेसी, गैर-भाजपा मोर्चे के पक्षधर केसीआर के साथ नजदीकियों का मतलब यह नहीं है कि उन्होंने लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ दल का मुकाबला करने के लिए एकजुट विपक्ष के विचार को त्याग दिया, जिसमें कांग्रेस भी शामिल हो। कुमार ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मैं उनकी (भारत जोड़ो) यात्रा के समापन की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जिसके बाद विभिन्न दल एक साथ बैठेंगे और एक ऐसा गठबंधन बनाने की संभावना तलाशेंगे, जो अधिक से अधिक लोगों को साथ ले सके।

# टीएमसी ने सरकारी परियोजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए संगीत वीडियो जारी किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएससी) ने जनता से जुड़ने के उद्देश्य से रविवार को एक संगीत वीडियो जारी किया है। टीएमसी की राज्य युवा शाखा की अध्यक्ष सायोनी घोष ने संवाददाताओं को बताया कि राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण परियोजनाओं जैसे स्वास्थ्य साथी , खाद्य साथी , स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड और लक्ष्मी भंडार के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उनकी पार्टी के अभियान के तहत दीदीर सुरक्षा कवच संगीत वीडियो बनाया गया है। उन्होंने कहा, संगीत आम आदमी तक पहुंचने का एक सीधा माध्यम है, जो हमेशा टीएमसी के साथ खड़े होते हैं। पार्टी कार्यकर्ता अगले 60 दिनों में राज्य के सभी घरों में पहुंचकर उन्हें (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी द्वारा शुरू की गई 15 या अधिक सामाजिक कल्याण परियोजनाओं के बारे में बताएंगे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जाएगा और हर जगह अभियानों में प्रसारित होगा।

घोष ने कहा कि वीडियो का गीत पार्टी नेताओं के जन-समर्थक रुख को दर्शाता है और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा विकास पहल की झलक भी प्रस्तुत करता है। नामी संगीतकार जीत गांगुली ने गाने को अपनी आवाज दी है जिसकी पहली दो लाइन है, दीदीर चोखे सुरजो जोखों नटून अलोर खोज, सबर हाटे दीदीर सुरक्षा कवच (ममता बनर्जी ने नई रोशनी, नई सदी दिखाई है, सभी ने अपनी सुरक्षा के लिए उनके द्वारा दिए गए कवच को थामा है। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी को लोग राज्य में दीदी कहकर संबोधित करते हैं। घोष ने कहा, इस वीडियो को बहुत लगन से बनाया गया है। यही जुनून है जो हमारे सांसदों, विधायकों, पंचायत प्रतिनिधियों और जमीनी कार्यकर्ताओं को लोगों से जोड़ने के लिए प्रेरित करता है जिससे दीदीर दूत (ममता के संदेशवाहक) जरूरतमंद लोगों तक पहुंचते हैं।

घोष ने कहा, बदले में हमें जो मिल रहा है वह प्यार है। यदि वे सड़क की स्थिति या पानी की उपलब्धता के बारे में बात कर रहे हैं, तो ऐसा इसलिए है क्योंकि वे समस्या को हल करने के लिए टीएमसी पर भरोसा करते हैं। टीएमसी नेता बंगाल के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय लोगों के प्रदर्शनों संबंधी खबरों का जिक्र कर रही थीं जब दीदीर दूत ने उनसे संपर्क किया था। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए घोष ने दावा किया कि भाजपा कभी भी टीएमसी द्वारा शुरू किए गए संपर्क कार्यक्रमों की बराबरी नहीं कर पाएगी। कार्यक्रम में मौजूद टीएमसी के प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ (आईटी सेल) के प्रमुख देबांशु भट्टाचार्य ने कहा कि दीदीर सुरक्षा कवच पार्टी के खेला होबे वीडियो अभियान की तरह लोकप्रिय होगा, जिसे 2021 विधानसभा चुनाव से पहले शुरू किया गया था।

# गुजरात में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद कनिष्ठ लिपिक परीक्षा रद्द, 15 गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** कनिष्ठ लिपिकों की भर्ती के लिए रविवार को होने वाली गुजरात सरकार की प्रतियोगी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। यह परीक्षा शुरू होने के कुछ घंटे पहले रद्द की गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने वड़ोदरा से इस संबंध में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। कनिष्ठ लिपिक के।,181 पदों के लिए राज्य भर के 2,995 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा के वास्ते 9.53 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

गुजरात पंचायत सेवा चयन बोर्ड ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया और रविवार सुबह होने वाली परीक्षा के प्रश्नपत्र की एक प्रति बरामद की, जिसके बाद गुजरात पंचायत सेवा चयन बोर्ड (जीपीएसएसबी) ने उम्मीदवारों के व्यापक हित में परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया। राज्य पंचायत विभाग के विकास आयुक्त संदीप कुमार ने पत्रकारों को बताया कि परीक्षा अगले 100 दिन में आयोजित की जाएगी। गुजरात एटीएस के एक अधिकारी ने कहा कि वड़ोदरा से इस सिलसिले में 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि एजेंसी पिछले कुछ दिनों से संदिग्धों पर कड़ी नजर रख रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य एटीएस ने इसके लिए काफी सक्रिय रुख अपनाया, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित हो सके। गुजरात एटीएस के पुलिस अधीक्षक सुनील जोशी ने कहा, हमने 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जो विभिन्न राज्यों में सक्रिय है।

बोर्ड ने अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और घोषणा की कि परीक्षा जल्द से जल्द नए सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसके लिए बोर्ड एक नया विज्ञापन जारी करेगा। इस बीच, रविवार को दूर-दराज के क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों ने घटनाक्रम पर रोष जताया। पुलिस के अनुसार, कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने सड़कों को जाम कर दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस के अनुसार उनमें से कई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिरासत में लिया गया।

कुछ नाराज अभ्यर्थियों ने पेपर लीक के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों और बस स्टैंड पर पुलिस की तैनाती की गई। इस संबंध में एक अभ्यर्थी ने कहा, नियमित रूप से हो रही पेपर लीक की घटनाओं के कारण अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असहाय और अनिश्चित महसूस करते हैं। सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। हम दूर-दराज से यात्रा करके और दिक्कतों के बीच यहां तक पहुंचे और पता चला कि परीक्षा रद्द कर दी गई है। पंचायत विभाग के विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि स्थगित प्रतियोगी परीक्षा अब अगले 100 दिन में होगी। जीपीएसएसबी जल्द ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तारीखों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज की परीक्षाओं की तारीखों को ध्यान में रखते हुए नई परीक्षा तिथि की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा, बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि अगली परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपने पहचान पत्र (कॉल लेटराहॉल टिकट) के आधार पर परीक्षा केंद्रों से आने-जाने के लिए गुजरात राज्य परिवहन की बसों में नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगे।

कुमार ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में, बोर्ड ने 21,000 पदों को भरने के लिए 30 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को शामिल करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया है। उन्होंने कहा, इन परीक्षाओं में पूरी सुरक्षा, सतर्कता और देखभाल के साथ पारदर्शी तरीके से अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। राज्य में विपक्षी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की। आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने मांग की कि सरकार राज्य में पेपर लीक मामलों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करे। गढ़वी ने संवाददाताओं से कहा, एसआईटी के अलावा, हम मांग करते हैं कि सरकार विधानसभा के आगामी बजट सत्र में पेपर लीक के खिलाफ एक सख्त कानून लाए।

# लव जिहाद के खिलाफ दक्षिणपंथी संगठनों ने मुंबई में निकाला मार्च

**मुंबई।** दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद के खिलाफ रविवार को मध्य मुंबई में एक विशाल रैली निकाली और धर्मांतरण रोधी कानून बनाने और धर्म के नाम पर जमीन हड़पने वालों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। आरएसएस, बजरंग दल और विश्व वीएचपी जैसे दक्षिणपंथी संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला। सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू जन आक्रोश मार्च, मध्य मुंबई में दादर के शिवाजी पार्क से शुरू हुआ और चार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए परेल के कामगार मैदान में समाप्त हुआ। कार्यकर्ताओं ने ैलव जिहादै के खिलाफ नारेबाजी की और धर्मांतरण रोधी कानून बनाने और धर्म के नाम पर जमीन हड़पने पर कार्वाई की मांग की। रैली में भाजपा और मुख्यमंत्री शिंदे के शिवसेना गुट के कई नेता और विधायकों ने भी हिस्सा लिया। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मार्च के रास्ते में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।



श्रीनगर में एनआईए टीम हुर्रियत कांफ्रेंस के आफिस में जांच करने पहुंची।

# आरएसएस के पदाधिकारी देवबंद, मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुसलमान समुदाय** तक पहुंच बढ़ाने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रयासों के तहत संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी आगामी दिनों में देवबंद और बरेली के मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात करेंगे और उनके साथ विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुलाकात के लिए तारीख आपसी सहमति से तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि केरल में वरिष्ठ मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं के साथ भी जल्द ही एक बैठक होगी। इससे पहले 14 जनवरी को भी संघ के सदस्यों ने मुस्लिम आध्यात्मिक नेताओं से मुलाकात की थी और काशी एवं मथुरा में मंदिर और घृणा पैदा करने वाली सामग्री एवं भाषण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी।

इससे पहले संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने पिछले साल 22 अगस्त को समुदाय के पांच प्रमुख सदस्यों के साथ मुलाकात की थी। सूत्रों ने बताया कि अगस्त की बैठक दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग के आवास पर हुई थी और आरएसएस का प्रतिनिधित्व करने वालों में सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, राम लाल और इंद्रेश कुमार भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने काशी और मथुरा मंदिर के मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर बात की थी। बैठक में अजमेर दरगाह के सलमान चिश्ती के अलावा जमात-ए-इस्लामी हिंद और जमीयत उलमा-ए-हिंद सहित प्रमुख मुस्लिम निकायों के प्रतिनिधि मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्ष बातचीत की प्रक्रिया जारी रखने और विवादित मुद्दों का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर सहमत हुए थे।

# धर्मांतरण मामले की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ से सुनवाई की मांग को लेकर न्यायालय में नई अर्जी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक नई अर्जी दायर कर आग्रह किया गया है कि कथित जबरन धर्मांतरण से जुड़े मामलों को पांच-सदस्ईय संविधान पीठ के समक्ष रखा जाए, क्योंकि इनमें संविधान की व्याख्या शामिल है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्ईय पीठ सोमवार को कई राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों के खिलाफ विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। ए कानून अंतर-धार्मिक विवाहों के कारण धर्मांतरण और कथित जबरन धर्मांतरण से संबंधित मामलों का नियमन करते हैं। नई अर्जी वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है, जो पहले से याचिका दायर करने वालों में शामिल हैं। उन्होंने यह कहते हुए याचिकाओं को एक बड़ी पीठ को भेजने का अनुरोध किया है कि इसमें कानून के कई प्रश्न शामिल हैं, जिनकी संविधान के दायरे में व्याख्या की आवश्यकता है।

शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी को विभिन्न राज्यों के धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाले पक्षकारों से इस मुद्दे पर विभिन्न उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में मामलों को स्थानांतरित करने के लिए एक आम याचिका दायर करने को कहा था। इसने एक पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सभी याचिकाओं को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक आम याचिका दायर करने को कहा था। शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे की दलीलों का संज्ञान लिया था कि उपाध्याय द्वारा दायर याचिकाओं में से एक, ईसाइयों और मुसलमानों पर आक्षेप लगाती है और उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार को आपत्तिजनक अंश हटाने के लिए एक औपचारिक याचिका दायर करने के लिए कहा था।

दातार ने हालांकि कहा कि वह कथित सामग्री पर जोर नहीं दे रहे हैं। कथित जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ उपाध्याय की याचिका पहले न्यायमूर्ति एमआर शाह की अगुवाई वाली एक अन्य पीठ द्वारा सुनी जा रही थी, जिसे हाल ही में सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया था।

एक मामले में पीठ की सहायता कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि उच्च न्यायालयों को स्थानीय कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा था कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष कम से कम पांच, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष सात, गुजरात और झारखंड उच्च न्यायालयों के समक्ष दो-दो, हिमाचल प्रदेश के समक्ष तीन और कर्नाटक एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालयों के समक्ष एक-एक याचिका थी।

# मिराज का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिला, सुखोई का आधा

**भाषा।** मुरैना (मप्र)

मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों (एक सुखोई-30 एमकेआई और एक मिराज-2000) में से एक विमान का पूरा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) मिला है, जबकि दूसरे विमान के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का आधा हिस्सा ही मिला है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। भारतीय वायु सेना की टीमों ने पहाड़गढ़ के जंगली क्षेत्र का अध्ययन और निरीक्षण किया, जहां शनिवार को ए दो लड़ाकू विमानों का मलबा गिरा था। मालूम हो कि मुरैना जिले में शनिवार को भारतीय वायुसेना के ए दो लड़ाकू विमान एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जिसमें मिराज विमान के पायलट विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी की मौत हो गई, जबकि सुखोई विमान के दो पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गए थे और उन्हें घायल अवस्था में एक सैन्य अस्पताल ले जाया गया था।

मुरैना जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, मिराज का ब्लैक बॉक्स मुरैना जिले के पहाड़गढ़ इलाके में मिला है। सुखोई विमान के ब्लैक बॉक्स का आधा हिस्सा भी पहाड़गढ़ इलाके में मिला है। हो सकता है कि इसके ब्लैक बॉक्स का शेष हिस्सा पहाड़गढ से सटे राजस्थान के भरतपुर में गिरा होगा। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना, पुलिस और अन्य लोग सुखोई के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर के शेष हिस्से की तलाश कर रहे हैं। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर एक छोटी मशीन है जो उड़ान के दौरान एक विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करती है और इसका उपयोग दुर्घटना के कारणाकारणों का पता लगाने के लिए किया जाता है।

पहाड़गढ़ इलाके के पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र गौर ने कहा कि जिस जंगली इलाके में इन दोनों विमानों का मलबा गिरा, उसकी घेराबंदी कर दी गई है। उन्होंने कहा, यहां तक कि पुलिस को भी घेराबंदी क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वायुसेना के अधिकारी वहां मौजूद हैं। मीडिया कर्मियों को भी क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं है। गौर से जब पूछा गया कि क्या मृतक पायलट की पत्नी पहाड़गढ़ आकर मलबे वाली जगह का दौरा कर सकती हैं तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, वायुसेना इस मामले को देख रही है और जहां इन विमानों का मलबा गिरा है, उस इलाके की घेराबंदी की गई है एवं वायुसेना ने इस इलाके को अपने कब्जे में लिया है।

रक्षा विशेषज्ञों ने कहा था कि यह संभव है कि रूस में डिजाइन किए गए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और फ्रांसीसी मिराज-2000 के बीच आसमान में टक्कर हुई हो, लेकिन भारतीय वायुसेना की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। अधिकारियों के अनुसार, हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## विंग कमांडर हनुमंत सारथी का बेलगावी में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**बेलगावी (कर्नाटक)।** मध्य प्रदेश में सुखोई-30एमकेआई और मिराज-2000 विमान दुर्घटना में मरने वाले विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ कर दिया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में शनिवार को एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के दो अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें विंग कमांडर सारथी की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। तिरंगा में लिपटे सारथी के पार्थिव शरीर को वायुसेना के एक विशेष विमान से मुरैना से बेलगावी लाया गया और बाद में उसे गणेशपुर स्थित उनके घर ले जाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा और कांग्रेस विधायक लक्ष्मी हेब्बलकर सहित कई लोगों ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद शाम को पूरे सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (टीएसी-डीई) के प्रशिक्षक विंग कमांडर सारथी के पैतृक आवास पर लोग शोकाकुल नजर आए। उनके असामयिक निधन से परिजन व रिश्तेदार दुखी हैं। पैंतीस-वर्षीय पायलट के परिवार में उनकी पत्नी, तीन साल की बेटी और एक साल का बेटा है। आईएएफ अधिकारी सारथी के पिता रेवानसिद्दप्पा सारथी एक सेवानिवृत्त मानद कप्तान हैं और जबकि उनके भाई प्रवीण सारथी सेवारत ग्रुप कैप्टन हैं।



# बेल बजाकर योगी ने किया भारत-न्यूजीलैंड मैच का शुभारंभ

## गुब्बारे उड़ाकर किया उद्घाटन, कुछ देर रुककर मैच का लिया आनन्द

● इकाना स्टेडियम में मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तानों से मिले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को सीएम योगी ने बेल बजाकर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी.20 इंटरनेशनल मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मैच के रेफ्री जवागल श्रीनाथ एवं भारतीय टीम के पूर्व कोच एवं कॉमेंटेटर रवि शास्त्री ने भी बेल बजायी। इससे पहले सीएम योगी ने इकाना स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या और न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों कप्तानों ने सीएम योगी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। मैदान पर ही सीएम योगी ने गुब्बारे उड़ाकर मैच का उद्घाटन किया और फिर बेल बजायी। इस दौरान स्टैंड में बैठे दर्शकों ने भी शोर मचाकर सीएम का स्वागत किया तो सीएम ने भी दर्शकों का अभिवादन किया। इसके बाद सीएम योगी ने वीआईपी स्टैंड में बैठकर कुछ देर तक मैच का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी के साथ पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्माए सीएम के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयलए प्रमुख सचिव सीएमए गृह एवं सूचना संजय प्रसादए अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगलए डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान और लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब समेत तमाम बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।



# यूएई में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगा अफगानिस्तान

**दुबई ( भाषा )।** अफगानिस्तान तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दौरा करेगा जिसका पहला मैच 16 फरवरी को खेला जाएगा। इस श्रृंखला का आयोजन इन दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच आपसी समझौते के तहत किया जा रहा है। इस समझौते पर पिछले साल नवंबर में हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के तहत अमीरात क्रिकेट बोर्ड अफगानिस्तान को अपने घरेलू मैचों के आयोजन के लिए सभी तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा। अफगानिस्तान ने यूएई के खिलाफ होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए स्टार स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में 22 सदस्यीय टीम का चयन किया है। श्रृंखला के मैच 16, 18 और 19 फरवरी को खेले जाएंगे।

# भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच

**भाषा।** लखनऊ

**स्पिनरों** की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को यहां कम स्कोर वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला।–। से बराबर कर दी। न्यूजीलैंड के 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यकुमार यादव (31 गेंद में नाबाद 26, एक चौका) की मैच की सर्वश्रेष्ठ पारी और कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद में नाबाद 15, एक चौका) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 31 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। सूर्यकुमार मैच में 20 रन के आंकड़े को छूने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे।

गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि भारतीय सरजमीं पर पहली बार किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान कोई छक्का नहीं लगा। पूरे मैच में सिर्फ 14 चौके लगे जिसमें से आठ भारतीय बल्लेबाजों ने जबकि छह न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने लगाए। मैच में स्पिनरों ने 30 ओवर डाले जो इस प्रारूप में नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय स्पिनरों युजवेंद्र चहल (चार रन पर एक विकेट), दीपक हुड्डा (17 रन पर एक विकेट), वाशिंगटन सुंदर (17 रन पर एक विकेट) और कुलदीप यादव (17 रन पर एक विकेट) ने मिलकर 13 ओवर में 55 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड की टीम आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी जो इस प्रारूप में टीम इंडिया के खिलाफ उसका सबसे कम स्कोर है। अर्शदीप सिंह (सात रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड की ओर से कप्तान मिशेल सेंटनर ने सर्वाधिक नाबाद 19 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभमन गिल (11) और इशान किशन (19) की जोड़ी को स्पिनरों ने परेशान किया। इशान को तेजी से स्पिन होती गेंद के खिलाफ परेशानी हो रही थी लेकिन गिल ने जेकब डफी और सेंटनर पर चौके मारे। गिल हालांकि माइकल ब्रेसवेल की गेंद को हवा में खेलकर डीप स्क्वायर लेग पर फिन एलेन को कैच दे बैठे। इशान ने ब्रेसवेल पर चौका जड़ा और राहुल त्रिपाठी के साथ मिलकर पावर प्ले में स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। इशान ने ग्लेन फिलिप्स पर भी चौका मारा जबकि त्रिपाठी ने ईश सोढ़ी का स्वागत चौके के साथ किया। इशान हालांकि नौवें ओवर में गैरजरूरी दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुए। भारत के 50 रन 11वें ओवर में पूरे हुए लेकिन त्रिपाठी इसी ओवर में सोढ़ी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर डेरिल मिशेल को आसान कैच दे बैठे।

वाशिंगटन सुंदर 10 रन बनाने के बाद सूर्यकुमार यादव के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुए। भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 27 रन की जरूरत थी। अगले दो ओवर में नौ रन बने जिससे भारत को अंतिम तीन ओवर में 18 रन की दरकार थी। पंड्या ने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन पर चौके के साथ दबाव कम किया। अंतिम ओवर में भारत को छह रन चाहिए थे और गेंद ब्लेयर टिकनर के हाथों में थी। पहली तीन गेंद पर सिर्फ दो रन बने। तीसरी गेंद पर सूर्यकुमार भाग्यशाली रहे जब गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। सूर्यकुमार ने हालांकि पांचवीं गेंद पर चौके के साथ भारत को जीत दिला दी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 28 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों फिन एलेन (11) और डेवोन कॉनवे (11) के विकेट गंवा दिए। चौथे ओवर में लेग स्पिनर चहल की गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में एलेन चूक गए और गेंद उनके पिछले पैर से टकराकर विकेटों में समा गई। अगले ओवर में वाशिंगटन की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में कॉनवे ने विकेटकीपर इशान किशन को आसान कैच थमाया। न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में दो विकेट पर 33 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंड्या (25 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में गेंद कामचलाऊ स्पिनर हुड्डा को थमाई और उनकी ऑफ स्पिन गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में ग्लेन फिलिप्स (05) भी बोल्ड हो गए। मार्क चैपमैन (14) और डेरिल मिशेल (08) कुछ देर विकेट पर डटे रहे लेकिन कुलदीप यादव ने 10वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिशेल को बोल्ड करके न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 48 रन कर दिया। पारी के 13वें ओवर में चैपमैन ने भी हुड्डा की गेंद को रिवर्स स्वीप किया जो शॉर्ट थर्डमैन पर कुलदीप के पार पहुंची। चैपमैन रन लेने के लिए आगे निकल आए और कुलदीप के थ्रो पर इशान ने उन्हें आसानी से रन आउट कर दिया। माइकल ब्रेसवेल (14) और सेंटनर ने छठे विकेट के लिए 20 रन की पारी की दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी की। पंड्या ने 17वें ओवर में ब्रेसवेल को फाइन लेग पर अर्शदीप के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। अर्शदीप ने अगले ओवर में ईश सोढ़ी (01) और लॉकी फर्ग्युसन (00) को पवेलियन भेजा।




# जर्मनी ने बेल्जियम को हराकर तीसरी बार हॉकी विश्व कप जीता




**भाषा।** भुवनेश्वर

**जर्मनी** ने वैश्विक हॉकी में बेल्जियम के पिछले पांच साल के दबदबे को खत्म करते हुए दो गोल से पिछड़ने के बार एक बार फिर शानदार वापसी कर रविवार को यहां गत चैंपियन टीम को पेनल्टी शूट आउट में हराकर तीसरी बार एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व का खिताब जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में नियमित समय के बाद दोनों टीम 3–3 से बराबर थी लेकिन इसके बाद जर्मनी की टीम ने खचाखच भरे कलिंग स्टेडियम में सडन डेथ में 5–4 से जीत दर्ज की। जर्मनी के लिए नियमित समय में निकलास वेलेन (29वें मिनट), गोंजालो पेइलाट (41वें मिनट) और कप्तान मैट्स ग्रेमबुश (48वें मिनट) ने गोल दागे। गत चैंपियन बेल्जियम की ओर से फ्लोरेंट वेन ओबेल फ्लोरेंट (10वें मिनट), टेंगास कोसिन्स (11वें मिनट) और टॉम बून (59वें मिनट) में गोल दागे। मौजूदा टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका है जब जर्मनी ने 0–2 से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की जो टीम की मानसिक मजबूती और कभी हार नहीं मानने के रवैए का परिचायक है। जर्मनी ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो गोल से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की थी। जर्मनी ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की बराबरी करते हुए अपने विश्व खिताब की संख्या को तीन तक पहुंचाया। जर्मनी ने इससे पहले 2002 और 2006 में भी खिताब जीते थे।

पुरुष हॉकी विश्व कप में सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम दर्ज है जिसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है। बेल्जियम ने मैच में शानदार शुरुआत की। वेन ओबेल ने 10वें मिनट में ही मैदानी गोल दागकर बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि अगले ही मिनट में कोसिन्स ने स्कोर 2–0 कर दिया। बेल्जियम के पास दूसरे क्वार्टर के पहले मिनट में स्कोर 3–0 करने का मौका था लेकिन जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टेडलर ने पेनल्टी कॉर्नर पर गॉथियर बोकार्ड के प्रयास को नाकाम किया। जर्मनी के टॉम ग्रेमबुश ने 19वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करने का मौका गंवाया। वेलेन ने पेनल्टी कॉर्नर वेरिएशन पर गोल दागकर जर्मनी को वापसी दिलाई। मध्यांतर के समय बेल्जियम टीम की 2–। से आगे थी। जर्मनी ने 40वें मिनट में बराबरी करने का मौका गंवाया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ पेइलाट ने अगले ही मिनट में गोल दागकर स्कोर 2–2 कर दिया। कप्तान मेट्स ग्रेमबुश ने चौथे क्वार्टर के तीसरे मिनट में जर्मनी को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। जब लग रहा था कि जर्मनी की टीम नियमित समय में जीत दर्ज कर लेगी तब बून ने 59वें मिनट में गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

## कप्तान ब्रिंकमैन चमके, नीदरलैंड ने आस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता


**भुवनेश्वर ( भाषा )।** कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन के दो गोल की मदद से नीदरलैंड ने रविवार को यहां आक्रामक प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया को 3–। से हराकर एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। ब्रिंकमैन ने 35वें और 40वें मिनट में दो गोल किए जबकि टीम के लिए एक अन्य गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ जिप जानसेन ने 33वें मिनट में दागा। आस्ट्रेलिया के लिए एकमात्र गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेष जेरेमी हेवार्ड ने 13वें मिनट में दागा। नीदरलैंड ने इस तरह लगातार चौथी दफा पोडियम स्थान हासिल किया और टीम इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में आस्ट्रेलिया के बराबर हो गई है। नीदरलैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के अब विश्व कप के 15 चरण में 10–10 पदक हैं। नीदरलैंड की टीम 2010 में तीसरे स्थान पर रही थी जबकि 2014 और 2018 में उप विजेता बनी थी। उसने 1973, 1990 और 1998 में स्वर्ण पदक जीता था। तीन बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया के लिए 1998 चरण के बाद यह पहला मौका है जब वह बिना पदक स्वदेश लौटेगी। 1998 में टीम चौथे स्थान पर रही थी। पिछले चरण में उसने यहां कांस्य पदक जीता था।

# नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं हैंड्सकोंब

**सिडनी ( भाषा )।** आस्ट्रेलियाई मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने संकेत दिया कि टीम नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पीटर हैंड्सकोंब को शामिल करने पर विचार कर रही है।

कैमरन ग्रीन अगर श्रृंखला के लिए समय पर नहीं उबर पाते हैं तो आस्ट्रेलिया हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की काबिलियत को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतार सकता है। आल राउंडर ग्रीन उंगली में फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जिनके साथ हैंड्सकोंब को भी टीम में चुना गया है। मैकडोनल्ड ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा, वह वास्तव में काफी महत्वपूर्ण खिलाडी है। पिछले कुछ समय में यह साफ दिख चुका है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है। हैंड्सकोंब और ग्रीन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिए बनाई गई पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे हैं ताकि भारत में परिस्थितियों से सांमजस्य बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल क्वालीफिकेशन तय होगा।

हैंड्सकोंब 2017 में भारत के पिछले दौरे पर भी टीम के साथ थे, साथ ही वह टीम में विकेटकीपर का विकल्प भी मुहैया कराते हैं। उन्होंने कहा, वह धीमी पिचों पर शील्ड क्रिकेट में काफी रन जुटा चुका है। वह विकेटकीपिंग भी कर लेता है, इसलिए इससे हमें जोश (इंग्लिस) के नहीं होने पर हर विकल्प मिलता है और अगर एलेक्स कैरी को कुछ भी होता है तो हमारे पास विकल्प हैं। उन्होंने कहा, हमें उसमें दाएं हाथ के बल्लेबाज का महत्वपूर्ण विकल्प मिलता है। हमारी टीम में काफी बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं इसलिए उन्हें शामिल करने का यह महत्वपूर्ण विकल्प है। अगर कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं हो पाते हैं तो हमें लगता है कि हमारे पास कुछ अच्छे विकल्प हैं।



# जोकोविच ने 10वां आस्ट्रेलियाई ओपन और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता

**मेलबर्न ( एपी )।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यहां रॉड लेवर एरीना में पुरूष एकल फाइनल में स्टेफानोस सिटसिपास को 6–3 7–6(4) 7–6(5) से हराकर 10वीं आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियनशिप और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीत लिया। जोकोविच ने मैच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मौकों पर काफी अच्छा खेल दिखाया और इस जीत से वह एटीपी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। अब हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में उनकी जीत की लय 28 मैच की हो गई है। एक साल पहले वह आस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे क्योंकि उन्हें कोविड–19 का टीकाकरण नहीं करवाने के कारण देश से निर्वासित कर दिया गया था। लेकिन तब से सरकार की पांबदियां कम हो गई हैं और इस 35 साल के खिलाड़ी को टीकाकरण नहीं करवाने के बावजूद इस बार वीजा मिल गया। जोकोविच के नाम पहले ही नौ आस्ट्रेलियाई ओपन ट्राफियां जीतने का रिकॉर्ड था जिसमें उन्होंने एक और खिताब जोड़ दिया।
उनकी 22 मेजर चैम्पियनशिप में सात विम्बलडन, तीन अमेरिकी ओपन और दो फ्रेंच ओपन की ट्राफियां शामिल हैं। अब वह टेनिस इतिहास में सबसे ज्यादा 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले रफेल नडाल के साथ बराबरी पर पहुंच गए हैं।

# चेक गणराज्य की जोड़ी ने जीता आस्ट्रेलियाई ओपन का महिला युगल खिताब

**एपी।** मेलबर्न

**चेक** गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और बारबोरा क्रेजिसकोवा ने रविवार को यहां जापान की शुको आओयामा और एना शिबहारा को 6–4, 6–3 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की जोड़ी ने इस जीत से ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंटों में अपना विजय अभियान 24 मैच तक पहुंचा दिया है। यह उनका सातवां ग्रैंडस्लैम युगल खिताब है। उन्होंने दोनों सेट के शुरुआती गेम में जापानी जोड़ी की सर्विस तोड़ी। चेक गणराज्य की जोड़ी ने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में महिला युगल का खिताब जीता था। सिनियाकोवा ने खिताबी जीत के बाद कहा, मेरी जोड़ीदार बारबोरा का बहुत–बहुत आभार। मुझे बहुत खुशी है कि हम फिर से खिताब जीतने में सफल रहे। यह सफर शानदार रहा है। आओयामा और शिबहारा की जोड़ी 10वीं बार फाइनल में खेल रही थी लेकिन किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में यह उनका पहला फाइनल था। शिबहारा ने कहा, यह बेहद करीबी मुकाबला था लेकिन निश्चित तौर पर हमारी विरोधी टीम ने अच्छा खेल दिखाया। यह अलग तरह का अनुभव था।



# जीपी इलेवन ने जीती ट्रॉफी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रथम सुपर** सिक्स चैलेंजर ट्रॉफी के फाइनल मैच का आयोजन सहारा स्टेट जानकीपुरम ग्राउंड पर खेला गयाएफाइनल मुकाबले में क्रिकेट बडीज क्लब को जीपी इलेवन ने नौ विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। क्रिकेट बडीज के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लियाए शैलेन्द्र ने ताबातोड़ 57 रन बनाए औरसौरभ की 48 रनो की सधी हुई पारी की बदौलत क्रिकेट बडीज ने 164 रन का लक्ष्य रखाएजीपी इलेवन की ओर से संजय सिंह और अमित ने किफायती गेंदबाजी करते तीन तीन विकेट लिए।जवाब में जीपी इलेवन ने सनी और हिमांशु की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर और तीन गैंदो में आवश्यक रन बना लिए।सनी ने नाबाद 80 और हिमांशु ने नाबाद 68 रनो की पारी खेली। सनी की शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार प्रदान किया गया।फाइनल मैच में मुख्य अतिथि इमरानुल हक़ क्रीड़ा अधिकारी पावर कारपोरेशन और एस एम अरशद (सचिव पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन) ने खिलाड़ियों को पुरुस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। टूर्नामेंट में मैन ऑफद सीरीज अमित सिंहएबेस्ट बैट्समैन हिमांशु और बेस्ट बॉलर पियूष रहे।

